राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार ,14 अप्रैल 2025
वर्ष 06,अंक 195, पृष्ट 12,मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

जयपुर में कार-ट्रेलर की टक्कर में 5 की मौत.....08

यमुना एक्सप्रेस वे पर कुशीनगर से जम्मू जा रहे यात्रियों लूटी थी कार.....12

# कोर्ट ने मुख्य आरोपी सैदुल अमीन को सात दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा




जालंधर। पंजाब के जालंधर में पूर्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोरंजन कालिया के आवास पर ग्रेनेड हमले के मामले में गिरफ्तार आरोपी सैदुल अमीन का पुलिस ने रविवार को सिविल अस्पताल में मेडिकल कराया। इसके बाद उसे जज आकाशदीप की अदालत में पेश किया। पुलिस ने कोर्ट से आरोपी की 10 दिन की रिमांड मांगी, लेकिन कोर्ट ने सात दिन की रिमांड मंजूर की। पुलिस ने शनिवार को आरोपी सैदुल अमीन को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। बता दें कि आरोपी सैदुल अमीन ने 7-8 अप्रैल की मध्यरात्रि को भाजपा नेता मनोरंजन कालिया के आवास पर ग्रेनेड हमला किया था। अभिजोत ने इस हमले के लिए धन उपलब्ध कराया था। हरियाणा पुलिस ने फिरौती के एक मामले में मुठभेड़ के दौरान अभिजोत को गिरफ्तार किया, जिसमें वह गोली लगने से घायल हो गया था। अभिजोत वर्तमान में अस्पताल में भर्ती है, जहां उसका इलाज चल रहा है। डीजीपी गौरव यादव ने शनिवार को बताया था कि अभिजोत ने ही हैरी को ऑनलाइन फंडिंग प्रदान की थी। वहीं, सैदुल अमीन को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में अभी कुछ अन्य गिरफ्तारियां होनी बाकी हैं। आईएसआई एजेंसी द्वारा पंजाब में अशांति फैलाने की साजिश के तहत ये हरकतें की जा रही हैं। डीजीपी ने पुष्टि की कि अभिजोत ने ही हमले के लिए फंडिंग की थी। उत्तर प्रदेश और दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर आरोपियों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई की गई। अब अभिजोत से पूछताछ की जाएगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसे रहने और अन्य सहायता के लिए किसने मदद प्रदान की थी। हरियाणा में अभिजोत के एनकाउंटर के बारे में डीजीपी ने बताया था कि उसके तार अमेरिका में रहने वाले भानु प्रताप राणा से जुड़े हैं। बता दें कि भाजपा मनोरंजन कालिया के घर पर ग्रेनेड हमले के मामले में पुलिस ने शनिवार को मुख्य आरोपी सैदुल अमीन को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। वहीं, रविवार सुबह जालंधर के शेखे गांव के पास पुलिस को विस्फोटक सामग्री मिलने की सूचना मिली। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और कुछ संदिग्ध सामान बरामद किया। हालांकि, पुलिस ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। सूत्रों के मुताबिक, बरामद सामग्री का तार मनोरंजन कालिया के घर पर हुए हमले से जुड़ा है।

## मोदी 14 को करेंगे महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट से हवाई सेवाओं की शुरुआत, सीएम ने लिया तैयारियों का जायजा



**हिसार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को हिसार के महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट से हवाई सेवाओं का विधिवत शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में किसी प्रकार की कमी न रहे और सभी व्यवस्थाएं समय पर तथा सुचारू रूप से पूर्ण की जाएं। नायब सिंह सैनी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान एयरपोर्ट टर्मिनल के दूसरे चरण का शिलान्यास भी किया जाएगा। इसी अवसर पर यहां से अयोध्या के लिए पहली उड़ान रवाना होगी। प्रधानमंत्री इस अवसर पर एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एयरपोर्ट न केवल हिसार, बल्कि आसपास के जिलों के लिए भी एक महत्वपूर्ण सौगात साबित होगा। हवाई सेवाओं के शुरू होने से क्षेत्रीय व्यापार, पर्यटन और निवेश को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह दौरा हरियाणा के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर गंगवा, हांसी के विधायक विनोद भ्याना और नलवा के विधायक रणधीर पनिहार भी उपस्थित थे। इसके उपरांत, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हिसार के लघु सचिवालय में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी।

# बस्ती में घर में लगी आग से परिवार जिंदा जला

## मां और बेटे-बेटी की मौत, पिता की हालत गंभीर

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती में शॉर्ट सर्किट से लगी आग में परिवार के तीन लोग जिंदा जल गए. रविवार तड़के करीब 3 से 4 बजे के बीच आग लगी, जिसमें मां, बेटी और एक मासूम की मौत हो गई है. हादसे में बुरी तरह से झुलसे पिता की हालत गंभीर है और उसे अयोध्या मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है. घटना बस्ती जिले के हरैया थाना क्षेत्र में अंजहिया बाजार की है. आग से मौत की जानकारी मिलने पर मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंचे। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक, हरैया थाना क्षेत्र के अंजहिया बाजार में सुनील केसरवानी जनरल स्टोर की दुकान चलाते हैं। इसी इमारत की दूसरी मंजिल पर उनका परिवार रहता है। शनिवार की रात परिवार रोज की तरह सो रहा था। तभी भोर में अचानक घर के अंदर शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। कमरे में आग की लपटें फैलती चली गई। जब तक सुनील केसरवानी और उनके परिवार को इस बात की जानकारी हो पाती और वे मदद पाते, तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। देखते ही देखते आग की वजह से कमरे में धुआं भर गया. इस वजह से कमरे में मौजूद पूरे परिवार का दम घुटने लगा. पिता सुनील और उनकी पत्नी पूजा अपने दो छोटे बच्चों सौरवी ( 1.5 ) साल और 6 महीने का बेटा बाबू बेहोश हो गए. हादसे में सुनील की पत्नी पूजा, बेटी सौरवी और बेटे बाबू की मौत हो गई। आग जानकारी होने पर निचली मंजिल पर रहने वाले सुनील के बड़े भाई पहुंचे और किसी तरह से सभी को बाहर निकाला. मगर, तब तक काफी देर हो चुकी थी और तीन की मौत हो चुकी थी. सिर्फ सुनील की सांसें चल रही थीं, जिसे तत्काल स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया. वहां हालत गंभीर देखते हुए उसे अयोध्या रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी होने पर हरैया तहसील के एसडीएम मनोज कनौजिया और डीएसपी संजय सिंह पहुंचे. घटना के बाबत जानकारी हासिल की. मृतक के परिजनों मुताबिक घटना शॉर्ट सर्किट से होना बताया गया है. वहीं, घटना के बाद उनके परिवार के सदस्य जो बचाने पहुंचे थे, उनमें भी 4 लोग झुलस गए हैं. सभी का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरैया कराया जा रहा है. सुनील के बड़े भाई ने बताया कि उन्हें जानकारी ही नहीं हो पाई कि आग लगी है. काफी देर बाद जब हल्ला मचा तो वे दौड़कर ऊपरी मंजिल पर गए. परिवार के सभी लोगों को बाहर निकाला।









## संक्षिप्त ख़बरें

### ग्रामीणों को बताया सरकार की उपलब्धियां

**मथुरा।** कस्बा राया में भाजपा के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित गांव चलो अभियान के अंतर्गत भाजपा मंडल अध्यक्ष रामकुमार उपाध्याय के निर्देशन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कस्बे में लोगो को शांति सुरक्षा सुशासन एवं भाजपा सरकार द्वारा गरीबो किसानों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन राकेश शर्मा, भूपेश अग्रवाल, मुकेश पाठक, संजय गोयल, मुकेश अग्रवाल, मोनू अग्रवाल, चंद्रमोहन अग्रवाल आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बिना अनुमति हो रही नौटंकी में हुई चाकू बाजी में एक युवक घायल हवाई फायरिंग से मची भगदड़

**अहिरोरी/ हरदोई।** ब्लॉक अहिरोरी क्षेत्र के अंतर्गत बडी अहिरी में बिना प्रशासनिक अनुमति के हो रही नौटंकी कार्यक्रम में रात डेढ़ बजे किसी बात को लेकर उस समय अफरा-तफरी मच गई और बात इतनी बढ़ गई जब गोलू नामक युवक ने बिबेक पर धारधार हथियार से हमला कर दिया विवेक गंभीर रूप से घायल हो गया विवेक को आनन-फानन में सीएचसी अहिरोरी ले जाया गया। वहां पर प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। विवाद के दौरान कुछ लोगों ने हवाई फायरिंग भी की जिससे गांव में भगदड़ मच गई सूचना मिलते ही बघौली पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को समझा बुझाकर कार्यक्रम को बंद करा दिया। इस घटना के संबंध में सी ओ बघौली प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि क्षेत्र में तनाव को देखते हुए धारा 144 लागू हैं बिना अनुमति के ऐसे कार्यक्रम नहीं किए जा सकते स्थिति सामान्य है। सुरक्षा कारणों से आसपास के गांव थोकमाधव में भी चल रही नौटंकी कार्यक्रम को रोक दिया गया है पुलिस ने माइक से घोषणा की है कि बिना अनुमति कोई भी सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं हो सकता फिलहाल पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। घायल युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है पुलिस कार्रवाई कर जांच में जुट गई है।

# समस्तीपुर में ट्रैक्टर की चपेट में आने से फर्नीचर मिस्त्री की दर्दनाक मौत

स्वतंत्र प्रभात

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर में रविवार की सुबह ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक फर्नीचर मिस्त्री की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान बंगड़ा के गणेश शर्मा के पुत्र 25 वर्षीय राजा शर्मा के रूप में हुई है। घटना जिले के बंगरा थाना क्षेत्र के रहीमाबाद कॉलेज के पास की है। सूचना पर पहुंची बंगड़ा थाने की पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और घटना की जांच में जुटी है। घटना के संबंध में मृतक का चाचा अमरेश शर्मा ने बताया कि उनका भतीजा राजा सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान ताजपुर की ओर से आ रही एक ट्रैक्टर ने उन्हें ठोकर मार दी। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद ट्रैक्टर चालक मौके पर ही ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज



### ट्रैक्टर छोड़ चालक हुआ फरार

दिया है। पुलिस ने घटनास्थल से दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। बताया गया कि मृतक घर के पास ही फर्नीचर बनाने का काम करता था उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। इस मामले में बंगरा थाना अध्यक्ष मनीषा कुमारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस को मौके पर भेजा गया था। मृतक का शव जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। घटना को लेकर एक प्राथमिक की दर्ज की जा रही है।

## विन्ध्याचल धाम में मोहनलालगंज के ब्लॉक प्रमुख द्वारा पुनः 15 दिन अनवरत आयोजित हुआ भंडारा

### शनिवार को पंडा भोज के साथ हुआ भंडारे का समापन



स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** विगत वर्षों की भांति इस बार भी मां विन्ध्याचल धाम में विन्ध्यवासिनी परिवार के मुखिया व मोहनलालगंज ब्लॉक के प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला विन्धेश्वरी व विन्ध्यवासिनी परिवार द्वारा लगातार विन्ध्यवासिनी सेवा आश्रम में 15 दिनों तक विशाल भंडारे का आयोजन हुआ रोजाना कन्या पूजन के साथ भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया ओम प्रकाश शुक्ला ने बताया यह आयोजन लगातार 30 वर्षों से चल रहा है वही शनिवार को विन्ध्यवासिनी धाम के पंडा भोज के साथ भंडारे का समापन हुआ ओम प्रकाश शुक्ला ने कहा कि विन्ध्यवासिनी सेवा आश्रम में आये हुए श्रद्धालुओं की निशुल्क रूकने व ठहरने की व्यवस्था भी है।

**आयोजन** एक देश, एक चुनाव : बेंती ग्राम में लोकतंत्र के नव स्वरूप पर चिंतन

# एक देश एक चुनाव कानून परिवारवाद की राजनीति पर करेगा प्रहार : राकेश त्रिपाठी

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के सांसद आदर्श ग्राम बेंती में रविवार को एक देश, एक चुनाव विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमित तिवारी द्वारा किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरोजनीनगर मंडल अध्यक्ष व महामंत्री प्रदीप त्रिवेदी सोनू ने की। आगंतुकों का पारंपरिक सम्मान करते हुए पुष्पमाला व अंगवस्त्र भेंट किए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ कवि अतुल बाजपेयी ने अपनी ओजस्वी कविता से मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त किया। राकेश त्रिपाठी ने अपने वक्तव्य में एक देश, एक चुनाव की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा






कि,भारत में 1952 से 1967 तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ आयोजित होते रहे, लेकिन समय के साथ यह क्रम टूट गया। 1984 में बनी सरकार ने भी अपने घोषणा पत्र में इस विचार को आवश्यक बताया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक साथ चुनाव होने से देश की विकास प्रक्रिया में गति आएगी, योजनाओं में निरंतरता बनी रहेगी और राजकोष पर होने वाला अनावश्यक व्यय भी नियंत्रित होगा। इससे विकास बजट में 40 प्रतिशत तक वृद्धि की संभावनाएं बनती हैं। त्रिपाठी ने यह भी कहा कि एक साथ चुनाव, परिवारवाद की राजनीति पर भी प्रहार करेगा और लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत बनाएगा। उन्होंने वक्फ बोर्ड कानून पर भी विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार योजनाओं में किसी भी प्रकार का सांप्रदायिक या जातिगत भेदभाव नहीं करती, बल्कि सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ कार्य करती है। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों विशेषकर बुजुर्गों ने राकेश त्रिपाठी को आशीर्वाद देते हुए कहा, आप जहाँ भी जाएंगे, अपनी ओजस्वी वाणी और जनसेवा की भावना से विजय अवश्य प्राप्त करेंगे। इस सार्थक संवाद में भाजपा नेता अमित दीक्षित, मंडल महामंत्री सोनू त्रिवेदी, बूथ अध्यक्ष राजू शुक्ल, मोनू तिवारी, सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण नागरिकों की उपस्थिति रही, जिन्होंने विषय पर गंभीरता से चिंतन करते हुए इसका समर्थन किया।

## पुलिस ने चार जुआरी को किया गिरफ्तार, ताश के पत्ते जामा तलाशी में नगद रुपए बरामद

**बेनीगंज/(हरदोई)।** कोतवाली बेनीगंज प्रताप नगर चौकी क्षेत्र के ओड़ाझार गांव स्थित गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित पीपल पेड़ के नीचे जुवारी अदद ताश के पत्ते खेल रहे थे मौके पर पहुंची पुलिस ने चार जुआरी को गिरफ्तार कर फड़ पर मौजूद आदत ताश के पत्ते व जमात तलाशी के दौरान नगद रुपए बरामद किए। बता दे प्रताप नगर चौकी प्रभारी गोपाल मणि मिश्रा ने बताया गुरुवार को मुखबिर की सूचना मिली ओडा झाड़ गांव गोरखनाथ मंदिर परिसर के पास फड़ बिछाए चार लोग अदद ताश के पत्ते खेल रहे थे। मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर चार जुआरी संजय पुत्र मनोहर,जय करण पुत्र सर्वजीत,दीपू पुत्र संभू,अनुज पुत्र सत्य प्रकाश निवासी ओड़ाझार को गिरफ्तार कर मौके पर फड़ से 52 अदद ताश के पत्ते, 400 रुपए मालफड़ व जामातलाशी के दौरान 1070 रुपए बरामद किए। जुआ अधिनियम के तहत बेनीगंज पुलिस द्वारा पकड़े गए अभियुक्तों पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन आज

**लालगंज (रायबरेली)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की लालगंज इकाई की ओर से सोमवार को नगर में पथ संचलन आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में 2100 स्वयंसेवकों के गणवेश में शामिल होने की संभावना है। संघ के जिला प्रचारक आशुतोष ने बताया कि सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। संचलन दोपहर तीन बजे नारायण उत्सव लान से निकलकर अंबेडकर मार्ग, चिकवाही मंडी, तिकोना पार्क, गांधी चौराहा, सराफा मंडी और सब्जी मंडी से होता हुआ पुनः उत्सव लान स्थल पर समाप्त होगा। उन्होंने बताया कि संघ का यह पथ संचलन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि संगठन की अनुशासनबद्धता, एकता और राष्ट्रभक्ति को दर्शाता है। स्वयंसेवक इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, देशभक्ति और सामाजिक समरसता का संदेश देंगे।

### श्रीमद्भागवत कथा समापन पर हुआ विशाल भंडारा

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के पूरे पुराना मजरे गौरा रुपई गांव में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का रविवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। सात दिनों तक चली कथा के दौरान गांव का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण और आस-पास के श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए एकत्रित हुए। कथा स्थल पर हर दिन भजन-कीर्तन और प्रवचनों का आयोजन हुआ। जिससे श्रद्धालुओं में उत्साह और आस्था देखने को मिली। समापन दिवस पर विशेष पूजा और हवन का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। कथा के अंतिम दिन प्रसिद्ध कथा व्यास स्वामी स्वात्मानंदजी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का मार्मिक प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि सच्ची मित्रता में स्वार्थ की कोई जगह नहीं होती है। भगवान अपने भक्तों के प्रेम को सच्चे मन से स्वीकार करते हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक अशोक सिंह, धीरेंद्र बहादुर सिंह, गुड्डू बाजपेई, रणवीर सिंह सिसोदिया, अरविंद अग्निहोत्री, गोपाल बाजपेई, विमलेश अग्निहोत्री, शानू वाजपेई, सुधीर त्रिवेदी, गोविंद पांडेय, खन्ना गुप्ता, सतपाल सिंह पालू, पुलक दीक्षित, संजय सिंह, राघवेंद्र सिंह, गयास भाई सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

### संतोष मौर्या फिर बने आल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष

**डलमऊ रायबरेली।** आल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की वार्षिक बैठक में संतोष मौर्य को डलमऊ तहसील का पुनः अध्यक्ष चुना गया। रविवार को ब्लॉक सभागार डलमऊ में प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें नई कार्यकारिणी के गठन एवं विस्तार को लेकर चर्चा की गई।बैठक में मौजूद तहसील क्षेत्र के विभिन्न संस्थानों के पत्रकारों ने सर्वसम्मति से संतोष मौर्य को पुनः अध्यक्ष चुना। प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला ने संतोष मौर्य के अध्यक्ष चुने जाने पर शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी। वही नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने डलमऊ तहसील की कार्यकारिणी का गठन करते हुए मेराज अली को संगठन का महामंत्री,हर्षित शुक्ला को प्रवक्ता,बृजेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष,विमल मौर्य को वरिष्ठ उपाध्यक्ष,नीरज त्रिवेदी को उपाध्यक्ष मनोनीत किया।बैठक में आगामी पत्रकारिता दिवस पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर विशेष चर्चा की गई और कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई।संतोष मौर्य ने अध्यक्ष चुने जाने पर प्रदेश अध्यक्ष संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पत्रकारों के हित हमेशा खड़े रहेंगे और संगठन की मजबूती के लिए हमेशा कार्य करते रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ हैं वह सामाजिक कुरीतियों को उजागर करने एवं समाज उत्थान में अहम भूमिका निभाता है।इस मौके पर प्रशांत शर्मा,आशुतोष गुप्ता,योगेंद्र मौर्य,सुरेंद्र कुमार,जितेंद्र यादव सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस का हाथ, दर्जनों ने ली सदस्यता : विक्रम पांडेय

**हरदोई।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन अभियान के तहत आज सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी ऐश्वर्य प्रताप सिंह, आदर्श शुक्ला सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ली। यह कार्यक्रम पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुआ। जिला अध्यक्ष विक्रम पांडे ने कहा कि देश का युवा ही राजनीति में बदलाव ला सकता है और कांग्रेस पार्टी युवाओं के हित में कार्य करती है। शहर अध्यक्ष अनुपम दीक्षित ने इसे कांग्रेस के बढ़ते कदम की पहली जीत बताया और कहा कि बदलाव की क्रांति युवाओं से ही आएगी।

# धूमधाम से मनाई जाएगी भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती

स्वतंत्र प्रभात



**बलरामपुर।** संविधान शिल्पी,भारत रत्न, बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती से एक दिन पूर्व जनपद के सभी नगरीय निकायों, विभिन्न वार्डों,ग्रामपंचायतों आदि में स्थापित डॉ.आंबेडकर पार्कों तथा प्रतिमाओं की, स्वच्छता अभियान चलाकर, साफ सफाई सुनिश्चित की गई। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश के क्रम में स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती पर 14 अप्रैल से 28 अप्रैल तक टैगलाइन हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान÷ के साथ विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित किया जाएगा। इस दौरान संविधान निर्माता ,भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर जी के विचारों , आदर्शों पर गोष्ठी एवं सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। सभी प्राइमरी , उच्च प्राइमरी विद्यालय , इंटर कॉलेज में प्रभात फेरी, क्विज, वाद विवाद प्रतियोगिता आदि का आयोजन कराया जाएगा। महिला सशक्तीकरण एवं लैंगिक समानता आदि पर सेमिनार के कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। जनपद की सभी ग्राम पंचायत की ग्राम सभा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित किया जाएगा । संविधान सभा की महिला सदस्यों के योगदान को रेखांकित करते हुए विशेष समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। अंबेडकर जयंती समारोह में संविधान की अंगीकरण के 75 वर्ष पूर्ण होने के तथ्य पर बल दिया जाएगा। दिनांक 14 अप्रैल को संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर जनपद के समस्त सरकारी / अर्द्ध सरकारी कार्यालयों में उनको श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण किया जाएगा तथा बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला जाएगा।

# जलिया वाला बाग हत्या कांड की बरसी मनाई शहीदों को दी श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात




**लालगंज ( रायबरेली )।** नगर के न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में जलियांवाला बाग हत्याकांड की बरसी मनाई गई। प्रार्थना सभा के पश्चात् विद्यालय के प्रधानाचार्य ने शहीदों को भाव भीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की प्रथम कड़ी में जलियावाला बाग हत्याकांड की 106वीं बरसी पर शहीदों को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया गया। विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने एक लघु नाटिका का सचित्र मंचन किया। जिसने सबकी आंखे नम कर दी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने बताया कि जलियावाला बाग आजादी के इतिहास कि वो घटना है, जिसके बारे में सोचने पर भी रूह कांप जाती है। 13 अप्रैल 1919 को यह दुखद घटना घटी थी, जब पंजाब के अमृतसर में स्वर्ण मंदिर से कुछ ही दूरी पर स्थित जलिया वाला बाग में निहत्थे मासूमों का कत्लेआम हुआ था। अंग्रेजों ने निहत्थे भारतीयों पर अंधाधुंध गोलियां चलाई। इस घटना को अमृतसर हत्या कांड के रूप में भी जाना जाता है। आज इस नरसंहार को पूरे 106 वर्ष हो चुके है। लेकिन आज भी इसके जख्म ताज़ा से लगते है और इस दर्दनाक और दुःख से भरे दिन को भारत के इतिहास में काली घटना के रूप में याद किया जाता है। आज भी वहां की दीवारों पर गोलियों के निशान मौजूद है। कार्यक्रम में आज के दिन के महत्व पर निबंधलेखन, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर मेकिंग, वाद- विवाद आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिनमे सभी बच्चों ने बढ़- चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक - शिक्षिकायें व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में सर्राफा व्यापारी प्रभंजन वर्मा हत्या कांड के 5 बदमाश गिरफ्तार

## 3 घायल लूट के जेवरात और बाइक बरामद



स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** जनपदीय एसओजी ,सर्विलांस थाना गोल्हौरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गोल्हौरा थाना क्षेत्र में स्वर्ण व्यवसायी को गोली मारकर हुई लुट ,हत्या के सम्बन्ध में 03 अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में तथा उनके निशानदेही पर 02 और अभियुक्त, कुल 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बरामदगी करते हुए पुलिस घटना का पर्दाफाश किया। जिनके कब्जे से एक अदद पिस्टल 02 अदद जिन्दा कारतुस व 02 अदद खोखा कारतुस सभी 32 बोर, 02 अदद देशी तमन्चा 315 बोर, 02 अदद खोखा कारतूस 315 बोर, एक अदद जिंदा कारतुस तथा घटना में प्रयुक्त 02 बाइक ,स्वर्ण व्यापारी का चांदी के आभूषण व अन्य सामान बरामद किया। घटना का पर्दाफाश करने वाली पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन द्वारा ? 25,000/ के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शुक्रवार की रात को गोल्हौरा थाना क्षेत्र के स्वर्ण व्यापारी प्रभंजन कुमार की लूट के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी । उसके सम्बन्ध में थाना गोल्हौरा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था । पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा घटना स्थल का तत्काल निरीक्षण कर घटना के के पर्दाफाश के लिए विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था । टीम द्वारा शनिवार की रात्रि में नीबियहवा कोल्हुई मुख्य मार्ग पर वाहनों की चेकिंग में जरिए मुखबिर सूचना पर कि गोल्हौरा में स्वर्ण व्यवसायी की लूट/हत्या से सम्बन्धित कुछ संदिग्ध व्यक्ति कोल्हुई बुजुर्ग के रास्ते आ रहे हैं । इसी बीच एक मोटरसाइकिल पर सवार 03 व्यक्ति तेज गति से आते हुए दिखाई दिए जिन्हें रोका गया तो वह मोटरसाइकिल घुमाकर भागना चाहे जिसके कारण मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर पड़ी । मोटरसाइकिल वहीं छोड़कर उन तीनों अभियुक्तों द्वारा पुलिस पार्टी पर फायर किया, जो थानाध्यक्ष गोल्हौरा द्वारा पहनी हुई बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगा और वह बाल बाल बच गए । आत्मरक्षार्थ पुलिस पार्टी द्वारा भी फायर किया गया जिसमें 03 व्यक्ति घायल होकर गिर पड़ें मौके पर पुलिस टीम द्वारा पकड़ लिया गया। घटना में सम्मिलित दो अन्य अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तार अभियुक्त सतीश गौड़ पुत्र शिवदीन गौड़ निवासी ग्राम व थाना गोल्हौरा, रोहन चौहान पुत्र छोटे लाल चौहाना निवासी अजगरा थाना गोल्हौरा, कृष्णा उर्फ किशन पुत्र निबर निवासी जिम्हरिया थाना शोहरतगढ़ ,राजू शर्मा पुत्र तारकेश्वर शर्मा निवासी ग्राम व थाना गोल्हौरा , कन्हैया श्रीवास्तव पुत्र आशीष श्रीवास्तव निवासी ग्राम व थाना गोल्हौरा सभी गिरफ्तार अभियुक्त जनपद सिद्धार्थनगर के निवासी है । पुलिस पूछ स्वर्ण व्यवसायी से लूट के दौरान हत्या कर दी गयी थी । गहनता से पुछ ताछ किया गया तो अभियुक्त सतीश गौड़ ने बताया कि अगले महीनें मेरी बहन की शादी है जिसमें मुझे पैसों की बहुत जरुरत थी तथा राजू उर्फ कृष्णा के पिता की भी मृत्यु कुछ दिनों पहले हो गयी थी जिससे राजू को भी पैसों की बहुत जरुरत थी इसलिए मैं एक स्वर्ण व्यवसायी प्रभंजन निवासी रमटिकरा को लूटने की प्लानिंग करने लगा तथा उसकी रेकी करने में राजू को लगा दिया उसके बाद दिनांक 11.04.2025 को मैं अपने 03 अन्य दोस्तों रोहन, किशन उर्फ कृष्णा, कन्हैया को स्वर्ण व्यवसायी को लूटने के लिए बुला लिया था और उनको भी मोटा हिस्सा देने को कहकर घटना के लिये तैयार किया था । घटना वाले दिन चारों लोग स्वर्ण व्यवसायी प्रभंजन के घर जाने वाले रास्ते पर दो मोटरसाइकिल से उसका इंतजार कर रहे थे ज्यों ही राजू द्वारा रेकी कर के बताया कि स्वर्ण व्यवसायी प्रभंजन घर के लिये जा रहा है हम चारों लोग अपने मुह पर गमछा बांधकर उसका पीछा करके उसे रास्ते में रोक कर गहने छिनने का प्रयास करने लगे तभी उसका भाई व प्रभंजन दोनों हमलोगों से हाथा पायी करने लगे । पकड़े जाने के डर से रोहन न एक गोली पहले हवा में चलायी लेकिन उसके बाद भी वे लोग लड़ते रहे फिर रोहन ने स्वर्ण व्यवसायी को गोली मार दी । उसके बाद प्रभंजन के डिग्गी से उसका सोने-चांदी से भरा बैग लेकर भाग गये । सतीश स्वर्ण व्यवसायी प्रभंजन को पहले से ही जानता था कि वह सोने चांदी का गहना लेकर आता जाता है । हमलोगों को डर था कि कहीं पुलिस हमलोगो को पकड़ ना ले इसलिये हमलोग लूट का माल बेचने व अवैध हथियार छिपाने के लिये जा रहे थे कि आपलोगों द्वारा पकड़े जाने के डर से फायर कर दिया गया। । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष गोल्हौरा बृजेश सिंह जनपद सिद्धार्थनगर । उ0नि0 जीवन त्रिपाठी एसओजी प्रभारी उ0नि0 दिनेश सरोज सर्विलांस प्रभारी मय टीम उ0नि0 रणविजय सिंह, राकेश कुमार थाना गोल्हौरा मु0आ0 राजीव शुक्ला, आशुतोष धर् दूबे, दिलीप कुमार, आरक्षी वीरेन्द्र तिवारी, रोहित चौहान, जनार्दन प्रजापति, सत्येन्द्र कुमार यादव, छविराज यादव एस0ओ0जी0 मु0आ0 विनोद कुमार, जयसिंह चौरसिया, आरक्षी तेजबहादुर यादव, रणविजय यादव थाना गोल्हौरा शामिल रहे।

### महुआ बीनने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे केसरी मजरे लोदीपुर उतरावां गांव में महुआ बीनने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के तहरीर पर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है। गांव निवासिनी ज्ञानवती ने बताया कि शुक्रवार की सुबह वह अपने पेड़ों के महुआ बीन रही थी। इसी बीच पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही भगवानदीन, श्रवण कुमार, सविता व घुराना वहां आकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने हमला बोल दिया और उसके साथ मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष से भगवानदीन ने गंगा प्रसाद, भोला, ज्ञानवती और रोशनी पर मारपीट करने का आरोप लगाया। बताया कि आरोपी रंजिशन उस पर हमला बोल दिया। आरोपियों ने गोली मार देने की धमकी दी। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# छात्र-छात्राओं की प्रस्तुत ने उपस्थित जनसमूह को किया मंत्रमुग्ध

## प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

स्वतंत्र प्रभात



**लंभुआ,सुल्तानपुर**-प्रतिभावान छात्र-छात्राओं की कहानी कोई कमी नहीं है, अभिभावकों के सही मार्गदर्शन पर उनकी प्रतिभा में निखार आता है और वह अपने लक्ष्य की प्राप्ति करते हैं। उक्त विचार वार्षिक उत्सव समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद सिंह ने व्यक्त किए। लंभुआ क्षेत्र में स्थित बाबा जय गुरुदेव भगवान प्रसाद सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज उजागिर नगर नौंगवा में वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने धूम मचा दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राजा हरपाल सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज सिंगरामऊ के प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।विद्यालय प्रबंधक श्रीमती रेशमा सिंह मनोज सिंह ने आए हुए अतिथियों को सम्मानित किया। मौके पर राकेश श्रीवास्तव, दीपांशु निगम, जगदीश प्रसाद सिंह, राजेश सिंह, अवनीश सिंह, अनिल मिश्रा, अर्जुन चौरसिया, अमरजीत यादव, राजीव सिंह, नीरज मिश्रा, ओम प्रकाश यादव, बृजलाल यादव, जयकरण वर्मा, शिवकुमार, विनोद सिंह, राजमणि मिश्रा आदि गणमान्य मौजूद थे।

# डलमऊ से चित्रकूट के लिए बस सेवा की हुई शुरुआत,ऊंचाहार विधायक ने दिखाई हरी झंडी

स्वतंत्र प्रभात

**डलमऊ रायबरेली**-बरारा बुजुर्ग एवं डलमऊ से चित्रकूट,लखनऊ एवं कानपुर जाने वाले यात्रियों को अब सहूलियत मिलेगी।उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा तीन बसों का संचालन रविवार से प्रारंभ किया गया है। ऊंचाहार विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ मनोज कुमार पांडे ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। रविवार को बरारा बुजुर्ग चौराहे एवं मुराई बाग के सहकारी समिति में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक डॉ मनोज कुमार पांडे ने कहा कि अब क्षेत्र के आम जनमानस को लखनऊ, कानपुर एवं चित्रकूट जाने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा उनको यहीं से बस सेवा उपलब्ध रहेगी।दूर दराज इलाज कराने जाने के लिए अब मरीजों को भी सहूलियत मिलेगी।क्षेत्रीय जनता की मांग पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा तीन नई बसों की सौगात दी गई है इन बसों का संचालन बरारा बुजुर्ग एवं डलमऊ से किया जाएगा।पहली बस बरारा बुजुर्ग गदागंज रायबरेली होते हुए लखनऊ पहुंचेगी वही दूसरी बस बरारा बुजुर्ग डलमऊ होते हुए कानपुर जाएगी एक बस रायबरेली से सुबह 6~00 बजे चल कर डलमऊ पहुंचेगी और यहां से फतेहपुर गाजीपुर होते हुए चित्रकूट पहुंचेगी और वहां से उसी दिन वापस होकर शाम 9~00 बजे डलमऊ आएगी।इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री दिनेश त्रिपाठी,नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड़,ब्लॉक प्रमुख शिवराम रावत,भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेश वर्मा पुतानी महाराज महेंद्र पटेल,जतन पाठक,शुभम गौड़, मिंटू तिवारी, सुधांशु त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।डलमऊ से चित्रकूट के लिए बस सेवा की हुई शुरुआत,ऊंचाहार विधायक ने दिखाई हरी झंडी।

# विधायक डॉ.मनोज कुमार पाण्डेय ने तीन बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

स्वतंत्र प्रभात

**डलमऊ रायबरेली।** बरारा बुजुर्ग एवं डलमऊ से चित्रकूट,लखनऊ एवं कानपुर जाने वाले यात्रियों को अब सहूलियत मिलेगी।उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा तीन बसों का संचालन रविवार से प्रारंभ किया गया है। ऊंचाहार विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ मनोज कुमार पांडे ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। रविवार को बरारा बुजुर्ग चौराहे एवं मुराई बाग के सहकारी समिति में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक डॉ मनोज कुमार पांडे ने कहा कि अब क्षेत्र के आम जनमानस को लखनऊ,कानपुर एवं चित्रकूट जाने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा उनको यहीं से बस सेवा उपलब्ध रहेगी।दूर दराज इलाज कराने जाने के लिए अब मरीजों को भी सहूलियत मिलेगी।क्षेत्रीय जनता की मांग पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा तीन नई बसों की सौगात दी गई है इन बसों का संचालन बरारा बुजुर्ग एवं डलमऊ से किया जाएगा।पहली बस बरारा बुजुर्ग गदागंज रायबरेली होते हुए लखनऊ पहुंचेगी वही दूसरी बस बरारा बुजुर्ग डलमऊ होते हुए कानपुर जाएगी एक बस रायबरेली से सुबह 6~00 बजे चल कर डलमऊ पहुंचेगी और यहां से फतेहपुर गाजीपुर होते हुए चित्रकूट पहुंचेगी और वहां से उसी दिन वापस होकर शाम 9~00 बजे डलमऊ आएगी।इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री दिनेश त्रिपाठी,नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड़,ब्लॉक प्रमुख शिवराम रावत,प्रदीप शुक्ला,भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेश वर्मा,पुतानी महाराज,रमेश प्रधान,ललित यादव,अतुल अवस्थी,जतन पाठक,शुभम गौड़,मिंटू तिवारी,सुधांशु त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# शिवाजी इंटर कॉलेज पर आयोजित हुआ मातृत्व सम्मेलन ,आयोजित हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर ।** डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के ग्राम बरगदवा स्थित शिवा जी इन्टर कालेज पर रविवार को मातृत्व सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजित मातृत्व सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य प्रतिमा सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद कालेज के छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती वन्दना, अतिथि परिचय, छात्र छात्राओ द्वारा तैयार विभिन्न माडल स्टाल का निरीक्षण मुख्य अतिथि द्वारा किया गया।तथा दादा दादी पूजन एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्र- छात्राओं को शिवाजी की मां जीजा बाई के जीवन कृत्य को बताते हुए अनुशासित ढंग से मेहनत लगन से शिक्षा ग्रहण करने और होनहार बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में छात्र - छात्राओं ने राष्ट्रीय गान और बन्दे मातरम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते रघुवर प्रसाद बालिका विद्यालय सिद्धार्थनगर की प्रधानाचार्य प्रतिमा सिंह ने कहा कि मातृत्व सम्मेलन आयोजित करने का उद्देश्य छात्र - छात्राओं को मातृत्व शक्ति का एहसास कराना है। बच्चों को अपने माता पिता, अभिभावकों का पूरा आदर सम्मान करना चाहिए। उन्होने कहा की शिवाजी इंटर कॉलेज छात्र- छात्राओं को अनुशासित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए तत्पर है।यह विद्यालय छात्र - छात्राओं का सर्वांगीण विकास करते हुए अच्छे पठन -पाठन के साथ अन्य सामाजिक गतिविधियों मे पूरा ध्यान दे रहा है। उन्होने कहा कि हर बालक की प्रथम गुरु मां होती है।मां एक सृजनकर्ता की श्रेणी मे आती है।हमारे भारतीय इतिहास में शिवा जी की माता जीजाबाई का उदाहरण मातृत्व के रूप मे बार- बार लिया जाता है।जिसके सन्दर्भ मे मातृत्व सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को प्रधानाचार्य कृष्ण प्रताप सिंह, प्रबंधक सूर्य प्रकाश सिंह उर्फ शबबू सिंह, राम केवल यादव, रामकुमार जी आदि ने भी संबोधित किया।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्री भर्ती में गलत चयन का आरोप,पीड़िता ने जनसुनवाई के माध्यम से लगाई न्याय की फरियाद

स्वतंत्र प्रभात



**बेनीगंज (हरदोई)।** विकासखंड कोथावां ग्राम पंचायत बेनीगंज देहात मजरा अल्लीपुर निवासिनी पीड़िता सुमन पत्नी अमरजीत सिंह ने बाल विकास पुष्टाहार विभाग,गृहगोपन विभाग,अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र देकर न्याय की फरियाद लगाई है। बताया है आंगनबाड़ी कार्यकत्री भरती चयन प्रक्रिया में मैंने चिंता खेड़ा केंद्र से आवेदन किया था। पंजीकरण संख्या एडब्लूडब्लू/36/431/ 600283 है। मेरा सत्यापन जिले पर हुआ था। इसी कड़ी में दूसरा सत्यापन रोशनी निवासी ग्राम मोतीखेड़ा का सत्यापन चिंता खेड़ा केंद्र पर हुआ था। उमा भारती का सत्यापन महादेव पुरवा केंद्र पर हुआ था नाकि चिंता खेड़ा केंद्र पर। पीड़िता सुमन का आरोप है उमा भारती ने रेखा सुपरवाइजर व सीडीपीओ बाल विकास पुष्टाहार विभाग कोथावां अधिकारियों कि मिली भगत से केंद्र में फेर बदल करके महादेव पुरवा से बदलकर चिंता खेड़ा में उमा भारती चयन किया गया जो की सरासर गलत है प्रथम वरीयता के आधार पर मेरा चयन चिंता खेड़ा केंद्र पर हुआ था। जबकि दूसरा सत्यापन व दूसरा नंबर रोशनी का हुआ था। उपरोक्त मामले पर पीड़िता ने मांग की है कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री चयन प्रक्रिया में गलत चयन हुआ है उसकी जांच कर प्रथम वरीयता के आधार पर चयन किया जाए। इस धोखाधड़ी में जो भी दोषी पाया जाए उसके खिलाफ विधिक कानूनी कार्रवाई की जाए। मामले पर सुपरवाइजर रेखा ने बताया आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का सत्यापन जिले पर हो रहा है। इस पूरे मामले से मेरा कोई लेना-देना नहीं है न हीं मेरा क्षेत्र है। मामले पर सीडीपीओ से बात करें। अतिरिक्त कार्यभार देख रहे बाल विकास परियोजना अधिकारी कोथावां वीके सिंह ने बताया शिकायतकर्ता द्वारा जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं वह सारे निराधार है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का सत्यापन बिल्कुल निष्पक्ष किया जा रहा है।

# संक्षिप्त खबरें

## महादेव मंदिर पर ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम सभा कहरा में किया गया मेले का भव्य आयोजन



**विस्तार:** ग्राम सभा कहरा सैदाबाद के अन्तर्गत ग्राम प्रधान विपिन सिंह द्वारा महादेव मंदिर में मंदिर का जीर्णोद्धार कर मेले का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम वासियो का अथक सहयोग बना रहा। इस शुभ अवसर पर विशिष्ठ अतिथि अवध वृन्दावन डेवलपमेंट एसोशिएसन के अध्यक्ष एवं भारतीय पत्रकार एवं मानवाधिकार परिषद के प्रदेश सचिव एस0 के0 द्विवेदी मेले में पहुंचकर मंदिर में भगवान भोले का दर्शन कर पूजा अर्चना किया। इसी क्रम में ग्राम प्रधान विपिन सिंह, हाईकोर्ट वरिष्ठ कनिष्ठ लिपिक दिनेश कुमार द्विवेदी, पुष्पेन्द्र चौरसिया, बैजनाथ त्रिपाठी, कमलेश कुमार द्विवेदी, रतनेश कुमार द्विवेदी , अंकुश द्विवेदी तथा काफी संम्भ्रान्त जन एवं ग्रामवासी उपस्तिथ रहे।

## परती की जमीन पर कब्जे को लेकर कार्रवाई की मांग

**बिसवां सीतापुर** ग्राम सभा मे अवैध रूप से किये गये कब्जा हटवाए जाने को लेकर शासन के स्पष्ट निर्देश है। निर्देशों के क्रम मे बीते दिनों उपजिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर लेखपाल के द्वारा ग्राम कंकर कुई मे गाटा संख्या 1246 क्षेत्रफल 0.178 हेक्टेयर जमीन जो कि राजस्व अभिलेखो मे नवीन परती दर्ज है इस पर कब्जा हटवाया गया था। ट्रैक्टर चलवा कर जुताई करायी गई थी कब्ज़ाधारियों को सख्त हिदायत दी गई थी कि पुनः कब्ज़ा किया तो कठोर कार्यवाही की जाएगी। इसी जमीन पर पुनः विद्या प्रकाश,विश्वनाथ पुत्रगण केशवराम के द्वारा पुनः टीन शेड डाल कर कब्ज़ा कर लिया है। गांव के ही निवासी उमाकांत पुत्र नत्था ने आई जी आर एस के माध्यम से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।

## जयगुरुदेव आश्रम पर हुआ भव्य सत्संग



**मिश्रिख (सीतापुर)**मिश्रिख तहसील क्षेत्र के फुलरूवा गांव में स्थित जयगुरुदेव मन्दिर पर मासिक सतसंग टाटधारी बाबा बालक राम के द्वारा शाकाहार सदाचार सतयुग आयेगा कलयुग जायेगा पर दिया गया। जिसमें प्रमुख रूप।से लोकतंत्र सेनानी, आशाराम, रामप्रकाश श्रीकृष्ण, सुरेन्द्र सिंह, संकर लाल, अकुर प्रसाद, राम भरोसे हदीसू सहित तमाम जयगुरुदेव सत्संगी माताएं, भाई, बहन उपस्थित हुए। अनुपमा सिंह पत्नी पुजारी सिह द्वारा सभी लोगो को जलपान आदि कराकर लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान किया गया।

## तेंदुए की दहशत खेत में दिखे पगचिन्ह, 24 घंटे से वन विभाग कर रहा तलाश, ग्रामीणों को सतर्क रहने की दी हिदायत



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के पिसावां थाना क्षेत्र के भिठौरा गांव में तेंदुए की मौजूदगी से दहशत का माहौल है शनिवार सुबह एक किसान ने खेत में बाघनुमा जानवर देखने का दावा किया। किसान सुंदरलाल अपने खेत में सिंचाई पाइप की जांच करने गया था वहां उसने बाघ जैसे जानवर को देखा और डर के मारे तुरंत गांव लौट आया इसके बाद पूर्व प्रधान अमित भदौरिया समेत कई ग्रामीण लाठी-डंडों के साथ मौके पर पहुंचे उन्होंने खेत की मेड़ पर बड़े जानवर के पगचिन्ह देखे सूचना मिलते ही वन दरोगा विनीत सक्सेना टीम के साथ मौके पर पहुंचे उन्होंने पगचिन्हों की जांच कर तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि की वन विभाग ने ग्रामीणों को समूह में खेतों में जाने की सलाह दी है। बच्चों को अकेले बाहर न जाने की हिदायत भी दी गई है 24 घंटे से अधिक समय बीतने के बाद भी तेंदुए के नए पगचिन्ह नहीं मिले हैं वन विभाग की टीम रविवार को भी लगातार इलाके में कांबिंग कर रही है तेंदुए की पुष्टि के बाद से गांव में भय का माहौल है!!

# जय भीम पद यात्रा का आयोजन,सैकड़ों युवाओं ने लिया भाग

स्वतंत्र प्रभात





**लखनऊ।** रविवार को युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के संस्थान में भारत के तत्वाधान में नेहरू युवा केंद्र संगठन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित जय भीम पदयात्रा का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने रविवार को लखनऊ स्थित मरीन ड्राइव चौराहा से राज्य स्तरीय "जय भीम पदयात्रा" का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। यह पदयात्रा डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती की पूर्व दिवस पर आयोजित की गई, जिसमें सैकड़ों युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंत्री ने युवाओं के साथ कदम मिलाते हुए मरीन ड्राइव चौराहा से अम्बेडकर स्मृति स्थल तक पदयात्रा की, जो सामाजिक न्याय, समानता और संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

कार्यक्रम की शुरुआत उच्च शिक्षा मंत्री ने सामाजिक परिवर्तन प्रतीक स्थल पर डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर मौन श्रद्धांजलि के साथ की। इसके बाद युवाओं के साथ संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया और डॉ. अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को उपस्थित जनसमूह के समक्ष रखा।

अपने संबोधन में उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर न केवल भारत के संविधान निर्माता थे, बल्कि वे एक महान समाज सुधारक, चिंतक और न्यायप्रिय नेता भी थे। उन्होंने जीवन भर सामाजिक असमानता के विरुद्ध संघर्ष किया और शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का प्रमुख साधन माना। उन्होंने 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' का जो संदेश दिया था, वही आज के युवाओं के लिए सबसे बड़ा पथप्रदर्शक है।" उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रकृति में आरंभ से ही सामाजिक समरसता और समता का भाव रहा है। डॉ. अम्बेडकर ने इस विचार को संविधान में मूलभूत अधिकारों और कर्तव्यों के माध्यम से सशक्त किया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे संविधान के मूल्यों को आत्मसात करते हुए समावेशी समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। भारत एक है और हमें समतामयी, ममतामयी समाज की स्थापना करनी है।

मंत्री उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में माय भारत नेहरू युवा केंद्र और राष्ट्रीय सेवा योजना के युवाओं के द्वारा 'जय भीम पदयात्रा' जैसे आयोजनों के माध्यम से बाबा साहब के विचारों को घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पदयात्रा केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि एक जन-जागरण अभियान है, जो युवाओं को सामाजिक समता, बंधुत्व और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए प्रेरित करती है। रजिस्ट्री पदयात्रा मार्ग में युवाओं ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाते हुए संविधान और सामाजिक न्याय के संदेश को जनमानस तक पहुँचाया।

## जंगली जानवर की तलाश में वन विभाग के हाथ खाली, लहरपुर में कैमरे और पिंजरे में नहीं दिखा जानवर



स्वतंत्र प्रभात

**लहरपुर सीतापुर** लहरपुर क्षेत्र में जंगली जानवर को पकड़ने की कोशिशें नाकाम साबित हो रही हैं ग्राम रावल अदेसर में वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे और कैमरों में जानवर का कोई निशान नहीं मिला है। ग्राम प्रधान नरेंद्र त्रिवेदी और वन दरोगा राजकुमार वर्मा के अनुसार, दो कैमरों में कोई गतिविधि दर्ज नहीं हुई है पिंजरे के आसपास न तो जानवर आया और न ही उसके पदचिन्ह मिले हैं माना जा रहा है कि जंगली जानवर इस क्षेत्र को छोड़कर कहीं और चला गया है। वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि वन विभाग की तीन टीमें प्रभावित क्षेत्र में लगातार कांबिंग कर रही हैं सभी टीमों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं यह मामला 4 अप्रैल से चल रहा है जब अज्ञात जंगली जानवर ने दो सांडों को मार डाला और एक को घायल कर दिया था इसके बाद से वन विभाग ने पिंजरा और कैमरे लगाए थे ग्रामीणों के मुताबिक, वन विभाग उन्हें लगातार सतर्क रहने की सलाह दे रहा है रोज शाम को पिंजरे में जानवर को पकड़ने के लिए बकरी को चारा के रूप में बांधा जा रहा है!!

## लहरपुर में वायरल फीवर का प्रकोप, स्वास्थ्य विभाग ने लगाया विशेष शिविर, 103 मरीजों का किया जांच

स्वतंत्र प्रभात



**सीतापुर नगर** लहरपुर में तेजी से बढ़ रहे वायरल फीवर के प्रकोप को देखते हुए रविवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्राथमिक विद्यालय लालपुर बाजार में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के तत्वावधान में लगाया गया जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच कराई और मुफ्त दवाइयां प्राप्त कीं स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर अख्तर हुसैन, फार्मासिस्ट दिनेश गुप्ता और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वायरल फीवर खांसी-जुकाम और अन्य मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की जांच की जांच के बाद सभी को निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान ग्राम प्रधान नाजिम ने बताया कि गांव के पांच बच्चे खसरा रोग से भी पीड़ित पाए गए उनको भी दवा दी गई इस विशेष शिविर के संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. अरविंद वाजपेई ने बताया कि शनिवार को गांव में टीकाकरण के दौरान एएनएम पुष्पा सिंह द्वारा बुखार के मरीजों की सूचना दी गई थी। जिसके आधार पर रविवार को तत्काल शिविर लगाकर कुल 103 मरीजों की जांच की गई उन्होंने बताया कि अधिकांश मरीज खांसी, जुकाम, बुखार और त्वचा रोगों से पीड़ित पाए गए ग्राम विकास अधिकारी सोमेंद्र यादव ने बताया कि वायरल बुखार के बढ़ते मामलों को देखते हुए गांव में विशेष सफाई अभियान चलाया गया है साथ ही एंटी लार्वा दवाओं का छिड़काव कर मच्छरों के प्रजनन को रोकने की कोशिश की गई है। स्वास्थ्य शिविर में आकाश बंसल, मीना निगम, प्रमोद, भजन नारायण, सुनील और मनोज सहित कई अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की और कहा कि समय पर की गई यह कार्रवाई राहतकारी सिद्ध हो रही है!!

## सीतापुर लखीमपुर मार्ग आज से 6 दिन तक बंद, रेलवे ओवरब्रिज पर स्टील स्लैब लगाने का काम शुरू



**सीतापुर में हरगांव**-लखीमपुर मार्ग पर 13 से 18 अप्रैल तक यातायात पूर्णतः बंद रहेगा रेलवे क्रॉसिंग के समपार संख्या 99 पर बन रहे ओवरब्रिज पर स्टील गर्डर और स्लैब लगाने का काम होगा यातायात निरीक्षक फरीद अहमद के अनुसार, सीतापुर से लखीमपुर जाने वाले मालवाहक और भारी वाहन बिजवार पुल के बजाय महोली, मैगलगंज, मितौली और कस्ता होते हुए लखीमपुर जाएंगे छोटे वाहनों को हरगांव स्थित महोली तिराहे से बाएं मुड़कर काजी कमालपुर तिराहे से होकर लखीमपुर जाना होगा इस दौरान रेलवे फाटक भी बंद रहेगा यह दूसरा डायवर्जन है। इससे पहले 1 से 6 अप्रैल के बीच भी 5 दिनों के लिए मार्ग बंद किया गया था शहर के बाहर बाईपास पर सूचना बोर्ड लगा दिए गए हैं पुलिस कर्मियों को भी डायवर्जन पर तैनात किया गया है डायवर्जन 13 अप्रैल सुबह 9 बजे से लागू हो जाएगा!!

## तीर कमान और मछली चुनाव निशान वाले 2027 में बनेंगे मुख्यमन्त्री- चन्द्रशेखर प्रजापति

**● निषाद पार्टी के प्रदेश महासचिव के जन्म दिन पर डा0 संजय निषाद के समर्थन में बोले वक्ता**

स्वतंत्र प्रभात



**सिधौली।** कस्बा स्थित स्वामी विवेकानंद सामाजिक संस्थान में निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव राजेश कश्यप का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान में उपस्थित गुरुजन, समाजसेवी, शिक्षक, वक्ता एवं गणमान्य व्यक्तियों ने राजेश कश्यप को शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदानों को सराहा। संस्थान के वरिष्ठ संरक्षक गुरुजी आर. डी. वर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, ÷हमें गर्व है कि हमारा प्रिय शिष्य प्रदेश की तीसरी सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का प्रदेश सचिव है। राजेश कश्यप निरंतर जनसमस्याओं के समाधान हेतु कार्यरत हैं। उनके जन्मदिन पर मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूँ और कामना करता हूँ कि वे जीवन में अनेकानेक सफलताएँ प्राप्त करें। संस्थान के प्रवक्ता चंद्रशेखर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, ÷राजेश कश्यप सर्व समाज की राजनीति करते हैं। वे सामाजिक न्याय के प्रबल पक्षधर हैं और सदैव जनहित के लिए तत्पर रहते हैं।" 2027 में तीर कमान और मछली वाले यानि डा संजय निषाद मुख्यमंत्री बनेंगे। असिस्टेंट प्रोफेसर तेजपाल ने राजेश कश्यप के व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए कहा, "आप सूरज की तरह दुनिया में चमकें और अपनी तेवर और तर्क की आभा से अज्ञानता के अंधकार में डूबे लोगों को ज्ञान का प्रकाश दें।" कार्यक्रम के अंत में सभी ने राजेश कश्यप को जन्मदिन की बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सुमित कश्यप ने इस आयोजन को प्रेरणा, समर्पण और सामाजिक चेतना का जीवंत उदाहरण बताया। इस मौके पर सीमा वर्मा, संजीव राजपूत, प्रेम यादव, सिद्धार्थ, अजय रावत, प्रीती, गोल्डी आदि मौजूद रहे।

## श्रद्धालुओं से भरी बस के ड्राइवर को दबंगों ने जमकर पीटा बरसाए लात घुसे और बेल्ट डंडे



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में श्रद्धालुओं से भरी एक बस के ड्राइवर के साथ दबंगों द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है यह घटना कोतवाली देहात क्षेत्र के आनंद नगर रेलवे क्रॉसिंग के पास की है बस लहरपुर से नैमिष धाम की ओर श्रद्धालुओं को लेकर जा रही थी रास्ते में ओवरटेक को लेकर विवाद हो गया। बाइक सवार युवकों ने बस को रोक लिया उन्होंने ड्राइवर को बस से खींचकर बाहर निकाला दबंगों ने लात-घूंसों और डंडों से चालक की पिटाई की मारपीट करने वाले युवक आपस में रिश्तेदार हैं और क्षेत्र के दबंग माने जाते हैं बस में बैठे श्रद्धालु और आसपास के लोग डर के कारण कुछ नहीं कर सके कुछ लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया कोतवाली देहात पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है पुलिस ने वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर ली है जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की जाएगी इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है!!

## युवती को परेशान करने की शिकायत पर हमला दबंगों ने पूरे परिवार को पीटा, पिता की हालत नाजुक, पुलिस जाँच में जुटी



स्वतंत्र प्रभात

**लहरपुर सीतापुर** के लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में एक परिवार पर दबंगों द्वारा किए गए हमले का मामला सामने आया है एक 19 वर्षीय युवती को परेशान करने की शिकायत करने पर दबंगों ने पूरे परिवार पर हमला कर दिया घटना रविवार की है पीड़िता की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव का एक युवक पिछले 4-5 दिनों से उनकी बेटी को परेशान कर रहा था जब उन्होंने युवक के परिवार से इसकी शिकायत की तो युवक, उसके पिता और भाई ने उन्हें गालियां दीं और मारपीट शुरू कर दी जब पीड़िता के पिता, भाई और वह खुद बीच-बचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया। इस हमले में पूरा परिवार गंभीर रूप से घायल हो गया आरोपियों ने परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी सूचना मिलते ही एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया। पीड़िता के पिता की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है अन्य घायलों का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि मामले में प्रार्थना पत्र मिल गया है आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी!!

## मैकूदास बाबा की समाधि के निकट दो जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे

स्वतंत्र प्रभात



**बिसवां (सीतापुर)।** एक ओर जहां उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया गरीब निर्बल असहाय परिवारों की कन्याओं की शादियां करवाने के लिए कृत संकल्प हैं किन्तु उन्हीं की प्रेरणा से कुछ सामाजिक लोग भी अब पीछे नहीं हैं । इसका एक ताजा उदाहरण सदरपुर थाना अंतर्गत देबियापुर बाजार के निकट स्थित मैकूदास बाबा की समाधि स्थान पर देखने को मिला जहां एक समाजसेवी ने एक गरीब परिवार की दो कन्याओं का कन्यादान कराया जिसमें भारी संख्या में वर-वधु पक्षों के लोग शामिल हुए और खुशी-खुशी एक दूसरे के गले में जयमाला डालकर अग्नि को साक्षी मानते हुए संत पुरुष मैकूदास बाबा की समाधि स्थान पर जीवन भर साथ निभाने की सौगंध ली। देबियापुर निवासी समाजसेवी एवं मैकूदास बाबा की मजार के संरक्षक परवारी लाल वर्मा ने बताया कि प्राचीन समय से देबियापुर में इस स्थान पर ज्येष्ठ मास की अमावस्या के बाद पड़ने वाले दूसरे सोमवार को बड़ा मेला लगता है जिसमें आसपास के कई जिलों सहित काफी दूरदराज से श्रद्धालु आते हैं।

विगत शुक्रवार को सिरसी सरैंय्या निवासी स्वर्गीय छोटन्ने की दो पुत्रियों क्रमशः शीलू (18 वर्ष) व प्रांशी (19 वर्ष) का हिन्दू रीति रिवाज के साथ निः शुल्क विवाह सम्पन्न कराया गया। शीलू ने प्रियांश पुत्र चेतराम निवासी पिपरा खुर्द (अर्जुन सिंह) थाना सकरन के साथ व प्रांशी ने शुभम पुत्र राजाराम निवासी जालिमनगर थाना सकरन के साथ अग्नि को साक्षी मानते हुए जीवन भर साथ निभाने की कसमें खाई।उन्होंने बताया कि अब इस स्थान पर मेला व भण्डारे के अलावा शादियां भी करायी जायेंगी जिससे गरीब व असहाय परिवारों को सहूलियत होगी। इस मौके पर समाजसेवी गंगा प्रसाद, अयोध्या प्रसाद, सियाराम वर्मा,मनोज यादव,महेश नदिया, बाबू शिव प्रसाद सिंघल, तुलसी अग्रवाल, पुनीत व करोड़ी अग्रवाल आदि वरिष्ठ समाजसेवियों ने अपना सहयोग व आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर वर वधू पक्ष के लोगों के जलपान, भोजन आदि व्यवस्था के साथ उपहार भी भेंट किये गये।परवारी लाल वर्मा ने बताया कि अब बाबा की कृपा से मैकूदास बाबा की समाधि स्थान पर भविष्य में भी निःशुल्क विवाह सम्पन्न कराये जायेंगे।


## कार्यालयः ग्राम पंचायत जिगिना बाबू विकास खण्ड-खजनी, गोरखपुर

**-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचनाः-**

ग्राम पंचायत जिगिना बाबू वित्तीय वर्ष 2025-26 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम.) विकास खण्ड खजनी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना, पंथन राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग स्वच्छ भारत मिशन एवं ग्राम पंचायत में अन्य योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, ईंट का टुकड़ा, इंटरलाकिंग ईट, ह्यूम पाईप, लोकल बालू, सिमेन्ट, मोरंग बालू, सरिया, पत्थर गिट्टी, बेन, पेन्ट, इलेक्ट्रिक वायरिंग, पत्थर साईन बोर्ड, लोहा साईन बोर्ड, पीवीसी पाईप, सीमेन्टेड बेंच, इण्डिया मार्का हैण्डपम्प 2, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हाईमाक्स लाईट, सफाई किट, शौच सेट, आर.ओ. प्लान्ट आदि से सम्बन्धित सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 28.04.2025 तक अपरान्ह 12.00 बजे तक सामाग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांचित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय जिगिना बाबू के कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा वाक्स उसी दिन अपरान्ह 2.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की धनराशि रू0 5000.00 (पांच हजार रुपये) होगी।

**नियम व शर्ते-**

1-जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।

2-आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक में रजिस्ट्रेशन है तथा वह आयकर देता हो, प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

3-ग्राम पंचायत सचिव/ ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/ कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा।

4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल कुंआ बुजुर्ग पर करनी होगी।

5-जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।

6-सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।

7-सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटायी या बढ़ाई जा सकती है।8- प्रस्तुत दरें पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृति दर से अधिक मान्य नहीं होगी।

9-आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।

10-ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायत सदस्य, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।

11-निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ ग्राम प्रधान के पास होगा।

12-स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/ अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।

13-धरोहर की धनराशि नगद, राष्ट्रीकृत बैंक के एफडीआर एवं एनएससी/ डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।

14-आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 07 दिवस के अंदर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।

15-सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत कार्यालय जिगिना बाबू से प्राप्त की जा सकती है।

16-ईट व ईट गिट्टी के लिये केवल भट्ट्ठा स्वामी निविदा दे सकते हैं।

17-बारात घर, अन्त्येष्टि स्थल, स्ट्रीट लाईट, पंचायत भवन, इंटरलाकिंग, सीमेन्ट, सी.सी खड़ंजा, हाईमास्क लाईट, आर. ओ. प्लान्द, ओपेन जिम, खेल मैदान, सीमेन्टेड बेंट, हाईड्रोलिक बैन इत्यादि में।

**श्रीमती कृष्णावती देवी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-जिगिना बाबू विकास खण्ड-खजनी, गोरखपुर**

**लोक नाथ**
**ग्राम पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत- जिगिना बाबू विकास खण्ड-खजनी, गोरखपुर**

## कार्यालयः ग्राम पंचायत कुंआ बुजर्ग विकास खण्ड-खजनी, गोरखपुर

**-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचनाः-**

ग्राम पंचायत कुंआ बुजुर्ग वित्तीय वर्ष 2025-26 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम.) विकास खण्ड खजनी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना, पंथन राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग स्वच्छ भारत मिशन एवं ग्राम पंचायत में अन्य योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, ईंट का टुकड़ा, इंटरलाकिंग ईट, ह्यूम पाईप, लोकल बालू, सिमेन्ट, मोरंग बालू, सरिया, पत्थर गि?ट्टी, बेन, पेन्ट, इलेक्ट्रिक वायरिंग, पत्थर साईन बोर्ड, लोहा साईन बोर्ड, पीवीसी पाईप, सीमेन्टेड बेंच, इण्डिया मार्का हैण्डपम्प 2, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हाईमाक्स लाईट, सफाई किट, शौच सेट, आर.ओ. प्लान्ट आदि से सम्बन्धित सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 28.04.2025 तक अपरान्ह 12.00 बजे तक सामाग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांचित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय कुंआ बुजुर्ग के कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा वाक्स उसी दिन अपरान्ह 2:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय कुंआ बुजुर्ग में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की धनराशि रू0 5000.00 (पांच हजार रुपये) होगी।

नियम व शर्ते-

1-जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।

2-आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक में रजिस्ट्रेशन है तथा वह आयकर देता हो, प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

3-ग्राम पंचायत सचिव/ ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/ कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा।

4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल कुंआ बुजुर्ग पर करनी होगी।

5-जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।

6-सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।

7-सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटायी या बढ़ाई जा सकती है।8- प्रस्तुत दरें पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृति दर से अधिक मान्य नहीं होगी।

9-आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।

10-ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायत सदस्य, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।

11-निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ ग्राम प्रधान के पास होगा।

12-स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/ अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।

13-धरोहर की धनराशि नगद, राष्ट्रीकृत बैंक के एफडीआर एवं एनएससी/ डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।

14-आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 07 दिवस के अंदर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।

15-सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत कार्यालय कुंआ बुजुर्ग से प्राप्त की जा सकती है।

16-ईट व ईट गिट्टी के लिये केवल भट्ट्ठा स्वामी निविदा दे सकते हैं।

17-बारात घर, अन्त्येष्टि स्थल, स्ट्रीट लाईट, पंचायत भवन, इंटरलाकिंग, सीमेन्ट, सी.सी खड़ंजा, हाईमास्क लाईट, आर. ओ. प्लान्द, ओपेन जिम, खेल मैदान, सीमेन्टेड बेंट, हाईड्रोलिक बैन इत्यादि में।

**श्रीमती मीरा देवी**
**ग्राम प्रधान ग्राम**
**पंचायत- कुआ बुजुर्ग विकास खण्ड-खजनी, गोरखपुर**

**लोक नाथ**
**ग्राम पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत- कुंआ बुजुर्ग विकास खण्ड-खजनी, गोरखपुर**

# अब व्यापार के लिए सांप्रदायिक ध्रुवीकरण- शर्बत भी बंटा हिन्दू और मुस्लिम में!



रामदेव के संघी झुकाव के बारे में सब जानते हैं। सब जानते है कि उसके भगवा चोले के अंदर एक कॉर्पोरेट बैठा हुआ है। रामदेव संघ-भाजपा की हिंदुत्व और कॉर्पोरेट गठजोड़ की राजनीति का नमूना भी है और उसका उत्पाद भी। इस रामदेव को लोगों ने सलवार-कुर्ता में डरकर भागते भी देखा है। इस पहनावे को आम तौर पर मुस्लिमों का पहनावा माना जाता है। कहा जा सकता है कि रामदेव के कायर हिंदुत्व का बचाव मुस्लिम पहनावे ने ही था। लेकिन यही रामदेव आज इस्लाम और मुस्लिमों के बारे में नफरत और डर फैलाने के उस्ताद बन गए हैं। उनका ताजा बयान है- "शरबत के नाम पर एक कंपनी है, जो शरबत तो देती है, लेकिन शरबत से जो पैसा मिलता है, उससे मदरसे और मस्जिदें बनवाती है। अगर आप वो शरबत पिएंगे, तो मस्जिद और मदरसे बनेंगे और पतंजलि का शरबत पिएंगे, तो गुरुकुल बनेंगे, आचार्य कुलम बनेगा, पतंजलि विश्वविद्यालय और भारतीय शिक्षा बोर्ड आगे बढ़ेगा। इसलिए मैं कहता हूं ये शरबत जिहाद है। जैसे लव जिहाद, वोट जिहाद चल रहा है, वैसे ही शरबत जिहाद भी चल रहा है।"

रामदेव का यह बयान सोशल मीडिया में एक वीडियो के रूप में तैर रहा है। इस बयान में उनका इशारा रूह आफ़ज़ा की ओर है, लेकिन इसकी गुणवत्ता को ले कोई चुनौती नहीं दे रहे हैं। यह एक गैर-एल्कोहोलिक पेय है, जिसे ब्रिटिश भारत के अंतर्गत 1906 में गाजियाबाद में हकीम हाफिज अब्दुल मजीद द्वारा तैयार किया गया था। ये यूनानी दवाओं के विशेषज्ञ थे और उन्होंने कुछ यूनानी जड़ी-बूटियों और सिरप की मदद से एक घोल (शरबत) तैयार किया, जो लोगों को गर्मियों में लू से काफी राहत देता था। लेकिन इस शरबत का मुख्य अवयव गुलाब था। अब इसका निर्माण हमदर्द फार्मास्युटिकल द्वारा किया जा रहा है, जो आज एक नामी-गिरामी कंपनी है। इसके बोतल से जानकारी मिलती है कि आज इसे 8 प्रकार की जड़ी-बूटियों और 8 प्रकार के फलों और सब्जियों के अर्क से बनाया जा रहा है। अपने 115 वर्षों की यात्रा के दौरान इसकी गुणवत्ता पर अभी तक कोई आंच नहीं आई है। रूह आफ़ज़ा के समानांतर दिल आफ्ज़ा नाम का एक भ्रामक उत्पाद भी बाजार में उतारा गया था, जिसकी बिक्री पर दिल्ली हाई कोर्ट ने रोक लगा दी थी, जिसकी पुष्टि बाद में सुप्रीम कोर्ट ने भी की।

दूसरी बात, रूह आफ़ज़ा के बारे में अभी तक ऐसी कोई अधिकृत रिपोर्ट नहीं है कि इसकी बिक्री से होने वाली आय से इसके निर्माताओं ने मस्जिद या मदरसे का निर्माण किया है, जिसका आरोप रामदेव लगा रहे हैं। उन्हें अपने आरोप का सबूत भी पेश करना चाहिए था। सार्वजनिक रूप से जो जानकारी उपलब्ध है, उसके अनुसार, इस पेय की निर्माता कंपनी हमदर्द एक गैर लाभकारी ट्रस्ट द्वारा संचालित है। यह धर्मनिरपेक्ष रुख अपनाती है, क्योंकि यह होली और ईद दोनों पर उत्सव का आयोजन करती है। वर्ष 2008 में इस कम्पनी ने जूही चावला को अपना ब्रांड एम्बेस्डर बनाया था। यदि इसका रुख इस्लाम-आधारित होता, तो वह जूही चावला को कभी भी अपना ब्रांड एंबेसडर नहीं बनाती।

तीसरी बात, रामदेव यह स्पष्ट रूप से कह रहे हैं कि उनके शर्बत से होने वाली आय का उपयोग उस शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए होगा, जिसे संघी गिरोह प्रमोट करना चाहता है, और निश्चित ही, यह शिक्षा वैज्ञानिक मानसिकता पैदा करने से कोसों दूर होगी और वर्णाश्रम आधारित होगी। ऐसी शिक्षा संविधान के बुनियादी मूल्यों के खिलाफ जाती है और रामदेव अपने मुनाफे का उपयोग इस देश की धर्मनिरपेक्षता और संवैधानिक मूल्यों की जड़ों को खोदने के लिए करने जा रहे हैं।

अब आइए, कुछ बातें रामदेव के पतंजलि के बारे में कर लें। यह कंपनी वर्ष 2006 में रामदेव और उनके चेले बालकृष्ण ने शुरू की थी और आज यह कंपनी टूथपेस्ट से लेकर स्किन केयर तक और बुखार से लेकर टायफाइड तक लगभग सारे उत्पाद बनाती-बेचती है और आज यह कंपनी 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की हो गयी है। पतंजलि की विकास गाथा टीवी पर योग के प्रचार से एक कॉर्पोरेट में रामदेव के बदलने की कहानी है। इस बदलाव में लुटेरे और परजीवी पूंजीवाद के छल-कपट-धोखाधड़ी के सारे तत्व मौजूद हैं।

अपने उत्पादों, जिसकी गुणवत्ता हमेशा संदेह के घेरे में और विवादित रही है, को प्रोजेक्ट करने के लिए रामदेव आधुनिक चिकित्सा पद्धति और एलोपैथी को हमेशा गरियाते रहे हैं। कोरोना संकट के समय उनका दावा था कि लाखों मरीजों की मौत एलोपैथी से ट्रीटमेंट के कारण हुई और इसकी जगह उन्होंने वर्ष 2020 में अपनी कोरोनिल को प्रोजेक्ट किया, जो निष्प्रभावी पाई गई और मोदी सरकार के आयुष मंत्रालय को भी इस दवा के %घटिया होने% के तथ्य को स्वीकार करते हुए इसे प्रतिबंधित करना पड़ा है। इसके पहले, वर्ष 2016 में उनकी पतंजलि कंपनी का आंवला रस जांच में गुणवत्ताहीन पाया गया था और सेना की कैंटीनों से उसे वापस किया गया था। उनके गाय के घी की गुणवत्ता पर भी सवालिया निशान लगा है और वर्ष 2006 में तो माकपा नेता वृंदा करात ने रामदेव पर अपनी दवाओं में इंसानों और जानवरों की हड्डियों को मिलाने का आरोप ही लगा दिया था। यह जानकारी रामदेव के कारखाने में काम करने वाले मजदूरों ने ही उन्हें दी थी। इन मजदूरों का आरोप था कि न तो उन्हें न्यूनतम मजदूरी दी जाती है और न ही श्रम कानूनों का पालन ही किया जाता है। श्रम विभाग की जांच के बाद मजदूरों के ये आरोप सही पाए गए थे। इस प्रकार, रामदेव की संपत्ति मजदूरों की आह और उनके खून-पसीने में लिथड़ी संपत्ति है और पतंजलि का मुनाफा नकली और भ्रामक उत्पादों को बेचकर अर्जित किया गया अनैतिक मुनाफा है।

रूह आफ़ज़ा के बरक्स रामदेव जिस गुलाब शर्बत को पेश कर रहे हैं, उसमें भी पतंजलि की कोई खोज या अनुसंधान नहीं है, क्योंकि इसका असली तत्व गुलाब ही है, जिसकी खोज हकीम हाफिज अब्दुल मजीद ने 115 साल पहले ही कर ली थी। इसलिए यह रूह आफ़ज़ा की नकल भर है और पुरानी शर्बत से यह उन्नीस ही बैठेगी, बीस नहीं।

लेकिन विवाद नकली और असली या उन्नीस और बीस पेय का नहीं है। विवाद है, पतंजलि के गुलाब शर्बत को प्रोजेक्ट करने के तरीके पर। हमारे संविधान का कोई भी प्रावधान और कानून इसकी इजाजत किसी को नहीं देता कि आप अपने उत्पाद को प्रोजेक्ट करते हुए, और अपने व्यवसाय के मुनाफे को बढ़ाने के लिए, धर्म के आधार पर नफरत फैलाने, गलतबयानी करने की बात करें और किसी भी पेय को हिंदू पेय और मुस्लिम पेय में बांटने की हिमाकत करें और अपने शर्बत को बेचने के लिए मुस्लिमों पर शर्बत जेहाद फैलाने का आरोप लगाएं। यह वह चालबाजी है, जिसे अंग्रेजों ने अपनाया था और आज रामदेव अपना रहे हैं।

**एक स्वतंत्र पत्रकार संजीव शुक्ल ने अपने एक आलेख 'हिंदू शर्बत और मुस्लिम शर्बत' में एक अद्भुत घटना का ज़िक्र किया है। उनके शब्दों में-** "बात तब की है, जब लाल किले पर आजाद हिंद फौज के सैनिकों पर मुकदमा चल रहा था। इन्हीं सैनिकों को यहीं कैद किया गया था। कर्नल सहगल, ढिल्लन और शाहनवाज पर मुकदमा चलाया गया। ये सैनिक भारत के स्वाभिमान के प्रतीक बन चुके थे। पूरा देश इनके साथ खड़ा था। कांग्रेस आजाद हिंद फौज डिफेंस कमेटी बनाकर इन सैनिकों के बचाव में खड़ी हो गई। भिन्न राह होने के बावजूद पूरी कांग्रेस सुभाष बाबू के फौज के सेनानायकों के साथ थी। नेताजी की अनुपस्थिति में नेहरू अपनी जिम्मेदारी से वाकिफ थे। अरसे बाद उन्होंने वकील का चोगा पहना। इन सैनिकों की गिरफ्तारी और उन पर मुकदमा चलाए जाने से पूरा देश आंदोलित था। धर्म और जाति की दीवारें टूट चुकी थीं।

पर सरकार इस एकता को तोड़ना चाहती थी। सरकार हमेशा की तरह ÷बांटो और राज करो÷ की नीति के तहत राष्ट्रीय एकता को सांप्रदायिक रंग देकर खंडित करना चाहती थी। सैनिकों के लिए सुबह जो चाय आती, उसे हिंदू चाय और मुस्लिम चाय का नाम दिया गया, जबकि सभी सैनिक इस तरह के बंटवारे के सख्त खिलाफ थे। पर सरकार का हुक्म था कि हर हाल में हिंदू चाय अलग बनेगी, मुस्लिम चाय अलग बनेगी और इसी नाम से बांटी जाएगी।

सुबह-सुबह हांक लगती थी- ÷हिंदू चायज मुस्लिम चाय...!" क्रांतिकारी भी इस नफरती व्यवहार को न मानने के लिए कटिबद्ध थे। सो, सुबह चाय आती और क्रांतिकारी उसे एक बड़े बर्तन में मिला देते। फिर बांटकर पी लेते। यह एकता की अद्भुत मिसाल थी।"

हमारे देश के स्वाधीनता आंदोलन ने धर्म और जाति की जिन दीवारों को तोड़ दिया था, संघ-भाजपा और उसका समर्थक कॉर्पोरेट आज उन्हीं दीवारों को फिर से खड़ा करने में जुटा है, ताकि अपने मुनाफे को अधिकतम और सुरक्षित कर सकें। आज की राजनैतिक चुनौती यही है कि हिंदुत्व की राजनीति के साथ कॉरपोरेटों के इस अपवित्र गठबंधन को मात दी जाएं और इसके लिए जन पक्षधर नीतियों के आधार पर शोषित-उत्पीड़ितों का, आदिवासी-दलितों का, मजदूर-किसानों का एक व्यापक संयुक्त गठबंधन खड़ा किया जाएं। इसमें जितना देर लगेगा, देश की एकता और अखंडता का, शांति और सांप्रदायिक सौहार्द का, सामाजिक न्याय, समानता और भाईचारे का उतना ही नुकसान होगा, क्योंकि संघी गिरोह और उनका रामदेव ठीक इन्हीं मूल्यों के खिलाफ खड़ा है।

**आलेख- संजय पराते**

# समतामूलक आर्थिक दर्शन के प्रणेता- डॉ. भीमराव अंबेडकर



हम प्रायः डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान के शिल्पकार, सामाजिक न्याय के अग्रदूत और दलित चेतना के प्रवर्तक के रूप में स्मरण करते हैं। परंतु डॉ. अंबेडकर का व्यक्तित्व इन सीमाओं से कहीं अधिक व्यापक, गहरा और बहुआयामी था। वे न केवल सामाजिक सुधारक थे, बल्कि एक दूरदर्शी अर्थशास्त्री, नीति-निर्माता, जल संसाधन विशेषज्ञ और राष्ट्र-निर्माण के युगद्रष्टा भी थे।

डॉ. अंबेडकर ने अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से अर्थशास्त्र की उच्चतम शिक्षा प्राप्त की। उनकी पीएच.डी. का विषय "द इवोल्यूशन ऑफ प्रॉविन्शियल फाइनेंस इन ब्रिटिश इंडिया÷ था, और बाद में प्रकाशित कृति ÷द प्रॉब्लम ऑफ द रुपी - इट्स ओरिजिन एंड इट्स सॉल्यूशन" (1945) भारतीय मुद्रा व्यवस्था और मौद्रिक नीति पर एक युगांतरकारी अध्ययन था। यह कृति आज भी भारतीय आर्थिक विमर्श की आधारशिला मानी जाती है।डॉ. अंबेडकर का स्पष्ट मानना था–"कोई भी राष्ट्र तब तक प्रगति नहीं कर सकता, जब तक वह अपने प्राकृतिक संसाधनों का वैज्ञानिक, न्यायोचित और समतामूलक उपयोग न करे।" यही विचार उनकी आर्थिक दृष्टि का मूल है, जो मात्र आंकड़ों या योजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि संसाधनों के लोकतांत्रिक वितरण के सिद्धांत पर टिका है।

1942 से 1946 तक वायसराय की कार्यकारी परिषद में श्रम मंत्री के रूप में कार्य करते हुए आपने भारतीय औद्योगिक श्रमिकों के हितों की रक्षा हेतु ऐतिहासिक पहल की। 8 घंटे कार्य-दिवस, श्रमिक स्वास्थ्य बीमा, मातृत्व लाभ और महिला श्रमिकों के लिए कल्याणकारी नीतियाँ उनकी दूरदर्शिता का परिचायक थीं। किन्तु डॉ. अंबेडकर का सबसे महत्वपूर्ण योगदान राष्ट्रीय जल, ऊर्जा और बुनियादी ढांचे की दीर्घकालिक योजनाओं की नींव रखना था। 1945 में उन्होंने केंद्रीय जलमार्ग, सिंचाई और नौवहन आयोग की स्थापना की, जो आगे चलकर केंद्रीय जल आयोग बना। आपने दामोदर घाटी परियोजना की रूपरेखा तैयार की, जो अमेरिका की टेनेसी वैली अथॉरिटी से प्रेरित भारत की पहली बहुउद्देशीय नदी परियोजना थी। यह परियोजना जलविद्युत, सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण और नौवहन के समन्वय का आदर्श उदाहरण बनी।

डॉ. अंबेडकर जल को केवल एक प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि मानवाधिकार और सामाजिक न्याय का वाहक मानते थे। उनका स्पष्ट मत था–÷जल मानवाधिकार है, और उसका न्यायपूर्ण वितरण लोकतंत्र की कसौटी है।" उन्होंने जल को कृषि, उद्योग और ऊर्जा के त्रिकोण में राष्ट्रीय विकास का केंद्रबिंदु माना।

आज जब 'नदी जोड़ो' परियोजना की चर्चा जोरों पर है, वस्तुतः इसकी वैचारिक नींव डॉ. अंबेडकर के 1945 के विचारों में मिलती है। आपने अंतर-घाटी जल स्थानांतरण की आवश्यकता पर बल देते हुए स्पष्ट किया था कि जल संसाधनों का संतुलित वितरण ही क्षेत्रीय असंतुलन को दूर कर सकता है।

डॉ. अंबेडकर की दृष्टि में संसाधनों पर अधिकार केवल शक्तिशाली वर्गों तक सीमित नहीं हो सकता। आप कहते थे

–"सामाजिक न्याय का अर्थ है- सभी को समान अवसर और साधन मिलें।" आपने राष्ट्रीय विद्युत ग्रिड, औद्योगिक जल आपूर्ति और जलविद्युत परियोजनाओं को केवल विकास की आवश्यकता नहीं, बल्कि सामाजिक समता की शर्त माना।

आपकी सोच आज के वैश्विक विमर्शों–जैसे समेकित जल संसाधन प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन अनुकूलन और जल-पर्यावरणीय न्याय–से आश्चर्यजनक साम्य रखती है।

आज जब भारत जल संकट, पर्यावरणीय विषमता और क्षेत्रीय असंतुलन जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है, तब डॉ. अंबेडकर की नीतिगत दृष्टि हमें यह सिखाती है कि सामाजिक न्याय केवल संवैधानिक अधिकारों से नहीं, बल्कि जल, भूमि और ऊर्जा जैसे संसाधनों के न्यायपूर्ण प्रबंधन से ही साकार होता है।

अतः यह कहना पूर्णतः यथार्थ है कि डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निर्माता नहीं थे, बल्कि वे भारत की समतामूलक आर्थिक व्यवस्था के वास्तुविद् थे। यदि उन्हें भारत के "समतामूलक आर्थिक दर्शन" का प्रणेता कहा जाए, तो यह कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी, बल्कि उनके अद्वितीय योगदान का यथोचित सम्मान होगा।

# संघर्ष से सत्ता तक, आजसू का जनआंदोलन बनाम झारखंडी अस्मिता

झारखंड की मिट्टी में एक गूंज है यह गूंज केवल परंपराओं की नहीं, बल्कि प्रतिरोध की भी है। यहाँ की हवा में केवल जंगलों की खुशबू नहीं, बल्कि एक अडिग आत्मसम्मान की महक है। यह प्रदेश प्राकृतिक संसाधनों से जितना धनी है, उससे कहीं अधिक समृद्ध है इसके संघर्षों की विरासत में। और उन्हीं संघर्षों से उपजा है एक आंदोलन एक आवाज़, जो पहले छात्रों की जुबान में थी, फिर गाँवों के चौपालों में गूंजी, और फिर झारखंड के दिल की धड़कन बन गई। यह आवाज़ है आजसू पार्टी की, जिसे आज झारखंड के सामाजिक-राजनीतिक इतिहास में केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि एक जन-आत्मा की अभिव्यक्ति के रूप में देखा जाता है। जब बिहार का दक्षिणी हिस्सा उपेक्षा, बेरोजगारी, विस्थापन और सांस्कृतिक अस्मिता की पीड़ा से जूझ रहा था, तब 1986 में कुछ युवाओं ने कलम छोड़कर एक क्रांति का बीज बोया। ये युवा किसी कुर्सी के लिए नहीं लड़े, बल्कि उन्होंने उस पीढ़ी की बात की जिसे दशकों से कोई सुनने को तैयार नहीं था। आजसू, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन एक नाम जो पहले छात्र आंदोलन के रूप में उभरा, धीरे-धीरे जनआंदोलन बना, और फिर झारखंड राज्य की कल्पना को साकार करने की नींव बन गया। यह पार्टी हर उस आदिवासी, हर उस किसान, हर उस विस्थापित की आवाज़ बनी जिसकी पहचान को वर्षों तक कुचल दिया गया। झारखंडी अस्मिता को सम्मान दिलाने के इस अभियान में आजसू ने यह कभी नहीं कहा कि ÷हमें सत्ता चाहिए, बल्कि यह कहा हमें स्वाभिमान चाहिए। हमें पहचान चाहिए। हमें वह अधिकार चाहिए जो हमें जन्म से मिला है।आजसू की विचारधारा स्पष्ट रही है झारखंड के संसाधनों पर पहला हक़ झारखंडी का होना चाहिए। यह कोई नारा नहीं था, बल्कि राज्य निर्माण के बाद की सबसे बड़ी मांग थी, जिसे अन्य दल केवल चुनावी मंचों पर दोहराते रहे, लेकिन आजसू ने उसे ज़मीनी स्तर पर आंदोलन बनाकर जीवित रखा।राजनीति में जब वंशवाद और जातिवाद की ज़हरीली जड़ें फैल रही थीं, तब आजसू ने नेतृत्व में वह चेहरा आगे बढ़ाया जो खुद छात्र आंदोलन से निकला था। सुदेश महतो एक ऐसा नाम जो संघर्ष से सत्ता तक पहुँचा, लेकिन संघर्ष को कभी नहीं छोड़ा। वे उपमुख्यमंत्री बने, लेकिन हर पद से पहले खुद को एक कार्यकर्ता मानते रहे। उनकी सबसे बड़ी खासियत यह रही है कि उन्होंने राजनीति को लोगों के जीवन से जोड़ा। सत्ता को सेवा का माध्यम माना, और झारखंडी युवाओं को राजनीति की नई भाषा सिखाई। एक ऐसी भाषा जिसमें ईमानदारी, प्रतिबद्धता और दूरदृष्टि हो। आज जब पूरा देश कॉर्पोरेट, मीडिया और बड़े पूंजीपतियों की राजनीति के घेरे में है, तब झारखंड जैसे राज्य में आजसू का टिके रहना और जनविश्वास को बनाए रखना, किसी साधारण बात का प्रमाण नहीं। यह उस जड़ों से जुड़े नेतृत्व की पहचान है, जो विधानसभा में जितना सक्रिय है, उतना ही गाँव के चौपालों में भी। आजसू ने हमेशा वैकल्पिक राजनीति की बात की है। वह राजनीति जो केवल एक समुदाय या एक धर्म के लिए नहीं, बल्कि पूरे झारखंड की आवाज़ हो। इस पार्टी ने कभी संकीर्ण एजेंडा नहीं अपनाया, बल्कि वह क्षेत्रीयता को आत्मसम्मान से जोड़ते हुए सर्वसमावेशी दृष्टिकोण लेकर आगे बढ़ी। यही कारण है कि आजसू का जनाधार केवल एक वर्ग में नहीं, बल्कि पूरे झारखंडी समाज में दिखाई देता है।जब भी राज्य में राजनीतिक अस्थिरता आई चाहे वह गठबंधन सरकारों के असफल प्रयोग हों, या स्थानीय नीतियों में केंद्र का हस्तक्षेप आजसू ने उस समय दिशा देने का कार्य किया। भाजपा के साथ गठबंधन करते समय उसने यह स्पष्ट किया कि यह साझेदारी सत्ता के लिए नहीं, बल्कि नीति निर्माण के लिए है। और जब ज़रूरत पड़ी, तो उसी गठबंधन से अलग होकर जनसरोकारों की राजनीति की नई दिशा दिखाई। आज जब झारखंड शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, उद्योग, संस्कृति, और सांस्कृतिक पहचान के गहरे संकट से जूझ रहा है, तब आजसू का एजेंडा और भी प्रासंगिक हो गया है। वह कहती है विकास ऊपर से थोपे जाने वाली योजना नहीं, बल्कि नीचे से ऊपर तक की साझेदारी का परिणाम होना चाहिए। पंचायतों को सशक्त करना, स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देना, विस्थापितों को न्याय देना, जल-जंगल-ज़मीन को पूंजी नहीं, जीवन का आधार मानना, यह सब आजसू के मूल एजेंडे का हिस्सा रहा है। यह पार्टी आज भी राज्य की उस चेतना का प्रतिनिधित्व करती है जो थमती नहीं, झुकती नहीं, और बिकती नहीं। वह जनभावनाओं की वह मशाल है जो हर चुनाव के बाद भी जलती रहती है न केवल वोटों की गिनती में, बल्कि गाँव के हर दरवाज़े पर, जहाँ एक माँ अपने बेटे के लिए रोज़गार चाहती है, एक किसान अपने खेत के लिए पानी मांगता है, एक युवा अपने भविष्य की योजना बनाना चाहता है।आज जब बाकी पार्टियाँ केवल चुनावी हार-जीत तक सीमित रह गई हैं, तब आजसू ने झारखंड को एक सपने के रूप में देखा है एक ऐसा सपना जहाँ आदिवासी गौरव को अपमानित नहीं, सम्मानित किया जाए, जहाँ शिक्षा केवल प्रमाणपत्र न होकर ज्ञान का माध्यम बने जहाँ रोजगार केवल वादों में न रह जाए, बल्कि गाँवों में कारखाने और शहरों में उद्योग स्थापित हों और सबसे अहम, जहाँ राजनीति को लोगों के जीवन को बदलने की प्रक्रिया समझा जाए। आजसू इस विचार की वाहक है कि झारखंड केवल एक भूखंड नहीं, बल्कि संघर्षों से सजी एक आत्मा है। वह आत्मा जो कहती है हमर झारखंड, हमर अधिकार। और जब तक यह भावना जीवित है, आजसू केवल पार्टी नहीं, बल्कि एक जनांदोलन की धड़कन बना रहेगा।

**हंसराज चौरसिया**

# संपादकीय

# डिजिटल धोखे की दुनिया- एक क्लिक से उजड़ते सपने




## [सावधान! आपका अगला क्लिक आपकी कमाई लूट सकता है]

एक "क्लिक" की छोटी-सी आवाज़, जो कभी मोबाइल के बटन की मासूम धुन थी, अब किसी की मेहनत की कमाई को क्षणभर में राख कर देने का ख़ामोश खतरा बन चुकी है। डिजिटल दुनिया का चमकीला सपना, जो घर बैठे हर सुविधा का वादा करता था, अब साइबर ठगों की काली छाया में दबता जा रहा है। तकनीक ने हमें जो उड़ान दी, वही अब हमें अनजान खाइयों की ओर खींच रही है। हाल की एक रिपोर्ट ने रोंगटे खड़े करने वाला सच उजागर किया–पिछले तीन सालों में साइबर ठगी के मामले 128त्न की उछाल के साथ बढ़े हैं, और इससे भी दिल दहलाने वाली हकीकत यह है कि ठगी गई राशि का 95त्न हिस्सा आज भी पीड़ितों की जेब तक नहीं लौटा। ये महज़ आंकड़े नहीं, बल्कि हर उस शख्स की मूक पुकार हैं, जो अपनी खून-पसीने की कमाई गंवाकर अब इंसाफ की आस में भटक रहा है।

संसदीय समिति की ताज़ा रिपोर्ट साइबर ठगी की भयावह हकीकत को सामने लाती है–2023 में ठगों ने 574 करोड़ रुपये की लूट मचाई। बैंकों ने 67.3 करोड़ रुपये रोकने की जद्दोजहद की, मगर पीड़ितों के खातों में वापस पहुंचा सिर्फ 3.57 करोड़ रुपये का टुकड़ा। क्या इसे इंसाफ की मिसाल कह सकते हैं? साइबर अपराधी अब इतने चालाक हो चुके हैं कि वर्चुअल अकाउंट्स जैसे हथकंडों से कानून को पछाड़ रहे हैं। ये आभासी खाते असली खातों की आड़ में रचे जाते हैं, और इनके ज़रिए पैसा इस तरह नाचता है कि उसका ठिकाना ढूंढना तकनीक के लिए भी एक अनसुलझी पहेली बन जाता है। गृह मंत्रालय की चेतावनी और गहरी है–इस तकनीक ने ठगी को आसमान की बुलंदियों पर पहुंचा दिया, और इसके खिलाफ कोई मज़बूत कवच अभी तक गढ़ा नहीं जा सका। सबसे ज़्यादा दिल दहलाने वाली बात यह है कि आधार जैसी बायोमेट्रिक प्रणाली, जिसे हम अजेय मान बैठे थे, अब फिंगरप्रिंट क्लोनिंग और जाली डिवाइसेज़ के जाल में फंस रही है। यह तकनीक की ताकत नहीं, बल्कि उसकी कमज़ोर कड़ियों का कड़वा सच है। साइबर ठगी अब महज़ तकनीकी खामी नहीं, बल्कि हमारी लापरवाही और अंधे भरोसे की कड़वी सजा बन चुकी है। एक फर्जी लिंक, एक अनजानी कॉल, या एक मासूम-सा ऐप डाउनलोड पलभर में आपके बैंक खाते को खोखला कर सकता है। फिशिंग हमले अब हमारी रोज़मर्रा की हकीकत हैं–बैंकों या सरकारी संस्थानों की आड़ में आने वाले मैसेज, लालच का लालच या डर का खौफ दिखाकर आपकी निजी जानकारी पर डाका डालते हैं। ज़रा ठहरकर सोचिए–एक गलत ओटीपी साझा करने की कीमत आपकी ज़िंदगी भर की मेहनत की कमाई हो सकती है। डिजिटल इंडिया का ढोल पीटने वाले हम क्या इसके छिपे खतरों को उतनी ही शिद्दत से समझ रहे हैं? गाँव की गलियों से लेकर शहरों की चकाचौंध तक, डिजिटल साक्षरता की कमी और जल्दबाज़ी हमें ठगों का आसान शिकार बना रही है। तकनीक ने हमें सुविधा की चमक तो दी, मगर सावधानी की सीख देने में हम कदमों पीछे रह गए।

इस साइबर अंधेरे से उबरने का रास्ता सिर्फ तकनीक की चमक नहीं, बल्कि जागरूकता की रोशनी और सामूहिक ज़िम्मेदारी की ताकत है। सरकार को अब साइबर अपराधों के खिलाफ तेज़ और तुरंत इंसाफ देने वाली फास्ट-ट्रैक अदालतें स्थापित करनी होंगी, ताकि पीड़ित सालों तक इंतज़ार की भूलभुलैया में न भटकें। बैंकों को अपने सिस्टम को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की अचूक नज़र से लैस करना होगा, जो संदिग्ध लेन-देन को पलभर में पकड़ ले। आधार और बायोमेट्रिक सिस्टम को अभेद्य बनाने के लिए मल्टी-लेयर ऑथेंटिकेशन की मज़बूत दीवार खड़ी करनी होगी। मगर इन सबसे बढ़कर, जन-जागरूकता का दीपक जलाना होगा। देश के कोने-कोने में बड़े पैमाने पर अभियान चलाकर लोगों को फर्जी लिंक्स, अनजान कॉल्स और पासवर्ड की सुरक्षा का सबक सिखाना होगा। खास तौर पर उन गाँवों और कस्बों में, जहां डिजिटल दुनिया अभी अपने पहले कदम रख रही है, वहाँ सतर्कता की लौ को और तेज करना होगा।

यह समय सिर्फ चिंताओं में डूबने का नहीं, बल्कि जागकर निर्णायक कदम उठाने का है। तकनीक हमारी सबसे बड़ी ताकत है, मगर अगर हमने इसे समझदारी की कसौटी पर न कसा, तो यह हमारी सबसे गहरी कमजोरी बन सकती है। हर क्लिक से पहले रुकें, सोचें, और हर कदम को सावधानी से परखें। अपने डिजिटल खातों को अभेद्य पासवर्ड और दोहरी सुरक्षा की ढाल से मजबूत करें। क्योंकि अगर हम अब नहीं चेते, तो एक छोटा-सा क्लिक हमारी मेहनत की कमाई, हमारे सपनों की उड़ान, और हमारी शांति की नींव को चुपके से छीन सकता है। इस डिजिटल युग में सुविधा और सतर्कता को कंधे से कंधा मिलाकर चलने दें, ताकि हर क्लिक विजय की हुंकार बने, न कि पराजय की खामोश सिसकी।

**प्रो. आरके जैन**

# हिंसा और आतंक से तो नहीं चलेगा देश



हनुमान जयंती पर जिस तरह से बंगाल में मुर्शिदाबाद जला और उत्तर प्रदेश में आगरा कांपता रहा उसे देखकर तो लगता है कि इस देश में क़ानून और व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है। हमारी सरकारें या तो हिंसा और आतंक का मौन समर्थन कर रहीं हैं या उनमें इतनी कूबत नहीं रही कि वो हिंसा करने वालों और तनाव फ़ैलाने वालों को काबू कर सके।

सबसे प्पहले बंगाल की बात करते हैं,क्योंकि यदि पहले उत्तर प्रदेश की बात करेंगे तो लोगों के पेट में दर्द शुरू हो जाएगा। बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ क़ानून के खिलाफ जो हिंसा शुरू हुई थी वो अब मुर्शिदाबाद से बाहर निकल चुकी है। वक्फ कानून के खिलाफ पश्चिम बंगाल के कई जिलों में हिंसक प्रदर्शन किए गए. मुर्शिदाबाद, हुगली, 24 परगना और मालदा जिलों में पुलिस की गाड़ियों में आग लगा दी गई। ट्रेन और सड़कें ब्लॉक कर पत्थरबाजी-आगजनी की घटनाओं को अंजाम दिया गया। पर गनीमत ये है कि बंगाल की मुख्यमंत्री ने इस अराजकता का संज्ञान लिया और कहा कि - "हम इस कानून के पक्ष में नहीं हैं। हम पहले ही कह चुके हैं की पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून लागू नहीं होगा तो दंगा किस बात का ?" ममता ने ने दंगाइयों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि हम दंगा भड़काने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे।

भाजपा को अधिकार है कि वो इन दंगों को लेकर कुछ भी कहे,किन्तु हम ये नहीं कहेंगे कि ये दंगे सत्तापोषितनहीं हैं, क्योंकि ममता ने इन दंगों के बाद सूबे की जनता से अपील करते हुए कहा, "सभी धर्मों के लोगों से मेरी विनम्र अपील है कि कृपया शांत रहें, संयमित रहें. धर्म के नाम पर कोई भी गलत हरकत न करें. हर इंसान की जान कीमती है, राजनीति करने के लिए दंगे न भड़काएं. जो लोग दंगे भड़का रहे हैं, वे समाज को नुकसान पहुंचा रहे हैं"। ममता ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक दल सियासी फायदे के लिए धर्म का दुरुपयोग करने की कोशिश कर रहे हैं उनके बहकावे में न आएं।

बंगाल में जो हुआ या जो हो रहा है वो कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता,किन्तु उत्तर प्रदेश के आगरा के पास जो हुआ उसे देखकर तो पूरे विश्व में भारत की छवि चौपट होगयी। आगरा में शनिवार को करणी सेना द्वारा आयोजित रक्त स्वाभिमान सम्मेलन कि नाम पार जो आतंक वरपा किया गया उसे देखकर रूह कंपनी लगी। यह सम्मेलन राणा सांगा की जयंती के अवसर पर आगरा के कुबेरपुर मैदान में आयोजित किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में करणी सेना के कार्यकर्ता शामिल हुए. आयोजकों ने पहले ही दावा किया था कि इस कार्यक्रम में तीन लाख से अधिक लोग जुटेंगे। करनी सेना के लोगों ने जिस तरह से हवा में तलवाएं लहराईं और प्रशासन मूक दर्शक बना रहा उससे जाहिर है कि इस सेना को राज्य सरकार का संरक्षण हासिल था ,अन्यथा क्या किसी सम्भ्य समाज में इस तरह की सेनाएं सर उठा सकती हैं?

समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के राणा सांगा पर दिए गए बयान से यदि किसी का स्वाभिमान आहत हुआ और अचानक जाग गया तो ठीक है। उसका विरोध किया जाना चाहिए,लेकिन किसी सांसद को कोई फर्जी सेना जान से मरने की धमकी दे तो आश्चर्य जरूर होता ह। लगता ही नहीं है कि उत्तर प्रदेश में क़ानून का राज है। मजे की बात ये है कि बंगाल की हिंसा पर कलकत्ता हाईकोर्ट संज्ञान लेता है लेकिन आगरा में करनी सेना के आतंक पर कोई अदालत संज्ञान नहीं लेती। यदि देश में इसी तरह से सेनाएं बनती और सड़कों पर आतंक मचाती रहीं तो वो दिन दूर नहीं है कि लोग सरकारों पर भरोसा करना बंद कर दें। क्या उत्तर प्रदेश में करणी सेना के एक भी कार्यकर्ता के खिलाफ सरेआम हथियारों का प्रदर्शन करने का एक पिद्दी सा मामला भी दर्ज किया गया?

मैं हमेशा कहता हूँ कि हिंसा किसीभी मसले का हल नहीं है। मैंने कल भी मुसलमानों को हिदायत दी थी कि वे यदि किसी क़ानून से खफा हैं तो गांधीवादी तरीके से अपना विरोध दर्ज कराएं। यही मश्विरा मै करनी सेना को देना चाहता हूँ कि वे किसी को डरा- धमका कर अपनी ऊर्जा खर्च न करें। गांधीवादी तरीका अपनाएं क्योंकि ये राणा सांगा का युग नहीं है ,ये गाँधी का युग है। मुसलमानों को भी ये स्वीकार करना होगा कि वे किसी औरंगजेब की सल्तनत नहीं है। वे भारत जैसे महान धर्मनिरपेक्ष,और संप्रभु देश के नागरिक हैं। मुसलमानों और करणी सेना के आंदोलन उनका अपना ही नहीं बल्कि पूरे देश का नुक्सान कर रहे हैं।

मजे की तो नहीं किन्तु हैरानी की बात ये है कि हमारा प्रशासन और पुलिस क़ानून का इस्तेमाल करना ही भूल गयी है। हनुमान जयंती पर हजारों वाट के डीजे दिल ही नहीं घरों की दीवारें कंपा रहे थे, लेकिन कहीं किसी के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं हुआ जबकि हमारे पास ध्वनि प्रदूषण फ़ैलाने के खिलाफ बाकायदा क़ानून है। करणी सेना ने सार्वजनिक रूप से बंदूकें और तलवारें लहराई लेकिन कहीं की मामला दर्ज नहीं है जबकि हमारे क़ानून में इस तरह का प्रदर्शन अपराध है। ये समझना बेहद कठिन है कि हमारी नौकरशाही इन सब अपराधों की अनदेखी जानबूझकर कर रही है या उसे ऐसा करने के लिए निर्देशित किया गया है। ममता बनर्जी की तरह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने करणी सेना के उत्पात पर एक शब्द नहीं कहा। जाहिर है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करणी सेना को संरक्षण देकर समाजवादी पार्टीको सुमन के बहाने सबक सीखना चाहते है। इस लिए सावधान रहने की जरूरत है। जो लोग इन घटनाओं पर शतुरमुर्ग बने हुए हैं ,वे बाद में पछतायेंगे। वे इतिहास में अमर होने वाले नहीं हैं।

**राकेश अचल**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उप्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### हत्या का प्रयास, गाली गलौज व धमकी देने के अभियोग से संबंधित दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना देल्हूपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दिवैनी में वादी की जमीन पर शनिवार को जबरन कब्जा करने से मना करने पर आरोपीगणों द्वारा एक राय होकर वादी व वादी के परिजनों को लाठी- डंडा धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने, गाली गलौज व धमकी देने के संबंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना देल्हूपुर में चार नामजद व सात व्यक्ति नाम पता अज्ञात अभियुक्त दर्ज किया गया था। थानाध्यक्ष देल्हूपुर धनंन्जय राय के नेतृत्व में उप निरीक्षक हरेन्द्र सिंह मय हमराहीयान उ0नि0 मुकुन्दजी पाण्डेय, हे0का0 अंगदराम, हे0का0 हरिकेश कुमार द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना देल्हूपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 27/25 धारा 191(2)/191(3)/190/115(2)/352/351(3)/333/131/109(1)/288/324(5) भारतीय न्याय संहिता में वांछित दो अभियुक्तों, मो0 सैफ पुत्र इकरार निवासी ग्राम जद्दोपुर दिवैनी थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ ,अरूण उर्फ बंटू पुत्र लल्लन निवासी ग्राम दिवैनी थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र देल्हूपुर के हालामई नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया।

### मोहन भागवत 16 को कानपुर में, डीसीपी ने किया निरीक्षण



**कानपुर।** आज दिनांक 13.04.2025 को पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी द्वारा दिनांक 16.04.25 को आरएसएस सरसंघ संचालक मोहन भागवत के कार्यक्रम के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल दुर्गा पार्क का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा प्रभारी निरीक्षक को कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही साथ थाना सेन पश्चिम पारा की चौकी न्यू आजाद नगर का निरीक्षण कर चौकी प्रभारी को क्षेत्र में *रात्रि में प्रभावी गस्त करने, बैंकों//सर्राफा मार्केट को नियमित रूप से चेक करने, एचएस चैकिंग व संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों को समय समय पर चैकिंग करने हेतु निर्देशित किया। मौके पर प्रभारी निरीक्षक सेन पश्चिम पारा मौजूद रहे।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान



**देवरिया 13 अप्रैल।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के दृष्टिगत जनपद में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। सदर विधायक डॉ शलभ मणि त्रिपाठी, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं नगर पालिका अध्यक्षा अलका सिंह की उपस्थिति में अमर शहीद रामचन्द्र विद्यार्थी स्मारक स्थल की साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने जनपदवासियों से अपील की कि भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती को पूरे उत्साह व सौहार्द के साथ धूमधाम से मनाएं। आधुनिक भारत के निर्माण में बाबा साहब का योगदान अतुलनीय है। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती अत्यंत गरिमा व समारोह पूर्वक मनाई ज़ा रही है। जनपद में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसमें डॉ. अंबेडकर के विचारों, उनके जीवन, संघर्षों और संविधान निर्माण में उनके योगदान के विषय में आमजन को बताया जाएगा। स्वच्छता कार्यक्रम में एडीएम (प्रशासन) जैनेंद्र सिंह, ईओ संजय तिवारी, रमेश वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### 55 मरीजों का स्वास्थ्य मेले के तहत किया गया पंजीकरण



**संग्रामपुर,अमेठी।** रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चण्डेरिया मे डाक्टर उमेश की देखरेख में मुख्य मंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 1 गर्भवती सहित 55 मरीजों का पंजीकरण किया गया। जिसमें से 12 मरीजों की जांच लैब के तहत लैब टेक्नीशियन काजल नायक ?द्वारा की गई। इन जांचो में शुगर, टाइफाइड हीमोग्लोबिन आदि की जांच भी की गई। डाक्टर उमेश ने बताया कि आज स्वास्थ्य मेले में फार्मासिस्ट अरूण मिश्रा छुट्टी पर है एएनएम मेले में नहीं आई है। वहीं मेले के दौरान 55 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करके उनको निःशुल्क दवा भी दी गई। इस कार्यक्रम में बीसीपीएम तीर्थराज यादव,चंदन सिंह, आशीष कुमार,अनारीकली आदि मौजूद रहे।

# पिछड़ों के भविष्य की सुरक्षा आर्थिक, राजनैतिक,सामाजिक एवं शैक्षणिक समानता के पक्षधर थे बी पी मंडल-राकेश मौर्य

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी जौनपुर के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में सांसद जौनपुर कार्यालय नईगंज में सामाजिक न्याय के प्रतीक, पिछड़ों के मसीहा, बिहार के मुख्यमंत्री रहे, मंडल आयोग के अध्यक्ष बाबू बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल जी की पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम उपस्थित पार्टी जनों ने बीपी मंडल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके संघर्षों एवं विचारों को आत्मसात करने का पुनः संकल्प लिया। तत्पश्चात जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में गोष्ठी आयोजित कर उनके संघर्षों बलिदानों एवं विचारों का स्मरण किया गया।

जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि डॉ.अंबेडकर जी ने संविधान सभा के सामने संविधान प्रस्तुत करते हुए कहा था कि आज से हम राजनीतिक लोकतंत्र के युग में प्रवेश कर रहे हैं, लेकिन सामाजिक और आर्थिक लोकतंत्र कायम करना अभी बाकी है। जिस व्यक्ति ने भारत में सामाजिक और आर्थिक लोकतंत्र स्थापित करने का व्यवस्थागत और संस्थागत रास्ता सुझाया उस व्यक्ति का नाम बीपी मंडल है। उनके नेतृत्व में बने कमीशन ने जो 40 सिफारिशें की थीं, यदि वह लागू हो जातीं, तो भारत में राजनीतिक लोकतंत्र के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक लोकतंत्र भी कायम हो जाता। जिसका सपना डॉ. आंबेडकर ने देखा था। समाजवाद की परिकल्पना भी यही है कि पीडीए समाज को आर्थिक, राजनैतिक सामाजिक एवं शैक्षणिक समानता प्राप्त हो यही सपना जो बाबासाहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी, डॉ राममनोहर लोहिया जी, बी पी मंडल जी ने देखा था आज उसी सपने को साकार करने के लिए अखिलेश यादव पीडीए समाज की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि देश की आधी आबादी से ज़्यादा हिस्सेदारी ओबीसी वर्ग की है जिनको



मुख्यधारा में लाने के लिए 27त्न आरक्षण दिलाने का काम बी पी मंडल जी ने किया।

आज हम उनको याद कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, और उनकी विचारधारा पर चलने का पुनः संकल्प लेते हैं गोष्ठी को प्रदेश सचिव जयहिंद यादव, राजन यादव, श्यामबहादुर पाल, पूर्व प्रमुख जयंती यादव, अनवारूल हक गुड्डू, नैपाल यादव, श्यामनारायण बिंद, बरसातू राम सरोज, डॉ रामसूरत पटेल, डॉ जंगबहादुर यादव, गंगाराम मौर्य, राजेश यादव, पंडित जितेंद्र शर्मा ने संबोधित किया। उक्त अवसर पर उपस्थित समाजवादियों में पूर्व विधायक लालबहादुर यादव, गुलाब यादव, राजेंद्र पाल धनगर, आनंद गुप्ता, गुड्डू सोनकर, धीरज बिंद, शैलेश यादव, विकास यादव, आनंद मौर्य, गामा सोनकर सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण मौजूद रहे। गोष्ठी का संचालन ज़िला महासचिव आरिफ हबीब ने किया।

## सीमा पार से आतंकी घटनाएं राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंताजनक -प्रमोद तिवारी

स्वतंत्र प्रभात



**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने जम्मू में सीमा पार से खतरनाक आतंकी गतिविधियो को बेहद चिंताजनक करार दिया है। उन्होंने जम्मू के अखनूर सेक्टर में आतंकी हमले में जेसीओ के सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने इस आतंकी हमले पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की घेराबंदी करते हुए कहा कि धारा 375 हटने के बाद इन आतंकी घटनाओं को लेकर वह देश के सामने जबाबदेही तय करें। उन्होने कहा कि बहादुर जेसीओ के देश की हिफाजत में बलिदान पर फक्र है और कहा कि सीमा पार से आतंकवाद को समूल रूप से नष्ट करने के लिए भाषणों से नहीं बल्कि अब आतंकवाद को भयग्रस्त करने के लिए गोलियों से करारा जबाब दिया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि यह और चिन्ताजनक है कि अब वहां आतंकी हमले फौज तथा पैरा मिलिट्री पर आक्रामक हो रहे हैं। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने वक्फ कानून को लेकर पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा में लोक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने को भी दुर्भाग्यपूर्ण कहा है। उन्होने कहा कि वक्फ कानून पहले भी पास हुए हैं पर इस समय भाजपा इसकी आड़ में देश भर में साम्प्रदायिक आग फैला रही है।कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार को हर कीमत पर वहां कानून और व्यवस्था के कड़े प्रबन्धों के साथ निर्दोष लोगों की जान व सम्पत्ति की रक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि धार्मिक एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भी भाजपा हमलावर हो उठी है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का यह बयान शनिवार को मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

## डॉ योगेंद्र और डॉ दीक्षा को पीडब्ल्यूए ने किया सम्मानित

● पीडब्ल्यूए के लोकसेवा सम्मान से नवाजे गए वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ योगेंद्र सिंह और युवा डॉ दीक्षा कटियार।

निःशुल्क कंसल्टेंसी और औषधियों के वितरण में जनहितकारी योगदान के लिए सराहा, बोले डॉक्टर समाज में जीवन रक्षक हैं।

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** डॉक्टर समाज में लोगों के लिए जीवन रक्षक के रूप में देखे जाते हैं। समाज में अपने कर्तव्यों और निस्वार्थ सेवा के लिए अपने कर्तव्यों का पालन करने वाले दो चिकित्सकों को वेलफेयर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश(पीडब्ल्यूए) के लोकहित में चले एक माह निशुल्क सेवा ड्राइव में महत्वपूर्ण





योगदान देने के लिए सम्मानित किया है। पीडब्ल्यूए उत्तर प्रदेश द्वारा वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ योगेंद्र सिंह यादव और डॉ दीक्षा कटियार को लोकसेवा के लिए सम्मान पत्र प्रदान किया। पीडब्ल्यूए की ओर से वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता संजय कटियार ने डॉक्टर्स को सम्मान पत्र भेंट किया और लोकहित में उनकी सेवा और सहयोग की सराहना की गई। पीडब्ल्यूए के महासचिव पंकज कुमार सिंह ने बताया कि समाज में असहाय और निर्धनों के लिए मदद में डॉक्टर्स ने अहम भूमिका निभाई है,साथ ही इनके द्वारा निशुल्क औषधीय वितरण में सहयोग भी दिया गया है। डॉक्टर्स ने अपने चिकित्सकीय पेशे के एक हिस्से में पीडब्ल्यूए के साथ जुड़कर लोकहित में गरीब असहायों की मदद में अपना योगदान दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में गायत्रीपुरम गली नम्बर 3 कल्याणपुर में एक स्थाई निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा क्लिनिक भी संचालित किया जा रहा है जहाँ असहाय और निर्धनों के स्वास्थ्य सेवा के लिए मदद दी जाती है। वार्ता में विपिन पटेल, अजय सिंह, प्रदीप सिंह, सुमित शर्मा आदि रहे।

## सशक्त सनातन के लिए केसरिया व केसरी के लाल का अनुसरण करना होगा

स्वतंत्र प्रभात

धर्म संघ शिक्षा मण्डल में "धरोहर संरक्षण सेवा संगठन" द्वारा श्री हनुमान प्राकट्य उत्सव का आयोजन किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मसंघ शिक्षा मण्डल के महामंत्री श्री जगजीतन पाण्डेय ने किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति बिहारी लाल शर्मा ने कहा भारत एक उत्सवधर्मी देश है उत्सव उत्साह की जननी है उत्साह से सब कुछ पाया जा सकता है उत्साहहीन व्यक्ति का जीवन नीरस होता है,हनुमान जी उत्साह के देवता है हनुमान जी के शरण में आने पर व्यक्ति उत्साहित होकर अपने लक्ष को प्राप्त करता है।वक्ताओं में संगठन के प्रमुख संयोजक कृष्णा नन्द पाण्डेय ने कहा कि आज हर भारतीय को पूर्णरूप केसरिया व केसरी के लाल के गुणों का अनुसरण करने की जरूरत हैं जैसे केशर को केशर बनने से पहले तपना,जलना और पीसना पड़ता है तब केसरिया बनता हैं,उसी प्रकार हर सनातनी युवा को तपने,जलने और पिसने के लिए अपने को तैयार रखना होगा तभी सशक्त सनातन व सशक्त भारत का निर्माण होगा। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों खेल, समाजसेवा, चिकित्सा, आध्यात्मिक जागरण, साहित्य, कृषि पर्यावरण, शिक्षा, संगीत, संस्कृति, समाचार संचरण सहित दस क्षेत्र से चार चार लोगो को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। श्री हनुमान प्राकट्य दिवस के शुभ अवसर पर संगठन के एक नए आयाम

**केशरिया भारत** की शुभारम्भ हुआ, नए आयाम के द्वारा भारत में हो रहे धर्मातरण, आजीविका जेहाद,जनसंख्या असन्तुलन, पलायन गौ हत्या के विरुद्ध एक अभियान चलाया जाएगा। अध्यक्षीय उद्बवोधन में जगजीतन पाण्डेय ने कहा कि हनुमान जी महाराज सदैव धर्म व सत्य के रक्षक रहे हैं। क्योंकि न्याय ही धर्म की आत्मा है और जहाँ



धर्म है, वहीं जय होती है। जिससे समाज में भय समाप्त होता है और शांति तथा आनन्द की स्थापना होती है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विंध्यवासिनी पाण्डेय, सुधीर सिंह, चन्द्र देव पटेल, अरविन्द पाण्डेय डॉक्टर, उपेंद्र सिंह, राकेश त्रिपाठी, अजय कृष्ण सेठ, राकेश चौबे, बृजेश पाण्डेय अमन त्रिपाठी गौरीश सिंह डा.चंचल दुबे सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन गौरव मिश्र ने किया, राजमंगल पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम का समापन सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ व ध्वज यात्रा से हुआ।

## चतुर्थ पुण्यतिथि पर याद किए गए स्मृतिशेष ठा. अशोक कुमार सिंह

**जौनपुर।** बाबू जी के नाम से पहचाने जाने वाले तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व प्रबन्धक एवं पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष स्मृतिशेष ठा. अशोक कुमार सिंह की चतुर्थ पुण्य तिथि पर उनके पैतृक गांव महरूपुर स्थित उमानाथ सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर के हनुमान मंदिर पर राम चरित मानस प्रवचन दिनांक 13 अप्रैल,14 अप्रैल एवं 15 अप्रैल 2025 तीन दिनों तक आयोजित किया जाएगा. जिसमें व्यास के रूप में डॉ. मदन मोहन मिश्र, मानस कोविद वाराणसी तथा पंडित प्रकाश चंद्र पांडेय 'विद्यार्थी' जी है। इस तीन दिनों के चलने वाले कार्यक्रम में मानस के समस्त सोपनो का विद्वानों द्वारा प्रवचन किया जाएगा, ठाकुर अशोक कुमार सिंह एक समाजसेवी के साथ-साथ मानस के बड़े प्रेमी व्यक्ति थे, उनके जीवन में उनका सरल स्वभाव ही उनके व्यक्तित्व का प्रमुख लक्षण था , जिससे जनपद वासी उनसे बहुत प्यार करते थे, मानस कोविद पंडित मदन मोहन मिश्रा ने पहले दिन प्रभु राम के जन्मोत्सव से संबंधित कथाएं सुनाई और प्रभु राम के बाल रूप की चर्चा किया, इस मौके पर उनके पुत्र



राघवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रबंधक तिलकधारी महाविद्यालय, जौनपुर, देवेंद्र प्रताप सिंह, शिवेंद्र प्रताप सिंह व धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा स्मृति शेष ठा. अशोक कुमार सिंह की चित्र पर माल्यापर्ण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कथाकार चंद्र प्रकाश विधार्थी ने कहा कि अशोक कुमार सिंह एक समाजसेवी थे, वे अपने जीवन काल में हमेशा गरीबों व असहायो की मदद करते थे।इस मौके पर पूर्व सांसद डॉ के पी सिंह, टी डी कॉलेज प्राचार्य प्रो. राम आसरे सिंह सिंह, टी डी कॉलेज, प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रकाश सिंह , प्रो.आर. यन त्रिपाठी पूर्व सदस्य लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश, डॉक्टर सूर्य कुमार सिंह मुन्ना, ब्लॉक प्रमुख सुरेंद्र सिंह, श्री सत्य प्रकाश सिंह माला प्रो. हरिओम त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# जिला तीरंदाजी चैंपियनशिप का हुआ आयोजन

● एम फार गोल्ड के लक्ष्य पर काम कर रहा संजीव सिंह आर्चरी एकेडमी

स्वतंत्र प्रभात

**रूद्रपुर, देवरिया।** स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा प्रायोजित तथा जिला तीरंदाजी संघ के तत्वावधान में संजीव सिंह तीरंदाजी संस्थान ट्रस्ट द्वारा आयोजित प्रथम जिला तीरंदाजी चैंपियनशिप का आयोजन श्रीनेत ग्लोबल स्कूल में किया गया। मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी हरिशंकर लाल, व गेस्ट ऑफ ऑनर नायब तहसीलदार अनिल तिवारी रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ कोतवाल रतन शंकर पांडेय ने प्रतियोगिता में तीर चला कर किया।

इस दौरान उप जिलाधिकारी हरिशंकर लाल ने कहा कि एम फार गोल्ड के लक्ष्य पर संजीव सिंह आर्चरी एकेडमी कार्य कर रहा है। आने वाले 2028 के ओलंपिक में तीरंदाजी में गोल्ड आएगा। तीरंदाजी में जितना नर्सरी के प्रशिक्षु अच्छा कर रहे हैं देखकर मन प्रसन्न हो रहा है। तीरंदाजी प्रतियोगिता के परिणाम में 8 कपल ब्वाय में अंकुश यादव प्रथम (166), अभिनव सिंह द्वितीय (149), हिमांशु कुमार तृतीय (146) रहे। अंडर-8 गर्ल्स में लिप सिंह प्रथम (150), श्रेया प्रजापति (142) द्वितीय, आरोही विश्वकर्मा (140) तृतीय स्थान पर रहे। अंडर - 10 एक व्वाय में अयांश पाण्डेय (172) प्रथम, वेदांश सिंह (160) द्वितीय, हिमांशु कुमार (153) तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-10 गर्ल्स रिकर्व में याश्री (164) प्रथम, अलायशा त्रिपाठी (162) द्वितीय, आराध्या पाण्डेय (158) तृतीय स्थान पर रहे। अंडर 10 कंपाउंड ब्वाय में उत्कर्ष प्रजापति (301) प्रथम, शशांक यादव (301) द्वितीय स्थान पर रहे। अंडर 13 रिकर्व गर्ल्स में प्रज्ञा सिंह



(310) प्रथम, अंशिका कुमारी (260) द्वितीय, नासरीन (217) तृतीय स्थान पर रहे। अंडर - 13 ब्वाय रिकर्व में आलोक गुप्ता (355) प्रथम, प्रभात सिंह (311) द्वितीय, प्रवीन सिंह (306) तृतीय स्थान पर रहे।

**अंडर-13 ब्वाय** कंपाउंड में देव विश्वास 299 प्रथम, अंश सिंह 243 द्वितीय स्थान पर रहे।

**अंडर-13 गर्ल्स** कंपाउंड में अंशिका पटेल (264) प्रथम, शिखा शर्मा (244) द्वितीय, अदिति पाण्डेय ॥91) तृतीय स्थान पर रही। अंडर 17 में अतुल धर द्विवेदी (254) प्रथम स्थान पर रहे।सीनियर कंपाउड (50 मी. में अनामिका त्रिपाठी (273) प्रथम, अनुष्ठा सिंह (255) द्वितीय, संगिनी त्रिपाठी (143) तृतीय स्थान पर रही। चैंपियनशिप में तीरंदाज संजीव कुमार सिंह, तीरंदाजी संघ के सचिव अभिषेक रूपक, गेम टीचर उदयभान सिंह राजेश राय, अनिल सिंह, खड्ग बहादुरसिंह, संकट मोचन चतुर्वेदी, स्पॉन्सर एसबीआई विजय कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्या डा0 मधु सिंह आदि उपस्थित रहे।

## असुरों के विनाश के लिए धरा पर अवतरित होते हैं भगवान - कथा व्यास शुभम कृष्ण जी महाराज श्री धाम वृंदावन

● धूमधाम से मनाया गया भगवान कृष्ण का जन्मदिन कृष्ण जन्मोत्सव

**शुकुल बाजार अमेठी।** जनपद अमेठी के विकासखंड शुकुल बाजार की ग्राम इन्दरिया में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास शुभम कृष्ण जी महाराज श्रीधाम वृंदावन ने अपने मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा कहते हुए कहा कि, जब-जब धरा पर असुरों का अत्याचार बढा है तब तब भगवान ने भक्तों की रक्षा के लिए तथा धरा को असुरों के अत्याचारों से मुक्त करने के लिए अवतार लिया है। इस दौरान उन्होंने सूर्यवंश और चंद्रवंश पर विस्तृत प्रकाश डाला साथ ही साथ क्रूर दानव कंस के कारागार में भगवान श्री कृष्ण के जन्म श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण के जीवन के बारे में जानकारी भागवत पुराण में मिलती है, कृष्ण देवकी और वासुदेव के आठवें पुत्र हैं । उनके जन्म के समय, उत्पीड़न बड़े पैमाने पर था, स्वतंत्रता से इनकार किया जा रहा था, और राजा उग्रसेन का जीवन खतरे में था। कृष्ण का जन्म भारत के मथुरा में एक जेल में हुआ था जहाँ उनके माता-पिता कंस द्वारा बंदी थे। देवकी के विवाह के दौरान, कंस को एक दिव्य आवाज़ द्वारा चेतावनी दी गई थी कि देवकी का आठवां पुत्र उसकी मृत्यु का कारण होगा। इस भविष्यवाणी को चुनौती देने के प्रयास में, कंस ने अपनी बहन देवकी और उसके पति को कैद कर लिया और जन्म के तुरंत बाद उसके पहले छह नवजात शिशुओं को मार डाला। भगवान श्री कृष्ण के जन्म के समय देवकी की कोठरी पर निगरानी रखने के लिए जिम्मेदार पहरेदार सो गए इन घटनाओं ने वासुदेव को कृष्ण को यमुना नदी के पार उनके पालक माता-पिता, यशोदा और नंद के पास जाने का समय मिल गया भगवान श्री कृष्ण ने जब जन्म लिया घोर अंधकार था, भारी वर्षा हो रही थी, बिजली की



गड़गड़ाहट हो रही थी, यमुना नदी को पार कर उनके पिता ने उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचा। कथा व्यास द्वारा भगवान की अन्य लीलाओं पर भी प्रकाश डाला गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ल, पूर्व प्रमुख प्रत्याशी व ग्राम सभा के पूर्व प्रधान भूपेंद्र विक्रम सिंह, आवेस शुक्ला, धीरेंद्र विक्रम सिंह, सतीश दास महाराज, पत्रकार दीपक पाठक, पंकज पांडे, सनत कुमार पांडे, अर्पित मिश्रा, हर्षित मिश्रा, आदित्य मिश्रा, बद्रीनाथ मिश्रा,अनुपम शुक्ला,कमले शुक्ला सहित सैकड़ो की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे, जिन्होंने कथा का रसपान किया तथा कथा व्यास का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## गांव चलो अभियान के अंतर्गत के विभिन्न गांवों में पहुंच कर विधायक सुरेश पासी ने डबल इंजन की सरकार की उपलब्धियां से जनमानस को कराया रूबरू

स्वतंत्र प्रभात

**जगदीशपुर अमेठी।** 10 अप्रैल से 13 अप्रैल तक चलने वाले कार्यक्रम गांव चलो अभियान के अंतर्गत 184 जगदीशपुर विधानसभा से विधायक सुरेश पासी जगदीशपुर विधानसभा के विभिन्न गांवों में पहुंचकर सीधे जनता से रूबरू होते हुए केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत कराया। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार लगातार देश और प्रदेश का विकास कर रही है, डबल इंजन की सरकार गांव गरीब और किसान के विकास को लेकर समर्पित है, उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों को 5 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज प्रत्येक वर्ष मुहैया करा रही है ,गरीबों को निशुल्क राशन मुहैया करा रही है, गरीबों को पक्का आवास और शौचालय उपलब्ध करा रही है, किसानों को प्रत्येक वर्ष 6 हजार रुपए बतौर ससम्मान किसान सम्मन निधि के रूप में दे रही है, महिलाओं को उज्वला योजना के अंतर्गत रसोई गैस उपलब्ध करा रही है, सुकन्या योजना के तहत बेटियों के भविष्य को संवारने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार गांव गरीब और किसान को समर्पित है गांव के विकास को लेकर गांव में शहरों जैसी सुविधा उपलब्ध करा रही है। इस दौरान विश्वकर्मा नगर मंडल व अन्य मंडलों में भी पहुंचकर जगदीशपुर विधायक सुरेश पासी ने गांव चलो



अभियान को सफल बनाते हुए जनता से सीधे जन संवाद किया और विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत प्रकार डाला। साथ-साथ यह भी सुनिश्चित किया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का शत् प्रतिशत लाभार्थियों को लाभ मिले।

## भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रानीगंज ईकाई का हुआ पुनर्गठन

**रानीगंज अमेठी।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी राजेश मसाला एवं प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी की संस्तुति पर रानीगंज ईकाई का पुनर्गठन किया गया, बड़ी संख्या में उपस्थित रानीगंज के व्यापारियों ने सर्वसम्मति से निम्न क्रमानुसार मनोनीत किया गया,संरक्षक दुर्गेश कौशल, मुन्ना जी ज्वैलर्स, अध्यक्ष संतोष कौशल(कल्लू) प्रभारी अमित शर्मा,महामंत्री रवि कौशल,संगठन महामंत्री संजय जी (इलेक्ट्रॉनिक),वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण प्रजापति,कोषाध्यक्ष मुस्तकीम,उपाध्यक्ष मुन्ना बरनवाल, सुमित कौशल राजकमल, हरिओम कौशल, नवनीत कौशल,मीडिया प्रभारी आदित्य बरनवाल, नीरज कौशल,आय व्यय निरीक्षक अजय कौशल (रेडीमेड सेंटर),विधिक सलाहकार राकेश यज्ञ सैनी,संगठन मंत्री कामता सिंह गिहार, मो. आमिर,सचिव सूरज यज्ञसैनी, संदीप प्रजापति मो.अफजल, प्रिंस अग्रहरि, दीपक यज्ञ सैनी,मनोनयन के पश्चात् उपस्थित व्यापारियों ने नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए माल्यार्पण किया,सम्पूर्ण कार्यकारिणी को बधाई




देते हुए प्रदेश प्रभारी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश मसाला,प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी,अयोध्या मंडल प्रभारी हरिकेश श्रीवास्तव ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## डा0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती से पूर्व आंबेडकर की प्रतिमा की भाजपाइयों ने की साफ सफाई

● स्वच्छता अभियान के तहत जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपाइयों ने लगाया झाड़ू

**अमेठी।** भारत रत्न, बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में उनकी जयंती से पूर्व जनपद के शुकुल बाजार कस्बे में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की सफाई की गई तथा झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला के नेतृत्व में आंबेडकर की प्रतिमा की विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की गई। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि संविधान निर्माता डॉक्टर साहब भीमराव अंबेडकर विशेष प्रतिभा के धनी थे उन्होंने कहा आम्बेडकर विपुल प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स दोनों ही विश्वविद्यालयों से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधियाँ प्राप्त कीं तथा विधि, अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान में शोध कार्य भी किये थे। व्यावसायिक जीवन के आरम्भिक भाग में वे अर्थशास्त्र के प्रोफेसर रहे एवं वकालत भी की तथा बाद का जीवन राजनीतिक गतिविधियों में अधिक बीता। इसके बाद आम्बेडकर भारत की स्वतंत्रता के लिए प्रचार और चर्चाओं में शामिल हो गए और पत्रिकाओं को प्रकाशित की। उन्होंने दलितों के लिए राजनीतिक



अधिकारों की तथा सामाजिक स्वतंत्रता की वकालत की और भारत के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। सन 1990 में, उन्हें भारत रत्न, भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से मरणोपरांत सम्मानित किया गया था। 14 अप्रैल को उनका जन्म दिवस आम्बेडकर जयंती के तौर पर भारत समेत दुनिया भर में मनाया जाता है। डॉक्टर आम्बेडकर की विरासत में लोकप्रिय संस्कृति में कई स्मारक और चित्रण शामिल हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## अंतर्राष्ट्रीय आयुष सम्राट सम्मान जनपद खीरी के नाम



**लखीमपुर खीरी।** जर्मन होमियोपैथी रिसर्च सेन्टर के निदेशक कुँवर डॉ0 वीर बहादुर धुरिया को अंतर्राष्ट्रीय आयुष सम्मेलन आगरा में खीरी का नाम रौशन किया है। डॉ. धुरिया के नाम कई राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मान सामिल होने के साथ, होमियोपैथी, आयुवेर्दा. वैकल्पिक चिकित्सा विज्ञान में औषधि अनुपात 3~7 पूरी दुनिया में मेडिकल साइन्सेज रिसर्च जोकि फामाकोलॉजी का एक अंग है गर्व कि बात है। यह रिसर्च डॉ. धुरिया द्वारा भारत सरकार के गजट एवं अंतर्राष्ट्रीय जनरल्स रिसर्च पेपर में कई बार प्रकाशित होने पर देश विदेश पढ़ा जा रहा है। अप्रैल अंतर्राष्ट्रीय होमियोपैथी सप्ताह के शुभ अवसर पर मा0 योगेन्द्र उपाध्याय उच्च शिक्षा मंत्री भारत सरकार व हरिद्वार विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ0 धर्मवीर द्वारा 6 अप्रैल को एक बड़े मंच से डॉ0 धुरिया रिसर्च की सराहना की और साथ ही साथ अंतरर्राष्ट्रीय आयुष सम्राट सम्मान से नवाजा गया। इस खास मौके पर डॉ0 धुरिया ने अपने जनपद के सभी शिक्षा चिकित्सा संस्थानों को आभार व्यक्त किया है। जिससे चिकित्सा जगत के प्रदेश व जनपद में खुशी है।

## प्रधान के घर दबंगों ने किया पथराव और फायरिंग



**अलीगढ़।** थाना विजयगढ़ क्षेत्र स्थित बरा कला गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार के घर पर दबंगों ने देर रात पथराव और फायरिंग कर दी। बताया जा रहा है कि प्रधान द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली में लदी गेहूं की बोरियों की चोरी का विरोध किया गया था, जिसके बाद दबंगों ने उनके घर पर हमला बोल दिया। ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया है, जिसमें घर पर पथराव और गोलीबारी के निशान भी देखे जा सकते हैं। प्रधान का आरोप है कि दबंगों ने रात में दो बार उनके घर पर चढ़ाई की और जान से मारने की धमकी दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गांव में बढ़ते तनाव को देखते हुए क्षेत्र में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## डीडी अस्पताल में दिव्यांगों के शौचालय में लटक रहा ताला



अस्पताल के शौचालय पर लटाका ताला

**अलीगढ़।** पं. दीनदयाल उपाध्याय संयुक्त अस्पताल परिसर में दिव्यांगों के लिए बना शौचालय उनके काम नहीं आ रहा है। शौचालय में हमेशा ताला लटका रहता है।

केंद्र और प्रदेश सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत देश को स्वच्छ बनाने की कवायद कर रही है। लोग खुले में शौच जाने को विवश न हों, इसके लिए व्यक्तिगत और सामुदायिक शौचालय बनवा रही है। वहीं, सरकारी कार्यालयों मे आने वालों को जरूरत महसूस होने पर परेशानी न हो, इसे ध्यान में रहते हुए शौचालय का निर्माण करवाती है। अस्पताल परिसर में ओपीडी द्वार और इमरजैंसी के पास दिव्यांगों की सुविधा के लिए शौचालय का निर्माण कराया गया था। यहां पर रैंप की व्यवस्था की गई थी। अलग-अलग महिला और पुरुष के लिए शौचालय बना था, लेकिन यह शोपीस बनकर रह गया है। अस्पताल में इलाज कराने आए मरीजों के तीमारदारों का कहना है कि शौचालय बना है तो उसे खोल कर रखना चाहिए। घनी आबादी वाले जनपद में लोगों की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दो अस्पताल में 10 से 20 दिव्यांग भी रोज इलाज कराने आते हैं। ऐसे में जरूरत पड़ने पर वे सामान्य शौचालय का उपयोग कर नहीं पाते हैं, क्योंकि वहां पर रैंप आदि की व्यवस्था नहीं है।

# दबंगई की हदें पार! मानसिक रूप से विक्षिप्त दलित युवक पर धारदार हथियार से हमला

स्वतंत्र प्रभात



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** तहसील गोला क्षेत्र के थाना मैलानी के अंतर्गत संसारपुर कस्बे में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना समय सामने आई जब कुछ अज्ञात दबंग युवकों ने दलित पासी बिरादरी के एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक को बेरहमी से धारदार हथियारों से पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया। हैरानी की बात यह है कि यह पूरी घटना संसारपुर पुलिस चौकी के ठीक पीछे घटी, और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गया है।पीड़ित पिता का बयान जान से मारने की साजिश थी पीड़ित युवक के पिता संसारपुर निवासी जगदीश प्रसाद ने बताया कि उनका बेटा रोज की तरह चौकी के पीछे से निकल रहा था, तभी अचानक चार से छः युवक मोटरसाइकिल से आए और उस पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया।।

उनके मुताबिक, आरोपियों ने उनके बेटे को जमीन पर गिराकर बांका, बघौली और हसिया से जानलेवा हमला किया मेरा बेटा मानसिक रूप से विक्षिप्त है जब वीडियो वायरल हुआ तभी मुझे इस हमले की जानकारी मिली मैंने तुरंत पुलिस चौकी में तहरीर दी, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है पीड़ित पिता जगदीश प्रसाद ने कहा वीडियो बनाने वाले युवक पर भी बरसाए लात घूंसे हैरानी की बात तब और बढ़ गई जब घटना स्थल पर मौजूद एक अन्य युवक ने हिम्मत कर वीडियो बनाना शुरू किया। जैसे ही हमलावरों को इसका एहसास हुआ, उन्होंने पीड़ित को छोड़ वीडियो बना रहे युवक को भी बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। इस मामले में वीडियो बनाने वाले लड़के के पिता ने भी अलग से लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है परिवार संपर्क करने पर संसारपुर चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर ने बताया कि आरोपित युवकों को पहचान कर थाने लाया गया है। और पूछताछ जारी है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद दलित पासी समाज में गहरा रोष व्याप्त है। पुलिस चौकी के निक टी हुई इस वार्ड टी को लेकर पुलिस की कार्य शैलीपर पृष्न चिन्ह उठने लगे हैं।

# 19 माह का बकाया वेतन मांगने पर ग्राम पंचायत सचिव ने महिला केयरटेकर को फोन पर दी अभद्र गलियां

● अपनी अभद्र भाषा शैली को लेकर एक बार फिर सचिव भास्कर राय चर्चा में

स्वतंत्र प्रभात




**लखीमपुर खीरी** विकासखंड धौरहरा में तैनात ग्राम पंचायत सचिव भास्कर राय अपनी अभद्र भाषा शौली को लेकर एक बार फिर चर्चा में है। ताजा मामला ग्राम पंचायत कुनिया का है जहां ग्राम पंचायत में तैनात महिला केयरटेकर द्वारा 19 माह का बकाया वेतन मांगने पर उक्त ग्राम पंचायत सचिव ने फोन पर न सिर्फ अभद्रता की बल्कि गंदी-गंदी गालियां देते हुए नौकरी से निकाल देने की धमकी भी दी।पीड़िता ने एसडीम सहित सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्लॉक धौरहरा की ग्राम पंचायत कुनिया में स्थित सामुदायिक शौचालय में महिला केयरटेकर के पद पर राजकुमारी पत्नी राम मूर्ति तैनात है। राजकुमारी का आरोप है 19 माह से उनका वेतन नहीं दिया गया है बच्चे की बीमारी के चलते राजकुमारी ग्राम प्रधान,पंचायत सचिव भास्कर राय से फोन पर वेतन दिलाने की बात कही गई तो उक्त सचिव द्वारा फोन पर न सिर्फ राजकुमारी से अभद्रता भरी भाषा में बात की गई बल्कि गंदी गंदी गालियां देते हुए नौकरी से निकाल देने की धमकी दी गई। उक्त आरोप लगाते हुए पीडिता ने एसडीएम धौरहरा को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। वहीं उक्त मामले को लेकर सीएम पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई। ग्राम पंचायत सचिव के इस दुर्व्यवहार से महिला केयरटेकर राजकुमारी आहत है अभद्र भाषा शैली को लेकर चर्चा में आए। ब्लॉक धौरहरा में तैनात ग्राम पंचायत सचिव भास्कर राय अपनी अभद्र भाषा शैली व दुर्व्यवहार को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहे हैं। पूर्व में एक पत्रकार द्वारा ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार की खबर प्रकाशित करने पर पत्रकार को उक्त सचिव द्वारा फोन पर अश्लील शब्दों का प्रयोग किया गया था मामला थाने पहुंचने पर ए.डी.ओ पंचायत व थाना प्रभारी धौरहरा द्वारा सुलह समझौता कराकर मामले को रफा दफा कर दिया गया था। अब देखना यह है कि इस मामले में भी विभागीय जिम्मेदार सुलह समझौता कराकर अपने ग़ालिबाज सचिव को बचाने के प्रयास किए जाएंगे, या फिर ऐसे गालीबाज सचिव के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# लक्ष्मण एनक्लेव कॉलोनी की चारदीवारी तोड़ने पहुंचे भू माफिया

● अवैध रूप से प्लाटिंग कर कॉलोनी के अंदर से चाहते हैं रास्ता

स्वतंत्र प्रभात



**शाहजहांपुर/**जनपद में भू माफिया का आतंक जारी है कहीं प्लांट पर कब्जा करने के लिए मारपीट हो रही है तो कहीं पर औने -पौने दामों में जमीन खरीद कर भू माफिया अवैध कॉलोनी काटकर उसकी कीमत दोगुनी करने के चक्कर में मारपीट करने को तैयार है और शाहजहांपुर जनपद में अधिकारी भूमाफियाओं के सत्ता से जुड़े होने के कारण मूकदर्शक बने हुए हैं ताजा मामला थाना रोजा क्षेत्र का है जहां काफी दिन पहले होंडा कॉलोनी के पास लक्ष्मण एनक्लेव कॉलोनी का निर्माण हुआ था और कॉलोनी काटने वाले प्लांट बिक्री कर चारदीवारी कराते हुए वहां से रफू चक्कर हो गए जबकि इन कॉलोनी वासियों को लाइट पानी और सुरक्षा जैसे तमाम वादा किए गए थे अब कॉलोनी वासियों के लिए एक और नया संकट खड़ा हो गया है इसी कॉलोनी के पीछे सत्ता से जुड़े कुछ भूमाफियाओं ने औने-पौने दामों में जमीन का ब्याना दे दिया और प्लाट काटने शुरू कर दिए फिलहाल इस जमीन के लिए एक सरकारी चकरोट भी है लेकिन जब सत्ता और पावर हो तो फिर उसका उपयोग भी होता है यही भू माफिया कर रहे हैं भूमाफियाओं ने लक्ष्मण एनक्लेव कॉलोनी की जबरन चार दीवारी तोड़कर अवैध कॉलोनी को लक्ष्मण एनक्लेव कॉलोनी में मिलाना चाहा और पहुंच गए दीवार तोड़ने जबरन दीवार तोड़ते समय कॉलोनी वासियों से वार्तालाप भी हुआ और जब झगड़े का नंबर आया तो रॉक लेने की धमकी देते हुए निकल लिए जानकारों की माने तो दीवार तोड़ने वाले सत्ता में लंबी पहुंच रखते हैं और , कॉलोनी में निवास करने वाले भी मंत्री के खास बताए जा रहे हैं अब मामला बराबर का आमने-सामने है तो मामला थाना रोजा पहुंच चुका है प्रार्थना पत्र भी दिया गया लेकिन प्रशासन के कान में अभी तक जूं नहीं रेंगी है लोगों की माने दोनों पार्टी सत्ता से जुड़ी हुई है अगर ऐसी स्थिति में इस दीवार तोड़े जाने को लेकर टकराव हुआ तो स्थित ज्यादा बिगड़ सकती है फिलहाल इस संबंध में थाने पर शिकायत हुई है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है कॉलोनी वासियों की माने तो इस संबंध में कॉलोनी वासियों ने वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को भी अपनी समस्या से अवगत कराया है और सोशल मीडिया पर दीवार तोड़ते हुए एक वीडियो भी वायरल हो रहा है।

# बाइक सवारों ने बरसाई गोलियां,युवक की मौत,गुस्साई भीड़ ने दिया धरना

**अलीगढ़।** थाना बन्नादेवी क्षेत्र के नगला कलार में कहर बरपाते हुये मोटरसाइकिल सवार चार हथियारबंद बदमाशों ने एक घर में घुसकर जमकर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई। जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक केशव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। युवक की मौत और बदमाशों के आतंक से गुस्साये लोगों ने खैर बाईपास रोड़ पर जाम लगा दिया। जानकारी मिलने पर थाना पुलिस के अलावा पुलिस के आलाधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गये और प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया, तब जाकर यातायात सुचारू हो सका। पुलिस के अनुसार, थाना जवां क्षेत्र का रहने वाला मुरारी लाल वाल्मीकि (40) अपने साले के घर नगलसा कलार मुंडन समारोह में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ कार्यक्रम में शामिल होने आया था। जहां बाइक सवारहमलावरों ने गोलियां बरसानाशुरू कर दी जिसमें एक गोली मुरारीलाल को जा लगी और वह मौके पर ही खून से लथपथ होकर ढ़ेर हो गया।



सड़क प्रदर्शन करते महिला पुरूष

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावरों ने घर के दरवाजे पर खड़े मुरारी लाल पर उन पर गोलीबारी कर दी और अपनी मोटरसाइकिलों से मौके से भाग गए। उहोंने बताया कि गोलीबारी के बाद, बन्नादेवी थाने पर बड़ी संख्या में गुस्साई भीड़ जमा हो गई और अपराधियों की तकाल गिफ्तारी की मांग को लेकर धरना दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वितीय राजीव द्विवेदी ने बताया कि हमलावरों की गिरफ्तारी के लिये एक पुलिस टीम का गठन किया गया है और अपराधियों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी है। उहोंने यह भी पुष्टि की कि जांच के तहत कथित हमलावरों के कुछ रितेश्दारों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। घटना के सबंध में हिमाशूं लोधी और सोनू के खिलाफ मुकद्दमा पंजीकृत कराया है।

# पंचायत भवन निर्माण में भारी गड़बड़ी के आरोप

● मानक बिहीन नीव खुदवा कर शुरू कराया गया निर्माण कार्य और कराए जा रहे निर्माण में दोयम दर्जे की इट व घटिया सामग्री लगाए जाने के आरोप

स्वतंत्र प्रभात




**लखीमपुर खीरी** जिले की सख्त जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की सख्ती के बाद भी जनपद के विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग में विकास कार्यों के नाम पर भ्रष्टाचार पर लगाम लगती नजर नहीं आ रही है। ताजा मामला विकासखंड लखीमपुर की ग्राम पंचायत रेउसा का है जहाँ करवाए जा रहे पंचायत भवन निर्माण कार्य में भारी अनियमितता एवं मानक के विपरीत घटिया किस्म का निर्माण कराए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूत्र द्वारा मिली ताजा जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत रेउसा में कराए जा रहे पंचायत भवन निर्माण में नीव की चौड़ाई पर एक नजर डाली जाए तो मात्र चार अंगुल नीव खुदवाकर निर्माण शुरू कर दिया गया है। इतना ही नहीं नीव की खुदाई के बाद दोयम दर्जे की ईट का प्रयोग किए जाने के साथ-साथ चुनाई में घटिया किस्म की सामग्री लगा गुणवत्ता विहीन निर्माण कराया जा रहा है।सूत्र द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचायत भवन की नीव में कम से कम चार रोद्दे 14 इंच के लगने चाहिए और उसके बाद 9 इंच के लगने चाहिए लेकिन यहां पर ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है।पंचायत भवन का निर्माण कर रहे राजमिस्त्री व मजदूर से जब नीव कम खोदे जाने के विषय में जानकारी चाहि गई तब मिस्त्री ने ऑन कैमरा बताया कि जे.ई. साहब ने बताया है कि एक 14 इंच रोद्दा खोद लो शेष पटाई में आ जाएगा। यहां पर सबसे अहम सवाल पैदा होता है क्या एस्टीमेट में एक 14 इंची रूददा लगाना अंकित है? क्या 14 इंच एक रोद्दा मजबूती दे पाएगा बिल्डिंग को? वहीं दूसरा बड़ा सवाल यह पैदा होता है कि जब एस्टीमेट में प्रथम श्रेणी ईट है तो दोयम दर्ज की ईट क्यों और किस सक्षम अधिकारी के आदेश से लगाई जा रही है? जिम्मेदार अवर अभियंता और खंड विकास अधिकारी को यह अनियमितता क्यों नहीं दिखाई पड़ रही है? और यदि इस गड़बड़ झाले की खबर उनको है तो फिर किन कारणों से उक्त मामले पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।यदि मामले की करा ली जाए उच्च स्तरीय जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच तो मामला खुलकर आएगा सामने ऐसा दर्जनों लोगों का आरोप है।

**वर्जन** – उपरोक्त मामले पर जब जे ई प्रदीप वर्मा से जानकारी चाहि गयीं तो उन्होने बताया की मामला मेरी जानकारी मे आया है .दिखवाता हूँ।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव पर अखाड़ा महंत कन्या भोज और भंडारा कराया गया



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** ग्राम पिपरहिया में उदासीन अखाड़ा के महंत श्याम मुनि महाराज द्वारा कन्या भोज कर संत महात्मा व ग्रामीणों को भोजन कराया।इस अवसर पर राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष श्री राकेश कनौजिया व जिला महामंत्री प्रदीप जायसवाल, अशोक जायसवाल ने सभी को भोजन परोसा और सभी संत महात्माओं का आदर सत्कार करते हुए सभी के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया और सभी कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराया कन्या भोज और संत भंडारे में सीतापुर से आये श्री अमरमणि महाराज, रामेश्वर दास , बाबा महेंद्र दास, बाबा मुन्ना दास, श्यामलाल दास, श्री रामदास महाराज सहित दर्जनों साधु संत ग्रामीणों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। राकेश कनौजिया ने बताया कि हमारा संगठन हिंदुत्ववादी होने के नाते हमारा कर्तव्य है कि हम साधु संतो ऋषि मुनियों मठङ्कमंदिर व धार्मिक स्थलों की रक्षा व सुरक्षा करने की।

## भाजपा नेता उपेंद्र पाल सिंह ने महापुरुषों की प्रतिमाओं को पानी से धुलकर किया नमन







स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर/**भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती को लेकर भाजपा नेताओं को निर्देशित किया गया था कि सभी नेता अपने-अपने क्षेत्र में जाकर संत महापुरुषों के पार्कों में सफाई अभियान चलाएंगे और संत महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ सफाई करेंगे इसी क्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नीतू सिंह के पति भाजपा नेता भूपेंद्र पाल सिंह ने जनपद की पुवायां विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर संत महापुरुषों के पार्क में सफाई अभियान चलाया और विधानसभा क्षेत्र के वनिगवां, बिलंदापुर, मझिगवां, कैथ भगौतीपुर, सुहेला, कुआं टांडा, बहेड़ा बाजारपुर डोर टू डोर जनसंपर्क कर संत महापुरुषों के पार्कों में सफाई अभियान चलाया संत महापुरुषों की प्रतिमाओं को पानी से धुलकर उन्हें नमन किया इस दौरान उपेंद्र पाल सिंह विधानसभा क्षेत्र के गांव मुड़िया कुर्मियांत पहुंचे जहां स्थित डॉ.अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थल पर "स्वच्छता अभियान" कार्यक्रम में उन्होंने सभी प्रतिमाओं को पानी से धुलकर नमन किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष ढकाघनश्याम शैलेश वैश्य, ग्राम पंचायत बनिगवां के प्रधान हरिराम, सुबोध कनौजिया एडवोकेट पूर्व प्रत्याशी ब्लॉक प्रमुख बंडा, अभिनव सिंह प्रधान मुड़िया कुर्मियांत, करण मिश्रा, रामपाल , विशाल मिश्रा एडवोकेट, सचिन दीक्षित एडवोकेट, शिवम दिक्षित, श्रीकृष्ण, भाजपा के सभी सम्मानित बूथ अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# मेला चैती के मंच पर आयोजितक वि सम्मेलन मे आओ मासूम लबों की हंसी तलाश करें

● ग़मो का दौर है मिलकर खुशी तलाश करें।

स्वतंत्र प्रभात



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** छोटी काशी गोला में ऐतिहासिक मेला चैती के सांस्कृतिक मंच पर नौ वें दिन मुरलीधर त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुए स्थानीय कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि पंचायती राज समिति के सभापति /दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री मोहमदी विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि भाजपा वीर सिंह चौहान, विनोद वर्मा, विजय महेश्वरी, सुशील त्रिवेदी, हरीश भारती, विनोद स्वर्णकार, धर्मेन्द्र सिंह, सरताज खान, अवधेश मिश्रा, दीपेन्द्र गुप्ता, राजेश राठौर, राजन साहनी, शत्रोहन मिश्रा, मोहमदी मनोज गुप्ता, राजापुर बेनी राम भरोसे वर्मा, भूरे सिंह चौहान और नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया।इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि मोहमदी विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज मै अपनो के बीच आकर अभिभूत हूँ ।कवि सम्मेलन का मौका है तो मै भी विश्व वक्ता, भारत रत्न , पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पंक्तियां सुनामा चाहता हूँ।

**टूटे हुए सपने की सुने कौन**
**सिसकी अंतर को चीर व्यथा पलकों**
**पर ठिठकी हार नहीं मानूंगा रार नहीं**
**ठानूंगा**

काल के कपाल पर लिखता-मिटाता हूं गीत नया गाता हूं।स्थानीय कवियों के सम्मेलन में 68 कवियों ने अपनी विधा के रंग बिखेरे जिसमें मधुकर सैदाई , रामकुमार गुप्ता, श्रीपाल वर्मा ,फिरोज खां बेदिल भारती, श्री रविसुत शुक्ल, संत कुमार बाजपेई, श्याम मोहन मिश्र, हितेश सुशांत, अमर फतेहपुरी, गुप्ता भोले, कन्हैया सिंह रास, सुधांशु त्रिवेदी, गेंदन लाल कनौजिया, असलम हिन्दुस्तानी, हामिद, अंकित मौर्य, आलोक तिवारी, नवनीत गुप्ता, कु0 काव्या सक्सेना, श्रीमती शिप्रा खरे, बृजेश तिवारी बृजेश, तारिक इस्लाम, आदि कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की हैं।

# नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 48वें इंडिया कार्पेट एक्सपो का उद्घाटन कल

स्वतंत्र प्रभात

14-17 अप्रैल 2025 को भारत मंडपम (प्रगति मैदान), नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 48वें इंडिया कार्पेट एक्सपो का उद्घाटन कल दिनांक 14 अप्रैल 2025 को माननीय वस्त्र मंत्री, भारत सरकार श्री गिरिराज सिंह द्वारा किया जाएगा। कालीन निर्यात संवर्धन परिषद 14-17 अप्रैल 2025 को भारत मंडपम हॉल नंबर 1 में (प्रगति मैदान),नई दिल्ली में इंडिया कार्पेट एक्सपो के 48वें संस्करण का आयोजन कर रही है 7 इस एक्सपो का उद्घाटन माननीय वस्त्र मंत्री भारत सरकार, श्री गिरिराज सिंह द्वारा टैक्सटाइल सेक्रेटरी श्रीमती नीलम शमी राव तथा हस्तशिल्प विकाश आयुक्त श्रीमती अमृत राज की उपस्थिति में दोपहर 2 बजे किया जाएगा । इस अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेले में 68 देशों से लगभग 510 विदेशी खरीददारों के साथ साथ लगभग 400 विदेशी खरीददारों के प्रतिनिधियों ने अपना पंजीकरण कराया है। इस एक्सपो में निर्यातकों द्वारा जबरदस्त प्रक्रिया मिली, जिसमे 160 निर्यातकों ने इस एक्सपो में प्रतिभाग किया है।

इंडिया कार्पेट एक्सपो ने दुनिया भर के खरीदारों से अपने बढ़ते संरक्षण के साथ खुद को एशिया के सबसे बड़े हस्तनिर्मित कालीन शो के रूप में स्थापित किया है। यह हमारे सदस्य निर्यातकों के लिए जबरदस्त व्यावसायिक अवसर प्रदान करता है, क्योंकि दुनिया भर से विभिन्न प्रमुख विदेशी हस्तनिर्मित कालीन खरीदार इस एक्सपो में भाग लेते हैं। परिषद् के अध्यक्ष श्री कुलदीप राज ने बताया कि कालीन निर्यात सवर्धन परिषद द्वारा कुछ चुनिन्दा देशों में से कुल 210 चुनिंदा विदेशी खरीदारों को ₹ 700.00 और अन्य दूसरे देशों के खरीदारों के लिए ₹ 500.00 की हवाई यात्रा प्रतिपूर्ति तथा दिल्ली में स्थित 5 स्टार होटल में 2 रातों तक होटल में ठहरने की सुविधा एवं होटल से मेला स्थल तक और मेला स्थल से होटल तक शटल सेवा की सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा। परिषद् के अध्यक्ष एवं प्रशासनिक समिति के सभी सदस्यों को उम्मीद है, कि यह 48वा इंडिया कारपेट एक्सपो पिछले सभी मेलो से बेहतर साबित होगा व इसका लाभ उद्योग से जुड़े लाखों बुनकरों को मिलेगा व देश की अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण योगदान देगा।

# संक्षिप्त खबरें

## बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ देवाधिदेव महादेव की मूर्ति की की गई प्राण प्रतिष्ठा



**भदोही**/सुरियावा स्थानीय विकास क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पूरे मनोहर में स्थित आदि शक्ति मंदिर के बगल भगवान शिवजी के लिंग का प्राण प्रतिष्ठा किया गया मंदिरमे3 दिन से चल रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आचार्य श्री शंभू नाथ शुक्ला की अगुवाई में विद्वान पुरोहित द्वारा कराया गया जिसमें मूर्ति को गांव के चारों तरफ परिक्रमा गाजे बाजे जुलूस के साथ कराया गया काफी संख्या में ग्रामीण साथ-सा द चलते रहे यह कार्यक्रम मुख्य अजमान विशंभर नाथ उर्फ लाल जी दुबे के द्वारा हुआ किस कार्यक्रम के दौरान मंदिर को विभिन्न आकर्षक ढंग से सजाया गया था तथा भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें भक्तगण एवं श्रद्धालु जन प्रसाद ग्रहण किया इस कार्यक्रम में क्षेत्र की जनता का काफी सहयोग रहा।

## थाना भदोही क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सराय छत्रसाह निवासिनी विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या

**भदोही** थाना भदोही चौकी मोढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सराय छत्रसाह निवासिनी विवाहिता पूजा देवी पत्नी अजय यादव उम्र करीब 28 वर्ष द्वारा अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया गया है। सूचना पर क्षेत्राधिकारी भदोही व स्थानीय पुलिस द्वारा फील्ड यूनिट टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा बताया जा रहा है कि मृतका काफी बीमार रहती थी, जबकि मायके पक्ष वाले ससुरालीजनों पर मारने-पीटने का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस टीम द्वारा घटना के सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच सहित आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## गेराई में खड़ंजे पर पानी जमाव को लेकर तीन व्यक्तियों द्वारा मोबाइल टावर पर चढ़े




**भदोही**

डायल 112 पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना गोपीगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गेराई निवासी तीन व्यक्ति- अभिषेक गुप्ता पुत्र जटाशंकर गुप्ता उम्र करीब 19 वर्ष, अंकित गौड़ पुत्र संतोष गौड़ उम्र करीब 19 वर्ष व मुन्ना मौर्य पुत्र शिवपूजन मौर्या उम्र करीब 45 वर्ष खड़ंजे पर पानी जमाव को लेकर गांव में स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गए हैं। सूचना पर पुलिस व प्रशासनिक टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर समझा-बुझाकर तीनों व्यक्तियों को टावर से नीचे उतार लिया गया है। स्थानीय पुलिस द्वारा तीनों व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनके विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## सुरभि शोध संस्थान में असम के त्यौहार बिहू का आयोजन



**चुनार, मिर्जापुर।**

रविवार को रामबाग स्थित सुरभि शोध संस्थान में असम के प्रसिद्ध त्योहार बिहू का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विंध्याचल मंडल के मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी रहे। बिहू असम का सबसे महत्वपूर्ण त्योहार है।इसे वर्ष में तीन बार मनाया जाता है तथा सभी जाति ,पंथ ,धर्म के लोग आस्था और विश्वास के साथ मनाते है।

बोहाग बिहू जो अच्छी फसल होने के लिए, लिए मनाया जाता है क्योंकि यह वह समय जब किसान बुआई शुरू करते हैं काति बिहू जो आनाज काटते हैं और बांधने के समय मनाया जाता है तथा माघ बिहू जो अनाज के कटाई के मौसम का प्रतीक है। मुख्य अतिथि द्वारा गौशाला में गौ माता की पूजा भी की गई।कार्यक्रम के अन्त में मंडलायुक्त ने विद्यार्थियों को अंग वस्त्र देकर उनके भविष्य की उज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से तहसीलदार चुनार योगेन्द्र शरणं शाह संस्थान के व्यवस्थापक अमित चतुर्वेदी,दीपक जी, विधि सलाहकार शिवशंकर यादव,छनन लाल केशरी ,कन्हैया लाल ,जटाशंकर,श्रुति भूषण मिश्रा,डा नागेन्द्र प्रसाद पांडेय, राकेश कुमार सहित संस्थान के अन्य कर्मचारी विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# राजकीय सम्मान के साथ धूमधाम से मनाई जाएगी भारत रत्न, बाबा साहब डॉ0 भीमराव आंबेडकर जयंती-जिलाधिकारी

**● अंबेडकर जयंती से एक दिन पूर्व से ही, डीएम के नेतृत्व में जनपद में चला साफ-सफाई व स्वच्छता अभियान**

**"हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान" टैगलाइन के अंतर्गत 14 से 28 अप्रैल तक आयोजित होगा 15 दिवसीय कार्यक्रम उत्सव**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 13 अप्रैल 2025/** स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबासाहब डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर जी के जन्म दिवस 14 अप्रैल, 2025 को "भीमराव आंबेडकर जयन्ती" "हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान" टैगलाइन के अंतर्गत 14 से 28 अप्रैल तक 15 दिवसीय कार्यक्रम उत्सव के रूप में राजकीय सम्मान के साथ धूम-धाम से मनाये जाने के संबंध में शासन से प्राप्त निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी विशाल सिंह के कुशल मार्गदर्शन व मुख्य विकास अधिकारी डॉ शिवाकांत द्विवेदी के पर्यवेक्षण में क्रियान्वित किया जा रहा है। जिलाधिकारी विशाल सिंह ने बताया कि भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन को नई दिशा और नई गति देने एवं भारत के संविधान निर्माण में भारत रत्न बाबासाहब डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर जी का अतुलनीय योगदान है। बाबा साहब की जयन्ती प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को मनायी जाती है। यह दिन भारत में समानता, सामाजिक न्याय और शिक्षा के लिए उनके योगदान को याद करने के लिए मनाया जाता है। डॉ0 आंबेडकर ने हमेशा स्वच्छता और सामाजिक न्याय पर जोर दिया है।

शासन के निर्देश के क्रम में अंबेडकर जयंती से 01 दिन पूर्व रविवार को साफ सफाई अभियान के क्रम में सभी निकायों व विकास खंडों में आयोजित होने वाले अंबेडकर जयंती कार्यक्रम स्थलों, पार्कों, स्मारकों व अन्य स्थानों पर साफ सफाई,स्वच्छता, सजावट, वॉल पेंटिंग,प्रकाश की व्यवस्था की गई है। जनपद में स्थापित भारत रत्न बाबासाहब डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर जी की प्रतिमा के साथ-साथ अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं समस्त पार्कों की साफ-सफाई मा. जनप्रतिनिधियों तथा सरकारी कर्मचारियों एवं अधिकारियों के साथ की गई।

14 अप्रैल, 2025 को बाबा साहब की जयन्ती के अवसर पर जनपदीय कार्यक्रम 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार पर जनपद के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा माननीय जन प्रतिनिधिगण के साथ उपस्थित होकर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित कर प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर डॉ अंबेडकर जी के विचारों एवं संविधान निर्माण में उनके योगदान को रेखांकित किया जाएगा। साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों को धूम-धाम से आयोजित कर बाबासाहब के जीवन पर प्रकाश डाला जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी डॉ शिवाकांत द्विवेदी ने बताया कि भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में 14 से 28 अप्रैल तक आयोजित होने वाले 15 दिवसीय कार्यक्रम उत्सव के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 14 अप्रैल को 11 बजे कलेक्ट्रेट व विकास भवन सहित सभी कार्यालयों में जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में डॉ आंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला जाएगा।साथ ही पोस्टर, बैनर, झंडा, प्रभात फेरी सही तो भारतीय संविधान के उद्देशिका, मौलिक अधिकार व कर्तव्यों पर संगोष्ठी के माध्यम से बाबा साहब के विचारों, शिक्षाओं, सिद्धांतों का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा।



15 अप्रैल को सभी तहसीलों, 16 अप्रैल को विकासखंड भदोही ,17 को औराई ,18 को ज्ञानपुर, 19 को डीघ, 20 को अभोली, 21 को सुरियावा, 22 अप्रैल को सभी नगर पालिका कार्यालय, 23 को सभी नगर पंचायत कार्यालय, 24 को सभी नगर पालिका में पड़ने वाले सभी प्राथमिक, जूनियर, इंटर, डिग्री कॉलेज, 25 को जनपद के सभी प्राथमिक जूनियर विद्यालय, 26 को सभी हाई स्कूल व इंटर कॉलेज, 27 को सभी डिग्री कॉलेज व पॉलिटेक्निक कॉलेज, 28 अप्रैल को सभी ग्राम पंचायतों के पंचायत भवन पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण, वाद विवाद, गोष्ठी सेमिनार, एवं मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में जानकारी देते हुए उनकी शिक्षाओं, सिद्धांतों पर बल दिया जाएगा।

# बारिश और जागरूकता अभियान साथ साथ



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** साइकिलिंग क्लब के तत्वाधान में राष्ट्रीय राजमार्ग बड़ा चौराहा से पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान साइकिल यात्रा निकाली गई। अताउल अंसारी की अध्यक्षता में निकली साइकिल यात्रा को वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर एस एस यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अताउल अंसारी ने कहा कि सुबह उठना बहुत फायदेमंद है, हमारे पूर्वज ब्रह्ममुहूर्त में उठते थे, योग व्यायाम करते थे और निरोग रहते थे। सुबह की पढ़ाई बहुत स्वास्थ्यप्रद होती है। आज का युवा देर रात तक जागता है और देर से उठता है। देर रात तक जागने से शरीर में कई प्रकार की बीमारियां प्रवेश करती हैं। सभी को चाहिए कि जल्दी सोए और जल्दी उठे और इसी सिद्धांत पर चलें और स्वस्थ रहें।

साइकिल यात्रा आरंभ होकर नगर पालिका, फूलबाग, सोनखरी, घूरीपुर, थानीपुर, इब्राहिमपुर, सिंहपुर, गिरधरपुर, दुर्गागंज त्रिमुहानी, ज्ञानपुर देहात, लखनो, केशवपुर सरपतहां के आस पास का भ्रमण करते हुए "वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ, वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा, हिंदुस्तान जिंदाबाद, स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग, हम सबने ये ठाना है पूरे भदोही को स्वस्थ बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम" का नारा लगाते हुए लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के बारे में जागरूक करते हुए सरपतहां मुख्यालय पर इसका समापन हुआ। साइकिल यात्रा में राम कुमार वर्मा, प्रवीण टंडन, सरफराज अहमद, कमलेश कश्यप, संजय उपाध्याय, मुश्ताक अंसारी, महमूद आलम, अब्बार हाशमी, राजीव जायसवाल, फैज आलम, महेंद्र यादव, प्रमोद मौर्य, मैनू अली, अमन गुप्ता, प्रेम गुप्ता, कार्तिक, जीत सिंह, शिवम, अबू दर्दा अंसारी, अबू हुरैरा अंसारी, अजहर जमाल समेत आदि रहे।

# भदोही में अपनी मांगो को लेकर तीन युवक चढ़े मोबाइल टॉवर पर

**● पुलिस और प्रशासन के समझाने के बाद उतरे तीनों युवक**

**खड़ंजे पर पानी जमाव को लेकर तीन व्यक्तियों ने किया हंगाम**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही।** गोपीगंज थाना क्षेत्र के गेराई गांव में रविवार की सुबह गांव में खड़ंजे पर जलजमाव की समस्या को लेकर तीन युवक गांव में लगे मोबाइल टॉवर के खम्भे पर चढ़ गए। सूचना के बाद पुलिस और प्रशासन के लोग पहुंचकर काफी समझाये तब करीब 6 घंटे बाद तीनों युवक टॉवर से नीचे उतरे। तीनों युवकों के खिलाफ सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए कार्यवाही की गई।

मालूम हो कि गेराई गांव निवासी अभिषेक गुप्ता, अंकित गौड़ और मुन्ना मौर्या गांव में खड़ंजे पर पानी जमाव को लेकर गांव में स्थित मोबाइल टावर पर रविवार को चढ़ गए हैं।



युवकों के टॉवर पर चढ़ने की खबर को सुनने के बाद जिला प्रशासन के हाथ पाँव फूल गए। सूचना पर पहुंचे पुलिस और प्रशासन के लोग युवकों को समझा बुझाकर नीचे उतारवाने में सफलता प्राप्त की। बाद में तीनों युवकों को हिरासत में लेकर संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया। इस मामले पर गेराई के ग्राम प्रधान अनुप सिंह उर्फ मंटू सिंह ने बताया कि लोगों का पानी सड़क पर बहता है और पानी की सही निकासी न होने से दिक्कत हो रही है, कहा कि आसपास भूमिधरी जमीन है जिससे कोई विकल्प नहीं है। अधिकारियों के निर्देश के क्रम में जो होगा उसे किया जायेगा। गेराई गांव की इस घटना को लेकर काफी चर्चा होती रही।

# ग्रापए के प्रदेश अध्यक्ष बने महेन्द्र नाथ सिंह

**● वाराणसी में हुआ प्रदेश कार्यकारिणी का चुनाव**

स्वतंत्र प्रभात

**वाराणसी** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश कार्यकारिणी का चुनाव रविवार को तेलियाबाग स्थित पटेल धर्मशाला में गहमा गहमी के बीच चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमे महेंद्र सिंह ने वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष को 71 मतों से हराकर प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। रविवार को सुबह 9 बजे चुनाव प्रकिया शुरू हुई। जिसमें नामांकन,नाम वापसी के बाद पर्चों की जांच हुई। निर्वाचन अधिकारी द्वारा दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक मतदान कराया गया। जिसमें कुल 310 मतों के सापेक्ष 254 मत पड़े। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार को 100 मत तथा निर्वतमान प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार सिंह को 171 मत मिले। जिसपर महेंद्र नाथ सिंह को प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित किया गया।



इसके अलावा उपाध्यक्ष पद के लिए को कैप्टन वीरेंद्र सिंह, रामनरेश चौहान व ओमप्रकाश द्विवेदी निर्वाचित घोषित किया गया। वही महामंत्री पद के डॉ संजय कुमार द्विवेदी, केजी गुप्ता व नरेश पाल सिंह चुने गए।अन्य पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। जिसमें प्रदेश सचिव नागेश्वर सिंह,ऑडिटर के लिए हौसिला प्रसाद त्रिपाठी, संगठन मंत्री अजय भाटिया समेत 5 लोग कार्यकारिणी समिति के सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गए। निर्वाचन अधिकारी डॉ के एन राय व हरिद्वार राय रहे। धन्यवाद ज्ञापन जिलाध्यक्ष वाराणसी राजकुमार तिवारी ने ज्ञापित किया।

इस दौरान प्रदेश भर के 60 जिलों के जिलाध्यक्ष व प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे इस दौरान मंडलाध्यक्ष गोरखपुर जेपी गोविंद राव,आलोक तनेजा, अतुल कपूर,विपिन शाही, वीरभद्र प्रताप सिंह,पौहारी शरण राय,शैलेन्द्र सिंह,गजेंद्र सिंह, पंधारी वर्मा, संजय गुप्ता, सुधाकर मिश्रा, प्रफ्फुल चन्द्र त्रिपाठी, प्रवीण यादव,विजय शंकर चौबे,गुड्डू हाशमी, चंद्रप्रकाश सिंह,अनुराग जायसवाल समेत प्रदेश व जिले के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## राघव जी मंदिर में हनुमान जयंती पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन

हनुमान जी का हुआ भव्य श्रृंगार



**चुनार, मिर्जापुर।** हनुमान जयंती के अवसर पर गंगेश्वर नाथ स्थित श्री राघव जी मंदिर में शनिवार को हनुमान जी का भव्य श्रृंगार किया गया । साथ ही सुंदर कांड पाठ का भी आयोजन किया गया। और भक्तों में प्रसाद भी वितरण किया गया। इस दौरान मंदिर के अर्चक श्रवण कुमार अवस्थी, गौरी नाथ दीक्षित, सतेंद्र नाथ द्विवेदी, नंदकिशोर तिवारी, राजेश कुमार अवस्थी, लक्ष्मी शंकर पांडेय,श्री प्रसाद, धीरेन्द्र दुबे, बचाऊ लाल सेठ,गोविंद जायसवाल, अनिल मिश्रा, प्रतीत राव वैद्य, संजय साहू,राजेश साहू, राजेश जायसवाल, सुजीत यादव, राजन अवस्थी, विकास कश्यप, सर्वेश अवस्थी, विनोद वर्मा, सतेंद्र दुबे, अंशु अग्रवाल, अंशु सेठ,राजेंद्र यादव, अमित सेठ, डब्लू मिश्रा, चंदन सेठ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# भगवान की कृपा के लिए भक्ति के साथ ज्ञान एवं वैराग्य का होना जरूरी

**● भागवत कथा हर जाति एवं धर्म के लोगों को सुननी चाहिए**

**श्रीमद्भागवत सप्ताह के प्रथम दिन कथा वाचक डॉ ब्रह्मानन्द शुक्ल ने कहा कि उनकी कथा मुस्लिम भी आते हैं**

**घर के आंगन में भागवत सप्ताह का आयोजन कई गुना अधिक है**

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** श्रीमद्भागवत सप्ताह के प्रथम दिन व्यासपीठ से बोलते हुए कथावाचक डॉ ब्रह्मानन्द शुक्ल ने भागवत महात्म्य पर प्रकाश डाला। डॉ शुक्ल ने कहा कि श्रीकृष्ण की बहन योगमाया के धाम विन्ध्य क्षेत्र में भागवत कथा सुनने का पुण्य अन्य क्षेत्रों में होने वाली कथा से कई गुना अधिक है। डॉक्टर शुक्ल ने कहा कि भगवान श्रीराम का धाम साकेत नगरी है तो श्रीकृष्ण का धाम वृंदावन है लेकिन भक्तिभाव का क्षेत्र मां विंध्यवासिनी का क्षेत्र मणिपुर है। यहां भागवत कथा का आयोजन माँ विंध्यवासिनी की कृपा से ही संभव है। डॉक्टर शुक्ल नगर के तिवराने टोला मुहल्ले में स्थित डॉ भवदेव पाण्डेय शोध संस्थान में आयोजित सप्ताह के अवसर पर पहले दिन कहा कि यह कथा जाति-धर्म से निरपेक्ष कथा है। इसे छोटे-बड़े, सभी जातियों ही नहीं बल्कि मुसलमानों को भी यह कथा सुननी चाहिए। उन्होंने कहा कि अनेक स्थलों में उनके प्रवचनों को सुनने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोग आते हैं और कथा सुनकर हर्षित होते हैं।

डॉक्टर शुक्ल ने भागवत कथा की शुरुआत करते हुए देवर्षि नारद की महिमा का बखान की तथा कहा कि नारद के पास वीटो पॉवर था। वे साक्षात नारायण, ब्रह्मा एवं भोलेनाथ तक के यहां निर्बाध गति से पहुंच जाते है जबकि दूसरे देवताओं एवं ऋषियों को परमिशन की जरूरत पड़ती है। देवर्षि नारद ने वृंदावन में जब एक विलाप करती युवती के पास दो वृद्ध लोगों को अचेतावस्था में देखा तो




उस युवती से विलाप का कारण पूछा तो युवती ने अपना परिचय भक्ति तथा अचेत दोनों वृद्धों का परिचय अपने ज्ञान तथा वैराग्य पुत्र के रूप में दिया। डॉक्टर शुक्ल ने कहा कि सिर्फ भक्ति से नहीं बल्कि ज्ञान एवं वैराग्य के साथ ईश्वर की भक्ति की जाती है तब वह सार्थक होती है। डॉक्टर शुक्ल ने कहा कि भागवत कथा सुनी नहीं बल्कि पी जाती है। डॉक्टर शुक्ल ने गृहस्थ जनों से कहा कि उन्हें अपने घर के आंगन में कथा सुननी चाहिए। इससे आने वाली पीढ़ी यशस्वी होती है। कथा की शुरुआत के पूर्व डॉक्टर शुक्ल की अगुवाई में कलश-यात्रा निकाली गई। जिसमें भारी संख्या में नर-नारी उपस्थित थे। अचानक आई आंधी-तूफान एवं वर्षा को प्रकृति देवी की कृपा मानते हुए कलश यात्रा सम्पन्न हुई। डॉ शुक्ल का स्वागत जेआरडी राज्य विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो शिशिर पाण्डेय ने किया।

# तेज आंधी में बह गया निर्माणाधीन पीपा पुल



**● पीपा पुल का कुछ भाग धरहरा तो कुछ भाग विट्ठलपुर गंगा घाट पर बह गया**

**क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों के उदासीनता के चलते पीपा पुल निर्माण में हुई देरी क्षेत्रीय जनता नाराज**

स्वतंत्र प्रभात

**सीखड़, मीरजापुर।** सीखड़ सिंधोरा गंगा घाट पर बन रहे निर्माणाधीन पीपा पुल रविवार की सुबह तेज आंधी पानी से दो खंड में बह गया। आधा भाग धरहरा गांव के घाट पर तो आधा पीपा विट्ठलपुर गांव के सामने बह कर लग गया। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण पीपा पुल के निर्माण में काफी देर की गई।

निर्माण में देरी के चलते ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

ग्रामीणों ने बताया कि काफी दिनों से काम बंद कर दिया गया था। विभागीय अधिकारियों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के उदासीनता के चलते पीपा पुल निर्माण में देरी हुई है जिसके चलते ग्रामीण जनता में आक्रोश व्याप्त है।

# बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**● हत्या में प्रयुक्त रक्तरंजित 01 अदद चाकू (आलाकत्ल) बरामदजनता नाराज**

स्वतंत्र प्रभात

**शुकुल बाजार अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में उपनिरीक्षक दयाशंकर मिश्र थानाध्यक्ष बाजार शुक्ल मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर बीएनएस सहित अन्य धाराओं में थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त मो0 शरीफ उर्फ राजू पुत्र मो0 खुर्शीद निवासी ग्राम महराजगंज थाना कुड़वार जनपद सुलतानपुर उम्र करीब 30 वर्ष को ग्राम सेवरा के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त रक्तरंजित 01 अदद चाकू ( आलाकत्ल) गनेशी का पुरवा से प्रतापपुर जाने वाली सड़क




के बगल झाड़ियों से बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 4/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी कर थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त मो0 शरीफ उर्फ राजू ने बताया दिनांक 10.04.2025 को शाम को मेरा अपनी पत्नी से पारिवारिक बातों को लेकर विवाद हो गया था। मैं अपनी पत्नी को मारपीट रहा था तभी उसका भाई आशिफ (मृतक) कमरे में आकर मुझे कुछ अपशब्द बोल दिया था, जिसके कारण गुस्से में आकर मैं अपने हाथ में लिये चाकू से उसके सीने पर जोरदार वार कर दिया था जिससे घायल होकर आशिफ की मृत्यु हो गयी थी और मैं मौके से भाग गया था।

# लूट के दो शातिर अपराधी गिरफ्तार नगदी ज़ेवरात और मोटरसाइकिल बरामद, दोनों हिस्ट्रीशीटर कई वारदातों में शामिल

स्वतंत्र प्रभात

**सिधौली सीतापुर** की सिधौली कोतवाली पुलिस ने दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है दोनों आरोपी पिछले एक सप्ताह में कई लूट की वारदातों में शामिल थे गिरफ्तार अपराधियों की पहचान नरोत्तम नगर दक्षिणी के शाकिब और तुलसीनगर के राजन के रूप में हुई है। पुलिस ने इन्हें राशिद मुर्गा फार्म के पीछे चकरोड पर गेहूं के खेत से पकड़ा तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपियों से 15 हजार रुपए की नगदी, सोने-चांदी के जेवरात, एक मोटरसाइकिल (एचएफ डीलक्स, नंबर UP34BF4082) और दो मोबाइल फोन बरामद किए अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी प्रवीण रंजन सिंह के अनुसार मोटरसाइकिल को धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज कर लिया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने 11 अप्रैल को एक परिवार से बैग लूटने की वारदात कबूली इसके अलावा 26 मार्च को एक बुजुर्ग से 90 हजार रुपए की लूट और एक व्यक्ति की चेन छीनने की घटना को भी स्वीकार किया पुलिस ने थाना सिधौली में पहले से दर्ज मुकदमों में नई धाराएं जोड़ी हैं अवैध शस्त्र रखने के मामले में धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट के तहत दोनों आरोपियों के खिलाफ चालान न्यायालय में पेश किया गया है!!




# डॉक्टर की लापरवाही से बच्चे की गई जान

स्वतंत्र प्रभात

**बिसवां सीतापुर-** 11 वर्ष के बच्चे को इंजेक्शन एवं ग्लूकोज की बोतल चढ़ाये जाने के चलते मौत हो गई। पीड़ित ने चौकी प्रभारी कंदुनी को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। प्राप्त जानकारी के अनुसार कंदुनी निवासी कैलाश पुत्र सोबरन के पुत्र दिलखुश को 11 अप्रैल को सुबह 5:00 बजे अचानक तबीयत खराब हो गई। कैलास के अनुसार वो अपने पुत्र को कंदुनी में ही विनीत क्लीनिक पर ले गया। जहां पर डॉक्टर विनीत के द्वारा दो इंजेक्शन लगाए गए एवं ग्लूकोज की बोतल चढ़ाई जा रही थी। ग्लूकोज की आधी बोतल चढ़ने के बाद अचानक दिलखुश उम्र 11 वर्ष के मुंह से झाग आने लगा जिसके चलते तथाकथित झोलाछाप डॉक्टर विनीत ने जवाब देते हुए कहा कहीं और ले जाओ। पीड़ित कैलाश की तहरीर के अनुसार वह अपने पुत्र को अटरिया में स्थित हिंद अस्पताल लेकर पहुंचा। वहां के डॉक्टरों ने गलत इंजेक्शन लग जाने के चलते पूरे शरीर में जहर फैल जाने की बात बताई थी। जिसके चलते मेरे पुत्र की मौत 13 अप्रैल को हो गई। उक्त प्रकरण में पीड़ित कैलाश ने चौकी प्रभारी कंदुनी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। चौकी प्रभारी कंदुनी ओ पी सिंह ने बताया तहरीर मिली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है पी एम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## हिंदी साहित्य सम्मेलन में कवियों का लगा जमावड़ा



**अमेठी।** साहित्य संवर्धन संस्थान जसरा प्रयागराज के तत्वाधान में सचिव संस्थान प्रख्यात साहित्यकार लखन प्रतापगढ़ी एवं संयोजक विजय चितौरी द्वारा आयोजित जसरा साहित्य महोत्सव 2025 में मुख्य अतिथि डॉ के बीच पाण्डेय पूर्व लोक सेवा आयोग उ.प्र.,अध्यक्षता कर रहे सन्त सत्यानंद त्यागी कबीर आश्रम तथा विशिष्ट अतिथि डॉ एम गोविन्द राजन चेन्नई,डॉ दयाराम मौर्य रत्न के कर कमलों से सात सम्मानित होने वाले साहित्यकारों में डॉ अर्जुन पाण्डेय अध्यक्ष अवधी साहित्य संस्थान अमेठी को राष्ट्रीय स्तर पर जुमई खां आजाद स्मृति अवधी सम्मान से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर डॉ आर सी राय,पं बंगाल,डॉ इन्दु गुप्ता हरियाणा, श्रीमती गीता शर्मा छत्तीसगढ़,डॉ एन आर्य उत्तराखंड,उदय प्रताप सिंह कंचुकी जौनपुर,नन्दन पंडित गोंडा,डॉ अमर नाथ सिंह,सुरेन्द्र कुमार केसरवानी,शंकर लाल मजूर,श्रीनाथ मौर्य सरस,कुंज बिहारी मौर्य काका श्री,अमर नाथ गुप्ता बेजोड़,राजेश हर्षपुरी एवं डॉ अभिमन्यु पाण्डेय आदि साहित्यकारों की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 1648 मरीजों का किया गया सफल इलाज

**कौशाम्बी।** जनपद में प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है। जनपद में 33 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा 3 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केदो पर दिनांक 13-04-2025 को आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी तथा अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों मे आरोग्य स्वास्थ्य मेले के निरीक्षण हेतु जिम्मेदारी दी गयी है। डा0 संजय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भरवारी एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांधीनगर, अशोकनगर गौरा तथा श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर का निरीक्षण किया। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुनील कुमार सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुजातपुर का निरीक्षण किया मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संजय कुमार ने अवगत कराया कि समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। अन्य उप मुख्य चिकित्सा /अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियो के द्वारा भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो का निरीक्षण किया जाता है। आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 55 चिकित्साधिकारी व 171 पैरामेडिकल कर्मचारी की ड्यूटी लगायी गयी थी। आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विभिन्न रोगों से ग्रसित कुल 1648 मरीजों का चिकित्सको द्वारा उपचार किया गया एवं 04 मरीजों को जिला संयुक्त चिकित्सालय मंझनपुर कौशाम्बी सन्दर्भित किया गया। साथ ही मेले मे कुल 85 गोल्डेन कार्ड एवं 80 आभा आईडी भी बनाये गये।

### टेन शाह आलमाबाद गांव में लगा गन्दगी का अम्बार सफाई कर्मी 2 महीने से नदारत

**कौशाम्बी।** जनपद में मंझनपुर विकास खण्ड क्षेत्र के अन्तर्गत टेन शाहआलामाबाद गांव में गन्दगी का अम्बार लगा हुआ है जहां पर ग्रामीणों से चर्चा करने पर ग्रामीणों ने बताया कि होली के पहले कभी गांव में सफाई कर्मी नहीं दिखाई दिये हैं और होली पर 1 दिन आये तो नाली का कूड़ा-कबाड़ निकाल कर सड़क के किनारे लगाकर चले गये जो अभी तक हटाया नहीं गया ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इस ग्राम पंचायत में लगभग चार या पांच सफाई कर्मी मौजूद हालत में तैनात हैं लेकिन सफाई के नाम पर जीरो है गांव में आते भी हैं तो कहां बैठे रहते हैं या कोई नहीं बता सकता है रजिस्टर में हाजिरी लगाकर फिर अपने गन्तव्य को रवाना हो जाते हैं इन सफाई कर्मियों से गांव के ग्रामीणों में बड़ा भारी रोष देखने को मिल रहा है ग्रामीणों ने अधिकारियों से शिकायत करने को कहा है।

### उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का आज होगा कौशाम्बी आगमन

**कौशाम्बी।** सोमवार को अम्बेडकर जयन्ती पर सूबे के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का गृह जनपद कौशाम्बी के भवन्स मेहता डिग्री कॉलेज भरवारी में आगमन हो रहा है जो जनपद के कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे जिसमें प्रथम कार्यक्रम रसूलपुर गिरछा चौराहा पर डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण करेंगे तत्पश्चात सोहाद नगर नवीपुर रोही बाईपास भरवारी नगर पालिका परिषद के नवनिर्मित भवन व कार्यालय का लोकार्पण करेंगे व पार्टी पदाधिकारियों /जनप्रतिनिधियों से संवाद करेंगे तदोपरान्त विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे उक्त जानकारी भाजपा के मीडिया प्रभारी ज्ञानेन्द्र साहू ने दी ।

### अन्नदाता किसानों पर आफत बनकर टूटी बेमौसम बरसात गेहूं की खड़ी फसल और खेतों में काटकर रखी हुई खराब

**कौशाम्बी।** जनपद में इन दिनों हो रही बेमौसम बरसात ने अन्नदाता किसानों के चेहरे पर चिन्ता की लकीरें खींच दी है जहां अन्नदाता इस वक्त साल भर के खाने के लिए गेहूं घर लाने की सोंच रहा था वहीं बेमौसम इस बारिश ने उसके लिए बड़ी मुसीबत खड़ी कर दी है तीन दिनों में हुई बारिश से किसान चिन्तित हैं। कौशाम्बी जनपद में रविवार की सुबह तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने गेहूं की फसल को खासा नुकसान पहुंचाया है, खेतों में पानी भर जाने के चलते जहां अब किसानों को फसल सड़ने व गेहूं काला पड़ जाने की चिन्ता सता रही है वहीं दूसरी तरफ जो खेतों में गेहूं खड़े थे, वह भी तेज हवाओं और बारिश के चलते पूरी तरह से खेतों में गिर गये हैं, जिसके चलते कटाई-मड़ाई तो प्रभावित हुआ ही है और अन्नदाता किसान को खासा नुकसान भी देखने को मिल रहा है। अचानक से तेज हवाओं के साथ हुई इस बेमौसम बारिश ने अन्नदाता किसानों के सामने अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिये एक बड़ी मुसीबत खड़ी कर दी है। अन्नदाता किसानों का कहना है कि अगर अगले दो-तीन दिन ऐसा ही चला रहा तो वह पूरी तरह से बर्बाद हो जायेंगे उनके पास खाने के लिये गेहूं के भी लाले पड़ जायेंगे।

# जयपुर में कार-ट्रेलर की टक्कर में 5 की मौत, उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे सभी

## खाटू श्याम का दर्शन करने जा रहा था परिवार

स्वतंत्र प्रभात




**जमवारामगढ़ ( जयपुर )।** इलाके में रविवार सुबह मनोहरपुर दोसा नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क हादसा हो गया। कार और ट्रेलर में आमने-सामने की जोरदार टक्कर होने से कार सवार 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई. हादसे में ट्रेलर चालक और खलासी घायल हुए हैं. मृतकों में एक साल का बच्चा और दो महिलाएं भी शामिल हैं. सभी मृतक एक की परिवार के बताए जा रहे हैं. उत्तर प्रदेश के लखनऊ का पूरा परिवार खाटू श्याम मंदिर में दर्शनों के लिए जा रहा था. इस दौरान रायसर थाना इलाके में नेकावाला टोल प्लाजा के पास हादसा हो गया. मृतकों के शव अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए हैं. रायसर थाना अधिकारी रघुवीर सिंह राठौड़ के मुताबिक रविवार सुबह मनोहरपुर दोसा हाईवे पर नेकावाला टोल प्लाजा के पास दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई. सूचना मिलते पुलिस मौके पर पहुंची. हादसा इतना भीषण था कि ट्रेलर पलटता हुआ रोड के नीचे उतर गया. साथ ही कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई. कार में बच्चे और महिला समेत पांच लोग सवार थे. शवों को बाहर निकालने के लिए काफी देर तक पुलिस और स्थानीय लोगों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी.पुलिस ने शवों को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है. हादसे में ट्रेलर चालक और खलासी भी घायल हुए हैं, जिसे अस्पताल पहुंचाया गया. पुलिस हादसे के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# नगर पालिका भरवारी में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में सभासदों ने किया प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** जनपद के नगर पालिका परिषद भरवारी में सभासदों का आक्रोश और विरोध बढ़ता जा रहा है,नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध के सभासदों ने अम्बेडकर चौराहा पर जमकर धरना प्रदर्शन किया है,सभासदों ने ग्रामीणों के साथ हाथों में लिखी तख्तियां लेकर जमकर नारेबाजी की है और प्रदर्शन किया है,प्रदर्शन के दौरान पहुंचे एसडीएम ने आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया है। नगर पालिका परिषद भरवारी में अध्यक्ष और ईओ की मनमानी पर सभासदों के कार्यों को प्राथमिकता नहीं दिये जाने,विकास कार्यों में लगाये जान वाले शिलापट्ट पर सभासदों के नाम नहीं लिखे जाने और विकास कार्यों में भ्रष्टाचार के चलते 40 प्रतिशत कमीशनबाजी का आरोप लगाकर सभासदों ने रविवार की दोपहर अम्बेडकर चौराहा पर जमकर धरना प्रदर्शन किया है,प्रदर्शन के दौरान सभासदों एवं ग्रामीणों ने नगर पालिका के ईओ और अध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी भी की,आरोप लगाया कि अध्यक्ष और ईओ की मनमानी और व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते जनता का कोई कार्य नहीं हो रहा है,सभासदों द्वारा दिये गये प्रस्ताव पर कार्य नहीं किया जा रहा है, मनमानी के चलते अध्यक्ष और ईओ के खिलाफ लोगों में आक्रोश है। वहीं अम्बेडकर चौराहा पर स्थापित बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति और नगर पालिका के नवनीत कार्यालय का सोमवार को अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य लोकार्पण करने आ रहे हैं। सभासदों एवं ग्रामीणों के प्रदर्शन के दौरान एसडीएम आकाश सिंह पहुंचे और सभासदों से वार्ता की,एसडीएम ने सभासदों एवं ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन दिया और धरना प्रदर्शन समाप्त कराया। इस दौरान वार्ड नम्बर 5 सभासद विक्रम सिंह,वार्ड नम्बर 11 सभासद प्रतिनिधि सुनील कुमार,वार्ड नम्बर 15 सभासद प्रतिनिधि शंकर लाल उर्फ बच्चा,वार्ड नम्बर 16 सभासद सानू कुशवाहा,वार्ड नम्बर 2 सभासद प्रतिनिधि घनश्याम सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# आखिरकार जनपद में किसकी सह पर बिक रही खुलेआम गांजा पुड़िया

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद के लगभग सभी कस्बों, बाजारों, चौराहों और ग्रामीण क्षेत्रों में खुलेआम गांजे की पुड़िया बेंची जा रही है और कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। जनपद के लगभग सभी थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था पर गम्भीर सवाल खड़े हो रहे हैं। जिले के कस्बों,बाजारों, चौराहों में कई स्थानों पर भांग की दुकानों की आड़ में खुलेआम गांजा बेचा जा रहा है। स्थानीय सूत्रों और दुकानदारों के अनुसार, इस अवैध कारोबारी को थाना पुलिस का सह प्राप्त होता है। कारोबारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि गांजा बेचने वाली प्रत्येक दुकानों से थाना पुलिस को हर महीने 15,000 रुपये की मासिक फीस देनी पड़ती है। यह वसूली एक सुनियोजित तरीके से की जाती है, जिससे पूरा अवैध व्यापार निर्बाध रूप से संचालित होता रहता है। इतना ही नहीं, सूत्रों का कहना है कि थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले ओवरलोड बालू लदे ट्रकों से 5000 हजार व ट्रैक्टरों 3000 हजार की हर महीने थाना पुलिस द्वारा अवैध वसूली की जाती है। यदि कोई वाहन चालक यह रकम देने से इंकार करता है, तो उसे 207 की कार्रवाई की धमकी दी जाती है। ज्यादातर थाना पुलिस खुद को पुलिस अधीक्षक का करीबी बताकर प्रभावशाली भूमिका में दिखाई देते हैं, जिससे उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। स्थानीय जनता में इस अवैध गतिविधि को लेकर गहरी नाराजगी मिलती है, परन्तु पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता के चलते कोई भी खुलकर सामने आने को तैयार नहीं है। यह मामला केवल एक कस्बे, बाजार या चौराहे का नहीं है बल्कि सम्पूर्ण जनपद का है अब देखना यह है कि जिले के आला अधिकारी इस मामले को गम्भीरता से लेकर कोई कार्रवाई करते हैं या फिर यह अवैध कारोबार इसी तरह से फलता-फूलता रहेगा।

# अलोपीबाग गुरुद्वारा संगत में खालसा पंथ का सृजना दिवस बैसाखी पर्व बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार से मनाया गया

स्वतंत्र प्रभात



**ब्यूरो प्रयागराज।** अलोपीबाग गुरुद्वारा संगत द्वारा खालसा पंथ का सृजना दिवस बैसाखी पर्व पर अलोपीबाग गुरुद्वारा में बड़ी श्रद्धा,सत्कार से मनाया गयाद्य प्रात:काल से ही संगत गुरुद्वारे में पहुंचकर गुरु के चरणों का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए गुरबाणी के अमोलक शब्द-कीर्तन की विभिन्न प्रस्तुतियों से संगत निहाल होती रही उपस्थित संगत ने वाहेगुरू,वाहेगुरू के सामूहिक जाप तथा पारंपरिक जयकारों की गूंजार से वातावरण को गुरु वाणी मय बना दिया प्रयागराज महापौर एव महानगर अध्यक्ष भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के आगे माथा टेकर पंक्तिबद्ध बैठकर शब्द-कीर्तन श्रवण किया। खालसा पंथ का सृजना दिवस बैसाखी पर्व की संगतों को लख-लख बधाइयां देते हुए अध्यक्ष परमजीत सिंह ने कहा कि आज्ञा भई अकाल की,तभै चलायो पंथ,सभ सिखन को हुकुम है,गुरु मान्यो ग्रन्थ। संगत ने प्रयागराज के वरिष्ठ समाजसेवी सरदार पतविंदर सिंह को अंगवस्त्रम, पुष्पमाला,मोमेंटो देते हुए बोले सो निहाल-सत श्री अकाल के जयकारों सहित सम्मानित किया। संगत के द्वारा वाहेगुरु-वाहेगुरु का सामूहिक उच्चारण करते हुए गुरुवाणी के अनमोल कीर्तन से समूह संगत सराबोर होती रहीद्य गुरु मर्यादा,भक्तिभाव,पाठ,शब्द-कीर्तन,गुरु इतिहास के साथ ही गुरु के चरणों में अरदास करते हुए हुकुमनामा के उपरांत गुरु का अटूट लंगर बरता गया खालसा सृजना दिवस (बैसाखी)पावन पर्व के तीन दिवसीय गुरमत आध्यात्मिक समागम गुरुद्वारा साहिब अलोपीबाग मे लगातार (जलपात्र)पंछियों-चिड़ियों के लिए विशेष प्रकार की सेवा होती रही जिसमें गुरुद्वारे की तरफ से श्रद्धालुओं को मिट्टी का (जलपात्र)बर्तन देकर अपने-अपने घरों की छत व दीवारों आदि स्थानों पर दाना पानी रखने के लिए प्रेरित किया गया इस अवसर पर परमजीत सिंह,गुरुदीप सिंह सरना,सरदार पतविंदर सिंह,परमिंदर सिंह बंटी,मनु सिंह चावला,कुलदीप सिंह बग्गा,बलजीत सिंह,हरजीत सिंह कथुरिया,त्रिलोचन सिंह बग्गा,हरमनजी सिह,जसविंदर सिंह नीतू,कुलदीप सिंह खालसा,लखविंदर सिंह, राजेंद्र सिंह ग्रोवर,गुरबख्श सिंह, जसवीर सिंह,मनजीत सिंह खालसा, सुदर्शन सिंह,प्रेमजीत गुजराल,हरमनजी सिंह, जसवीर कौर,अंजु गुलजार,सरगम कौर, दलजीत कौर सहित बड़ी संख्या मे महिलाएं पुरुष,युवा-युवतियों व बच्चे श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बिहार में 3831 करोड़ का बना जेपी गंगा पथ पुल में आई दरार

## दो दिन पहले मुख्य मंत्री ने किया था लोकार्पण।

स्वतंत्र प्रभात

बिहार में पुलों के गिरने और सड़कें धंसने की खबरें अक्सर सामने आती रहती हैं। ताजा मामला राज्य की राजधानी पटना में सामने आया है। यहां 3831 करोड़ रुपये की लागत से बनी जेपी सेतु गंगा पथ के दोनों लेन में दरार की खबर सामने आई है। जेपी सेतु में दीदारगंज के पास पिलर नंबर ए-3 में दरार आ गई है। गौर करने वाली बात यह कि अभी दो दिनों पहले ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दीदारगंज दीघा जेपी सेतु के कंगन घाट से दिदारगंज तक के हिस्से का लोकार्पण किया था। लोकार्पण के लिए बड़ा मंच तैयार किया गया था। कार्यक्रम में राज्य के दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, दीघा विधायक संजीव चौरसिया समेत विभागीय अधिकारी शामिल हुए थे। सभी लोगों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रिमोट का बटन दबाकर जेपी सेतु का लोकार्पण किया था। लोकार्पण के दो दिन बाद ही दरार की तस्वीर सामने आई है। यह दरार जेपी सेतु गंगा पथ के दोनों लेन में आई है। अब सवाल खड़े किए जा रहे हैं कि क्या इसके निर्माण में भ्रष्टाचार हुआ है? क्या बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए सरकार ने जल्दबाजी में बिना जांच पड़ताल किए ही इसका लोकार्पण कर दिया? सवाल यह भी है कि ऐसी क्या जल्दी थी कि आंधी और बारिश के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पुल का उद्घाटन कर दिया?

# तेज रफ्तार ट्रक ने पेट्रोल पंप कर्मचारी को मारी टक्कर, हालत गंभीर, मेडिकल कॉलेज रेफर

स्वतंत्र प्रभात



**कुमारगंज [ अयोध्या ]।** अयोध्या जिले के पिठला गांव के पास शनिवार शाम एक तेज रफ्तार ट्रक ने पेट्रोल पंप कर्मचारी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल संजय दुबे (40 वर्ष), पुत्र रामचंद्र दुबे, भवानीगढ़ निवासी, अपनी बाइक (यूपी 44 एआर 1335) से महाशय फिलिंग स्टेशन, कुचेरा बाजार ड्यूटी पर जा रहे थे। संजय के अनुसार शाम लगभग 7:00 बजे पिठला गांव के पास ट्रक (बीआर 36 सी 0223) ने पीछे से उनकी बाइक को टक्कर मारी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, लेकिन वहां मौजूद लोगों ने ट्रक का नंबर नोट कर लिया। स्थानीय निवासी पियूष सिंह और उनके साथी योगेंद्र रमन ने तत्परता दिखाते हुए घायल को कुमारगंज के सौ सैय्या संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया। वहां इमरजेंसी में तैनात डॉ. दुर्ग विजय सिंह, फार्मासिस्ट वीरेंद्र वर्मा और अन्य स्टाफ ने प्राथमिक उपचार किया। डॉ. सिंह ने बताया कि संजय के सिर और पैर में गंभीर चोटें हैं, जिसके चलते उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# प्रयागराज महादेव मंदिर पर ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम सभा कहरा में किया गया मेले का भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**विस्तार:** ग्राम सभा कहरा सैदाबाद के अन्तर्गत ग्राम प्रधान विपिन सिंह द्वारा महादेव मंदिर में मंदिर का जीर्णोद्वार कर मेले का भव्य आयोजन किया गया , जिसमें ग्राम वासियो का अथक सहयोग बना रहा । इस शुभ अवसर पर विशिष्ठ अतिथि अवध वृन्दावन डेवलपमेंट एसोशिएसन के अध्यक्ष एवं भारतीय पत्रकार एवं मानवाधिकार परिषद के प्रदेश सचिव एस0 के0 द्विवेदी मेले में पहुंचकर मंदिर में भगवान भोले का दर्शन कर पूजा अर्चना किया । इसी क्रम में ग्राम प्रधान विपिन सिंह , हाईकोर्ट वरिष्ठ कनिष्ठ लिपिक दिनेश कुमार द्विवेदी ,पुष्पेन्द्र चौरसिया , बैजनाथ त्रिपाठी ,कमलेश कुमार द्विवेदी , रतनेश कुमार द्विवेदी , अंकुश द्विवेदी तथा काफी संम्भ्रान्त जन एवं ग्रामवासी उपस्तिथ रहे ।

# हरि नाम नहीं तो जीना क्या ? : ब्रह्मर्षि आनन्द धाम

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** जनपद में रविवार को सिराथू विकास खण्ड अन्तर्गत ग्रामपंचायत उदहिन बुजुर्ग में सप्तम दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में प्रख्यात कथा वाचक परम पूज्य आनन्द धाम सरकार ब्रह्मर्षि नागेन्द्र जी महाराज ने सुनाया। । कथा में आगे के प्रसंगों में अजामिल उद्धार,भक्त प्रहलाद के माध्यम से भगवान नरसिंह के अवतार के द्वारा हिरण्यकश्यप के उद्धार की कथा को भी सुनाया तथा समुद्र मंथन में निकले हुए 14 रत्नों के बारे में विस्तार से बताया भगवान वामन अवतार एवं राजा बलि के चरित्र पर विस्तार से वर्णन कर सुंदर कथा सुनाई गजराज गजेन्द्र की कथा के माध्यम से परिवार एवं समाज के प्रति झूठे मोह के बारे में विस्तार से वर्णन किया सूर्यवंश की कथा को विस्तार पूर्वक कहते हुए राम जी के जन्म शिक्षा दीक्षा विश्वामित्र जी के साथ यज्ञ की रक्षा के लिए जाना ताड़का एवं सबाहु का वध एवं मारीच का सौ योजन दूर जाकर गिरना एवं अहिल्या का उद्धार सीता स्वयंवर में सीता वरमाला एवं कलेऊ भोजन के बारे में बहुत ही सुंदर तरीके से प्रसंग को सुनाया समस्त श्रोतागण मंत्र मुग्ध हो गए अयोध्या में आगमन राज तिलक की तैयारी के बीच ही 14 वर्ष का वनवास का विस्तार से वर्णन किया सुमन्त द्वारा रथ में बिठाकर श्रृंगवेरपुर तक जाना निषाद राज द्वारा चरण धुल कर नौका में बिठाकर गंगा पार करने आदि से संबंधित बहुत सुंदर कथा प्रसंग का वर्णन किया चित्रकूट में रहकर 12 वर्ष व्यतीत करना एवं आगे दण्डक बन में जाकर पंचवटी में निवास करना शूर्पणखा के नाक कान काटकर अपमानित करना खरदूषण का भगवान के द्वारा वध सीता जी का हरण हनुमान जी के द्वारा सीता जी की खोज तत्पश्चात समस्त राक्षसों का वध कर रावण का संहार करके सीता जी को विमान में बिठाकर पुन: वापस भगवान के साथ अयोध्या में आना एवं भगवान राम का अयोध्या में राजतिलक ग्यारह हज़ार वर्ष तक भगवान राम ने अयोध्या में राज्य किया भगवान का स्वधाम गमन तत्पश्चात चन्द्र वंश की कथा कहते हुए भगवान कृष्ण का यदुकुल में प्राकट्टोत्सव की कथा सुनाई एवं उत्सव धूमधाम से मनाया गया कथा में मुख्य कथा के आयोजक श्रीमती मुगुन देवी पत्नी गिरीश चन्द्र मिश्र , एवं सुमन देवी पत्नी अनुज मिश्र श्रोतागण नागेश मिश्र, योगेश मिश्र,अनुज मिश्र, नीरज मिश्र, अरुण मिश्र, पीयूष मिश्र,हर्ष मिश्र, आर्यन मिश्र ,भूषण तिवारी, पप्पू तिवारी, संजीव कसेरा,गौकरन तिवारी, शिवबाबू मिश्र, कमलेश दुबे, फूलचन्द्र तिवारी, सन्तोष कुमार पाण्डेय, शिवसागर मौर्य,आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे लोंगो ने कथा मे बैठकर कथा श्रवण कर परम् आनन्द महसूस किया।

# भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर विशेष स्वच्छता अभियान संपन्न

## 14 अप्रैल को मनायी जाएगी बाबा साहब की जयंती

स्वतंत्र प्रभात



**ब्यूरो प्रयागराज।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के दृष्टिगत आज जनपद में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने जनपदवासियों से अपील की कि 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती को पूरे उत्साह व उत्सव के साथ धूमधाम से मनाएं। आधुनिक भारत के निर्माण में बाबा साहब का योगदान अतुलनीय है। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशानुरूप 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती अत्यंत गरिमा व समारोह पूर्वक मनाई जाएगी। जनपद में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसमें डॉ. अंबेडकर जी के विचारों, उनके जीवन, संघर्षों और संविधान निर्माण में उनके योगदान के विषय में आमजन को बताया जाएगा।

# अंजलि उपाध्याय यूथ कांग्रेस की स्टेट को : कॉर्डिनेटर बनी

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर शनिवार को नवनियुक्त प्रदेश को-कोऑर्डिनेटर अंजली उपाध्याय के पहुंचने पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं के साथ माला पहनाकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया।रानीगंज विधानसभा क्षेत्र के शिवगढ़ विकास खण्ड के बभनमई ग्रामसभा निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता पशुपति उपाध्याय की पुत्री अंजलि उपाध्याय के कार्यों से प्रभावित होकर शीर्ष नेतृत्व द्वारा बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।इस अवसर कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी ने अंजलि उपाध्याय को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।नवनियुक्त प्रदेश को-कोऑर्डिनेटर अंजली उपाध्याय ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी व निष्ठा से करूंगी।इस अवसर पर मुख्य रूप से कांग्रेस कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी,नगर अध्यक्ष इरफान अली, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम शंकर द्विवेदी, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, पूर्व प्रत्याशी विश्वनाथगंज विधानसभा प्रशांत सिंह प्रिंशु, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरोज कश्यप, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, ब्लॉक अध्यक्ष सड़वा चंडिका मोनू मिश्रा, सदर ब्लॉक अध्यक्ष मो.वसीम, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा, यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव मो.हुजैफ,आरटीआई सेल के राम रतन तिवारी, रियाज सुलतान, अभय किशोर त्रिपाठी, आशीष शुक्ला,यश द्विवेदी, चंद्रनाथ शुक्ला, श्याम शंकर तिवारी, भवानी शंकर दूबे, इन्दिरा नंद तिवारी,विवेक पाण्डेय,रवि प्रताप सिंह,अशोक सिंह, महेंद्र सलमान खान, अश्वनी उपाध्याय, अरबाज आलम, धर्मराज सिंह आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे

# संक्षिप्त खबरें

## गर्मी में पेयजल संकट से निपटने को लेकर जिला प्रशासन सतर्क, चापानलों व जलमीनारों की मरम्मति कार्य जारी



**पाकुड़, झारखंड-** गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट को दूर करने हेतु विशेष पहल की जा रही है। उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देश पर जिले के विभिन्न प्रखंडों में हर दिन खराब पड़े चापानलों एवं जलमीनारों की मरम्मति का कार्य जारी है। उपायुक्त के निर्देशानुसार पेयजल समस्या के निराकरण हेतु 11 अप्रैल 2025 को पाकुड़ प्रखंड में 06, हिरणपुर में 04, लिट्टीपाड़ा में 03, अमड़ापाड़ा में 03, महेशपुर में 09 तथा पाकुड़िया प्रखंड में 08 चापानलों एवं कुल 17 जलमीनारों की मरम्मति की गई। जिला प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल 2025 से अब तक कुल 213 चापानलों एवं 29 जलमीनारों को मरम्मत कर पुनः चालू कर दिया गया है, जिससे ग्रामीणों को राहत मिली है। प्रशासन द्वारा यह कार्य लगातार जारी है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो सके।

## विधायक ने भक्ति जागरण का किया शुभारम्भ

**ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते है - मनोज यादव**



**चौपारण हजारीबाग झारखंड-** चौपारण प्रखंड के भटबिगहा में श्रीमद्भागवत कथा एवं प्रथम वार्षिक उत्सव महायज्ञ के अंतिम संध्या आयोजित भक्ति जागरण का बरही विधायक ने शुभारम्भ किया। ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़े रखते हैं। उन्होंने यज्ञ समिति को सफल यज्ञ के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव ने कहा की भटबिगहा में भक्ति का माहौल है। मौके पर बरही मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, स्थानीय समिति सदस्य अशोक यादव यज्ञ सामिति के अध्यक्ष राजू यादव, सचिव बिनोद यादव, कोषाध्यक्ष सिकन्दर यादव, सदस्य मनोज यादव, टुकन यादव, राजकुमार रजक, सुरेंद्र रजक, शेवाली यादव, उमेश पासवान, सुभाष यादव, सकलदेव यादव, संजय रजक, बिरेन्द्र रजक, टुकन यादव, कैलाश राणा, प्रेम यादव, मुंशी यादव, महाबीर यादव, रामचन्द्र यादव, धीरज श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद थे।

## तिलैया डैम के किनारे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, पुलिस जांच में जुटी

**बरही** थाना क्षेत्र के बेन्दगी पंचायत अंतर्गत तिलैया डैम के किनारे रविवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव को देखकर स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना बरही थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बरही थाना से पुलिस बल मौके पर पहुंचा और शव को किसी प्रकार पानी से बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस ने मामले की जानकारी मुक्तिधाम सेवा संस्थान के नीरज कुमार को दी। नीरज कुमार मौके पर पहुंचे और शव को एम्बुलेंस के माध्यम से बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। फिलहाल शव को शीतगृह में सुरक्षित रखा जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है और शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

## बिरहोर टोला में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी की देख-रेख में किया गया केवाईसी कार्य

**30 अप्रैल तक सभी राशन कार्डधारकों के लिए केवाईसी अनिवार्य - संजय यादव**

**बरही, झारखंड-** बरही प्रखंड अंतर्गत बिरहोर टोला में प्रखंड आपूर्ति विभाग की देखरेख में राशन कार्डधारकों का केवाईसी कार्य शिविर के माध्यम से संपन्न किया गया। यह कार्य राज्य सरकार एवं आपूर्ति विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जा रहा है, जिसके तहत 30 अप्रैल तक सभी राशन कार्ड लाभुकों के लिए केवाईसी कराना अनिवार्य है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय यादव के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में अब तक कुल 50 लाभुकों का केवाईसी पूर्ण किया जा चुका है। खासकर आदिम जनजाति समुदाय के लोगों के लिए यह शिविर आयोजित किया गया, जहां केवाईसी प्रक्रिया के दौरान कई प्रकार की समस्याएं भी सामने आई। इनमें आधार कार्ड का नहीं होना, आधार में त्रुटि या अपडेट की आवश्यकता जैसी समस्याएं प्रमुख रहीं। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने कहा कि सरकार को पहले ऐसे क्षेत्रों में विशेष आधार शिविर लगाकर आधार से संबंधित समस्याओं का समाधान करना चाहिए, ताकि केवाईसी प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए और सभी लाभुक समय पर इस प्रक्रिया को पूर्ण कर सकें।

# पंचायत सरकार भवन निर्माण पर विवाद गहराया,दो पक्षीय वार्ता रहा बेनतीजा, आदिवासी समाज ने जताई नाराजगी

स्वतंत्र प्रभात



**त्रिवेणीगंज।** प्रखंड के परसागढ़ी दक्षिण पंचायत के हरिनाहा वार्ड संख्या 9 में निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार संध्या को इस मुद्दे पर आदिवासी समाज और प्रशासन के बीच हुई दो पक्षीय वार्ता भी किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। इससे नाराज आदिवासी समाज के लोगों ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं और विरोध को और तेज करने की चेतावनी दी है। शनिवार संध्या आदिवासी समाज के दर्जनों महिला-पुरुष अनुमंडल कार्यालय पहुंचे और अपना विरोध दर्ज कराया। आदिवासी समाज का कहना है कि जिस जमीन पर पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराया जा रहा है, वह भूमि वर्षों पहले आदिवासी आवासीय हाई स्कूल के लिए आवंटित की गई थी। विभागीय उदासीनता के कारण पिछले 41 वर्षों से विद्यालय भवन का निर्माण नहीं हुआ।उन्होंने बताया कि उक्त जमीन पर विद्यालय की पुरानी नींव आज भी मौजूद है।


इस मुद्दे को लेकर एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों और आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों के बीच शनिवार को करीब डेढ़ से दो घंटे तक वार्ता चली। वार्ता में अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद युवा प्रकोष्ठ के कटिहार जिलाध्यक्ष सिणोद उरांव के नेतृत्व में चंद्रशेखर उरांव,रंजन उरांव,राजमणि देवी,प्रमिला देवी,रीना देवी,मंजुला देवी,रंजू देवी सहित कई प्रतिनिधियों ने भाग लिया। हालांकि बैठक के बाद भी कोई समाधान नहीं निकल पाया।बैठक के बाद बाहर निकले आदिवासी समाज के लोगों ने प्रशासन पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि वे अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी से पूरी तरह असंतुष्ट हैं। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के युवा प्रकोष्ठ के कटिहार जिलाध्यक्ष सिणोद उरांव ने आरोप लगाया कि जब पहले निर्माण कार्य रोका गया और वे लोग जदिया थाना में आवेदन देने पहुंचे,तो वहां के पुलिसकर्मियों ने उनलोगों को डराया-धमकाया और कहा कि ज्यादा बोलोगे तो जेल में डाल देंगे। बता दें कि आदिवासी समाज के लोगों का कहना है कि जिस भूमि पर पंचायत सरकार भवन बनाया जा रहा है, वह खाता संख्या 495, खेसरा संख्या 2341 की 5 एकड़ 14 डिसमिल जमीन है, जो दशकों से आदिवासी स्कूल के नाम पर दर्ज है। ग्रामीणों ने भूमि से संबंधित दस्तावेज और मालगुजारी रसीदें भी प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत कीं। उनका स्पष्ट कहना है कि यह भूमि बच्चों के भविष्य के लिए सुरक्षित है और इस पर किसी भी सूरत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण नहीं होने देंगे।

आदिवासी समाज के लोगों ने मांग की है कि विद्यालय के लिए आरक्षित भूमि को संरक्षित रखा जाए और पंचायत भवन के निर्माण के लिए कोई वैकल्पिक भूमि चिन्हित की जाए। फिलहाल इस मुद्दे को लेकर आदिवासी समाज के लोगों के बीच आक्रोश बना हुआ है। आदिवासी समाज के लोग अपने रुख पर अडिग हैं, वहीं प्रशासन अभी भी समाधान की तलाश में जुटा है। अब देखना यह है कि आने वाले दिनों में इस विवाद का कोई समाधान निकलता है या विरोध और तेज होता है।

# प्रखंड कार्यालय मंडरो में स्वच्छ भारत अभियान की उड़ रही हैं धज्जियां, प्रखंड कार्यालय मंडरो में हर तरफ गुटखा तंबाकू का छाप

स्वतंत्र प्रभात

**साहेबगंज, झारखंड-** साहेबगंज जिला अंतर्गत मंडरो प्रखंड सह अंचल कार्यालय में कोटपा कानून( गुटखा तंबाकू पर पूर्ण प्रतिबंध) का पालन बिल्कुल ही नहीं हो रहा है। प्रखंड सह अंचल कार्यालय मंडरो के कई कोने में गुटखा खाकर थूकने का छाप लगा हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कर्मचारी से लेकर प्रखंड कार्यालय आने जाने वाले लोग भी गुटखा खाकर कार्यालय के कोने में थूक देते हैं। लेकिन रोकने वाला कोई नहीं है।। क्षेत्र के बुद्धिजीवी लोगो में चर्चा बना हुआ है कि झारखंड सरकार द्वारा गुटखा पान मसाला पर पूर्ण प्रतिबंध लगा चुकी है। लेकिन प्रखंड कार्यालय सटे हुए बस दस कदम की दूरी पर मंडरो बाजार में खुलेआम चौबीस घंटा गुटखा तंबाकू बेचा जा रहा है।। वहीं चाय दुकान में लोगों के बीच चर्चा बना हुआ है, कि मंडरो प्रखंड कार्यालय में बीडीओ मेघनाथ उरांव के सामने भी कई लोग गुटखा खाकर जाते हैं लेकिन उनके द्वारा किसी भी प्रकार का रोक टॉक नहीं किया जाता है। कहा जा सकता है कि मंडरो बीडीओ मेघनाथ उरांव द्वारा गुटका खाने में एक प्रकार का बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं। अगर स्वास्थ्य विभाग के बड़े अधिकारियों द्वारा इस तरह से लापरवाही की जाती रहेगी। तो सरकार द्वारा गुटखा पर प्रतिबंध कभी नहीं रुकेगा। सिर्फ एक दिखावा बनकर रह जाएगा।। इसके अलावा प्रखंड कार्यालय घुसने के क्रम में ही मुख्य द्वार के पास ही शराब का बोतल,कोडिंग सिरप यानी नशीली दवाओं की शीशी आदि सैकड़ों की संख्या में फेंका हुआ पड़ा है। लेकिन प्रखंड के



कर्मी या आने जाने वाले ग्रामीण की बात तो दूर मंडरो बीडीओ मेघनाथ उरांव भी इसको नजर अंदाज कर दिए हुए हैं।

# आरोग्यम अस्पताल में जन्मजात कटे होंठ का सफल ऑपरेशन

**● 11 माह लकी कुमार को मिला नया जीवन, माता-पिता की आंखों में उमंग की चमक**

**आरोग्यम अस्पताल हर पीड़ित परिवार की आशा बनकर खड़ा रहेगा- हर्ष अजमेरा**

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग, झारखंड-** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बनासो गांव निवासी लकी कुमार, उम्र 11 माह 6जन्म से ही कटे हुए होंठ की समस्या से पीड़ित था। यह विकृति न केवल शारीरिक पीड़ा देती है, बल्कि मानसिक और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करती है। लकी अपने मित्रों के साथ खुलकर हँस नहीं पाता था, स्कूल में उसका मजाक उड़ाया जाता था, और पारिवारिक आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर होने के कारण इस जन्मजात बीमारी का समुचित इलाज संभव नहीं हो पा रहा था। ऐसी स्थिति में आरोग्यम हॉस्पिटल, हजारीबाग ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लकी का संपूर्ण इलाज निःशुल्क करने का बीड़ा उठाया। इस योजना के तहत सभी प्रकार की जाँच, ऑपरेशन, दवा, अस्पताल में रहने और देखरेख की संपूर्ण व्यवस्था की गई। प्रसिद्ध चिकित्सा डॉ अमित कुमार ने अत्यंत सूक्ष्म तकनीक और विशेषज्ञता के साथ इस जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक संपन्न किया। ऑपरेशन के पश्चात लकी की स्थिति लगातार बेहतर होती गई और 10 दिनों के भीतर टांके काट दिए गए। अब लकी पूरी तरह से स्वस्थ है और सामान्य बच्चों की तरह अपने मित्रों के साथ खेल-कूद रहा है। लकी के माता-पिता ने जब अपने बच्चे को मुस्कराते हुए देखा तो उनकी आंखें नम हो गई। 11 माह से जो दर्द और पीड़ा उनके चेहरे पर झलकती थी, वह अब खुशी और संतोष में बदल चुकी है। अस्पताल प्रबंधन को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि अगर आरोग्यम अस्पताल और आयुष्मान योजना नहीं होती, तो वे कभी भी इस महंगे इलाज को नहीं करवा पाते। आरोग्यम अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा एवं चिकित्सा टीम ने इसे एक सामाजिक उत्तरदायित्व के रूप में लिया और बच्चे को न केवल नया चेहरा, बल्कि एक नया आत्मविश्वास और जीवन की नई दिशा दी। निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा की हमारा उद्देश्य केवल इलाज करना नहीं, बल्कि उम्मीद देना है उन परिवारों को, जो संसाधनों के अभाव में अपने बच्चों का इलाज नहीं करवा पाते। लकी कुमार का मामला हमारे लिए एक मिशन जैसा था। जब हमने उसकी आँखों में मुस्कराहट और उसके माता-पिता के चेहरे पर संतोष देखा, तो महसूस हुआ कि आरोग्यम



अस्पताल की स्थापना का उद्देश्य पूर्ण हो रहा है। हम आयुष्मान भारत योजना जैसी जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से ज़रूरतमंदों तक उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएँ पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आने वाले समय में भी हम समाज के हर वर्ग तक सुलभ, सशक्त और संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने का प्रयास जारी रखेंगे। डॉक्टर अमित कुमार ने बताया की जब एक बच्चा मुस्कान के अधिकार से वंचित होता है, तो वह सिर्फ चेहरा ही नहीं, आत्मविश्वास भी खो देता है। लकी के चेहरे पर जब पहली बार ऑपरेशन के बाद मुस्कान लौटी, तो हमें लगा कि हमने सिर्फ एक शल्यक्रिया नहीं की, बल्कि एक जीवन को नया आकार दिया है। हमारा उद्देश्य केवल इलाज करना नहीं, बल्कि ऐसे बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना भी है। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से हम हर जरूरतमंद तक यह सेवा पहुँचाना चाहते हैं। आरोग्यम अस्पताल हमेशा मानवता को सर्वोपरि मानता है और यही हमारी सबसे बड़ी प्रेरणा है।

# बरही में महिला एवं बाल संरक्षण थाना का हजारीबाग एसपी ने किया उद्घाटन

**● थाना में महिला और बच्चों से संबंधित अपराधों की रोकथाम और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा- एसपी**

स्वतंत्र प्रभात

**बरही** गया रोड स्थित सर्किल ऑफिस परिसर में रविवार को महिला एवं बाल संरक्षण थाना का उद्घाटन भव्य तरीके से किया गया। इस नए थाने का शुभारंभ हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा पुलिस अधीक्षक को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके अलावा छोटे छोटे बच्चों ने एसपी को बुके देकर स्वागत किया। उद्घाटन समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि महिला एवं बाल संरक्षण थाना की स्थापना एक सराहनीय कदम है, जो बरही अनुमंडल में महिला और बच्चों से संबंधित अपराधों की रोकथाम और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह थाना पीड़ितों को एक सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराएगा और न्याय की दिशा में प्रभावी कदम उठाएगा। समारोह में सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभास कुमार, परिचारी प्रवर पुलिस केंद्र इंस्पेक्टर कुमार देवव्रत, महिला थाना प्रभारी किरण कश्यप, परिचारी पुलिस केंद्र शशि उरांव, पदमा थाना प्रभारी रुद्र प्रताप सिंह, जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, कांग्रेस नेत्री पूनम यादव, सुषमा विश्वकर्मा समेत कई पुलिस अधिकारी, कर्मी और स्थानीय लोग उपस्थित थे। सभी ने इस पहल का स्वागत किया और इसे महिला सुरक्षा की दिशा में एक मजबूत प्रयास बताया। नए थाने में कई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं ताकि पीड़ितों को बेहतर सेवा मिल सके और केसों की सुनवाई व जांच में कोई बाधा न आए। सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार ने भरोसा दिया कि इस थाने की मदद से महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, बाल



अपराध जैसे मामलों पर शीघ्र कार्रवाई संभव होगी। समारोह का समापन सामूहिक रूप से महिला सशक्तिकरण के लिए मिलकर कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ। मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक सुमित साव, नरेंद्र पांडेय, संजय कुमार, नीरज सिंह, गणेश यादव, अर्जुन महतो, दीक्षित, पूनम यादव, नीतू देवी, नीलम केसरी, वार्ड सदस्य सिंपी कुमारी, रीता देवी, गुड़िया देवी, रीता देवी, गीता देवी, गौरी देवी, जयंती केसरी, लक्ष्मी देवी, गनशी देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बरही चौक पर सांसद मनीष जयसवाल का चौपाल- केंद्र सरकार की योजनाओं से कराया अवगत

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने शनिवार को बरही चौक पर भाजपा द्वारा आयोजित एक चौपाल कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाना था। सांसद मनीष जायसवाल ने उपस्थित जनसमूह को इन योजनाओं के लाभ और प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से बताया। चौपाल कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित हुए, जिन्होंने सांसद मनीष जायसवाल से सीधे संवाद किया और अपनी स्थानीय समस्याओं एवं जिज्ञासाओं को उनके समक्ष रखा। सांसद जायसवाल ने सभी के सवालों का धैर्यपूर्वक जवाब दिया और उनकी शंकाओं का समाधान किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार ऐतिहासिक कार्य कर रही है। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में सरकार की उपलब्धियों को गिनाया, जिनमें विकास कार्य, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं और आर्थिक प्रगति प्रमुख थीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार का लक्ष्य हर वर्ग के लोगों का विकास सुनिश्चित करना है



और इसी दिशा में विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पश्चिमी मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी ने की। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के कार्यकर्ता और आम लोगों ने सांसद मनीष जायसवाल का स्वागत किया और चौपाल कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से आम लोगों को सरकार की नीतियों और योजनाओं को समझने में मदद मिलती है। चौपाल कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सांसद के साथ खुलकर बातचीत की। लोगों ने अपनी समस्याओं और सुझावों को भी सांसद के सामने रखा, जिस पर उन्होंने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। सांसद मनीष जायसवाल ने आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा और उचित कार्रवाई की जाएगी। कुल मिलाकर, बरही चौक पर आयोजित यह चौपाल कार्यक्रम सफल रहा, जिसमें सांसद मनीष जायसवाल ने केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी और लोगों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। इस कार्यक्रम से स्थानीय लोगों को सरकार की नीतियों को बेहतर ढंग से समझने और उनका लाभ उठाने में मदद मिलेगी। मौके पर विशेष रूप से बरही पश्चिम भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान केसरी, पूर्वी भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशून यादव, भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित साहू, भाजपा वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, संजीव कटरियार, मंडल महामंत्री प्रमोद सिंह चंद्रवंशी, नवल किशोर सिंह, उपाध्यक्ष संतोष निषाद, नागेश्वर रजक, विशेश्वर यादव, खिरोधर यादव, मोती सिंह, नागेश्वर ठाकुर, दुबे जी, रमन साहू, अवधेश सिंह, प्रकाश ठाकुर, इंद्रदेव ठाकुर, गोपाल राणा, जयंत केसरी, ज्योतिष यादव, सुबोध केसरी, सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# शहीद जवान सुनील धान को राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि, घायल जवान विष्णु सैनी से अस्पताल में की मुलाकात

स्वतंत्र प्रभात

**रांची-** झारखंड जगुआर मुख्यालय, रांची में रविवार को सुरक्षाबलों और उग्रवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में आईईडी विस्फोट के कारण शहीद हुए जवान सुनील धान को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। माननीय राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें अंतिम विदाई दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शहीद के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढाढ़स बंधाया और कहा कि दुःख की इस घड़ी में राज्य सरकार शहीद के परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। जवान की शहादत कभी व्यर्थ नहीं जाएगी। गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी शहीद जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने उनकी वीरता को नमन करते हुए कहा कि उनका बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि सुरक्षा बलों की लगातार कार्रवाई से उग्रवाद का सफाया अब अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि जो थोड़े बहुत उग्रवादी बचे हैं, वे हताशा में ऐसी घटनाओं को अंजाम देने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनकी मंशा अब सफल नहीं होगी। उग्रवाद की घटनाएं अब अंतिम सांसें गिन रही हैं।

**खूंटी के कांटी पोड़हा टोली के रहने वाले थे शहीद सुनील धान-** शहीद जवान सुनील धान खूंटी जिला के कर्रा प्रखंड स्थित कांटी पोड़हा टोली के निवासी थे। उनके परिवार में मां श्रीमती फगुनी उराइंन, पत्नी श्रीमती गंदरी धान और दो पुत्र - प्रियांश धान (6 वर्ष) और अनिकेत धान (4 वर्ष) हैं।

**घायल जवान विष्णु सैनी से अस्पताल में मुलाकात-** राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने राज अस्पताल, रांची में भर्ती कोबरा -203 बटालियन के घायल जवान विष्णु सैनी से भी मुलाकात की और उनके इलाज की जानकारी चिकित्सकों से प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने निर्देश




दिया कि घायल जवान को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। जवान विष्णु सैनी पश्चिमी सिंहभूम के जराईकेला में सर्च ऑपरेशन के दौरान आईईडी विस्फोट में घायल हो गए थे।

**सरकार हर स्थिति में जवानों और उनके परिवारों के साथ-** मुख्यमंत्री ने दोहराया कि राज्य सरकार अपने जवानों और उनके परिवारों की सुरक्षा, सम्मान और जरूरतों का पूरा ख्याल रखेगी। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा में लगे हर जवान की वीरता को राज्य कभी नहीं भूलेगा।

# सिमलिया बुढ़वा महादेव मंदिर में धूमधाम के साथ हर्षोल्लास से मना हनुमान जयंती

स्वतंत्र प्रभात

**रांची, झारखंड-** हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर रातू थाना अंतर्गत नयाटोली, सिमलिया, बुढ़वा महादेव मंदिर, सोकरा महादेव मंदिर में हनुमान जयंती धूमधाम के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया। इस अवसर पर शिक्षक सह शिव मंदिर पूजा समिति के अध्यक्ष सेन दत्त जी के साथ अन्य भक्तों के हाथों पुरोहित आचार्य रविंद्र भारद्वाज जी द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गई। वंदना की शुरुवात सर्वप्रथम प्रभु श्री राम के स्तुति वंदना से हुई तथा हनुमान पाठ, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण, आरती पूजन व भजन गायन कर संपन्न किया गया। इस दरम्यान श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया। उक्त पूजा कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी सह राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह मुख्य रूप से शामिल रहे। उन्होंने हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर समस्त रामभक्तों व हनुमान भक्तों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वीर हनुमान आपके जीवन में खुशियां और सफलताएं लाएं। कहा कि इस



पावन अवसर पर वीर हनुमान जी से प्रार्थना है कि हम सबको शक्ति, साहस और बुद्धि ज्ञान प्रदान करें। हनुमान जी की भक्ति और उनके गुण हमें अपने कार्य में हमेशा प्रेरित करते रहें। हम सब मिलकर सनातन धर्म की रक्षा व राष्ट्रवाद के पथ पर चलते हुए समाज व राष्ट्र के नवनिर्माण के लिए सदा आगे बढ़ें व नए आयाम स्थापित करें। श्री सिंह ने कहा कि हिंदू धर्म ग्रंथो के अनुसार भगवान राम के अनन्य भक्त हनुमान जी का प्रादुर्भाव आज से अन्ठावन हजार, एक सौ सोलह वर्ष पूर्व हुआ था। लोक मान्यताओं के अनुसार त्रेतायुग के अंतिम चरण चैत्र पूर्णिमा मंगलवार की सुबह में हुआ था। वह हम सब झारखंड वासियों का सौभाग्य है कि हनुमान जी का जन्म इसी प्रांत के गुमला जिले के अंजान नाम के छोटे से गांव के पहाड़ी गुफा में हुआ था। वे भगवान शिव जी के ग्यारहवें रूद्र अवतार हैं। राम भक्त हनुमान की आराधना से भक्तों के समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती है। साथ हीं साधकों को हनुमान जी के संग भगवान राम और शिव की भी कृपा प्राप्त होती है। रामचरितमानस में वर्णन है कि भगवान राम जब सीता की खोज में जंगलों में भटक रहे थे, तभी उनके भक्त हनुमान से मिलन हुआ था। देखते हीं देखते भक्त हनुमान राम के हृदय में, और भगवान राम हनुमान के हृदय में बस गए थे। भगवान राम ने हनुमान जी को अपने छोटे भाइयों के सम्मान ही दर्जा प्रदान किया था। कहा हनुमान के भक्त हनुमान जी को कई नामों से पुकारते हैं जैसे- हनुमान, बजरंगबली, पवन पुत्र, केसरी नंदन, कपीश, शंकर सुमन आदि विविध नाम हैं। इनके हर नाम में गहरा अर्थ छुपा है। इसे उनके नाम के उच्चारण से हीं समझा जा सकता है। इस पावन अवसर पर महिला, पुरुष व बच्चों समेत सैकड़ों भक्त शामिल थे।

# संकट मोचन धाम पथरोल में चैत्र पूर्णिमा पर भजन कीर्तन, महाआरती और खिचड़ी प्रसाद वितरण का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**पथरोल, करौं, देवघर, झारखंड-** सिद्ध पीठ पथरोल के कालीधाम स्थित संकट मोचन धाम में शनिवार की देर शाम चैत्र पूर्णिमा एवं हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर भव्य भजन-कीर्तन, हनुमान जी की महाआरती और खिचड़ी प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। बताया गया कि वर्ष 2002 से ही प्रत्येक पूर्णिमा को संकट मोचन धाम में भजन-कीर्तन, बाबा की महाआरती और खिचड़ी प्रसाद वितरण की परंपरा चली आ रही है। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए चैत्र पूर्णिमा पर भी श्रद्धालुओं के सहयोग से यह आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर के पुजारी पंडित गौतम पाठक ने हनुमान चालीसा के पाठ से की। भजन संध्या में भजन गायक अक्षय शर्मा, उपेंद्र रवानी, बरुन, जटाशंकर राउत, उपेंद्र दास आदि ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर भक्तों को भावविभोर कर दिया।



वहीं कामदेव दास ने "जय गणेश गणनायक...", "मैली चादर ओढ़ के...", "रामा रामा रटते-रटते बीती रे उमरिया..." जैसे भजनों से माहौल भक्तिमय कर दिया। कुमार जितेंद्र ने "तुम हो गजानन बड़े दयालु...", "राम आएंगे तो आ अंगना सजाऊंगा...", "मेरे सिर पर रख दे बाबा अपने ये दोनों हाथ..." जैसे मधुर भजनों से समाँ बाँधा। वाद्य यंत्रों में नाल पर सुरेन दास और बैंजो पर दिनेश दास सहित अन्य साथियों ने उत्कृष्ट संगत प्रदान किया। मंदिर प्रबंधक दिलीप पाठक ने बताया कि यहाँ प्रत्येक पूर्णिमा को स्थानीय ग्रामवासियों के सहयोग से भजन संध्या व खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया जाता है। बताया कि श्रद्धालु स्वेच्छा से योगदान देते हैं, जिससे यह आयोजन निरंतर होता आ रहा है। कार्यक्रम की सफलता में मंदिर कमेटी के सदस्य माधो मंडल, उपेंद्र रवानी, सुरेंद्र दास, अजय रवानी, अभय बच्चु मिश्रा, करू रवानी, राजकिशोर, गुणधार मंडल, सरवन यादव, महेंद्र विश्वकर्मा, कामदेव रवानी, जग्गू रवानी, सुशील सिंह, कामदेव महतो, गुड़ा पंडित, श्री तुरी, वरुण बावरी, बलदेव रवानी, रवि रवानी, राजेश रवानी, मनोज यादव, हीरो यादव सहित सभी ग्रामवासियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# संक्षिप्त खबरें

## पीएचसी में 15 फाइलेरिया मरीजों को मुफ्त किट दिया गया

**विभिन्न गांव से फाइलेरिया मरीजों को चिन्हित कर मुक्त उपचार किट वितरण किया जाएगा डॉक्टर प्रदीप त्रिपाठी**



**खजनी गोरखपुर-** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खजनी में इलाके के विभिन्न गांवों से चिन्हित 15 फाइलेरिया मरीजों को मुफ्त उपचार किट का वितरण किया गया। पीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. प्रदीप तिवारी तथा स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी जुमराती अहमद ने लोगों को फाइलेरिया से बचाव की जानकारी देते हुए उन्हें किट के उपयोग का तरीका बताया। इस दौरान घईसरा गांव के 3 बरी और भेउंसा उर्फ बनकटां गांव के 2 तथा बरपार बरगाह, हरदीचक, महमूदपुर, सेमरडाडी, सरायचांदपार बिगही, देवडारतुला, भरोहिया, हरनहीं गांवों से पहुंचे एक- एक मरीजों किट वितरित किया गया। एमओआईसी डॉ प्रदीप तिवारी ने बताया कि गांवों में पहुंच कर मरीजों को चिन्हित किया जा रहा है,अभी और मरीजों को मुफ्त किट वितरित किए जाएंगे। किट वितरण के दौरान पीएचसी के एनएमएस सीपी रॉय, फार्मासिस्ट केएम सिंह, एआरओ अजीत डॉक्टर एखलाक सहित पैरामेडिकल स्टॉफ और संबंधित गांवों की आशाएं मौजूद रहीं।

## गोरखपुर- मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप, दोनों पक्षों में ईंट-पत्थर चलने से आधा दर्जन लोग घायल



**गोरखपुर** जनपद के गोला थाना क्षेत्र के तेंदुहानी गांव में शनिवार देर शाम एक पुराने विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गांव के प्रधान प्रतिनिधि सुवास मौर्य और गगहा थाना क्षेत्र के नर्रे गांव निवासी चौकीदार भीम के बीच शुक्रवार को शुरू हुआ विवाद शनिवार को इस कदर बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चले। इस झड़प में दोनों ओर से करीब आधा दर्जन लोग गम्भीर रूप घायल हो गए। देर रात दोनों पक्ष थाना पहुंचा पुलिस अग्रिम कार्यवाही में जुट गई। मिले जानकारी अनुसार, शुक्रवार को प्रधान प्रतिनिधि सुवास मौर्य के घर निर्माण कार्य चल रहा था, जहां नर्रे गांव का चौकीदार भीम पुत्र अवतार काम कर रहा था। उसी दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई और आरोप है कि सुवास पक्ष के लोगों ने भीम की पिटाई कर दी। इस घटना की शिकायत भीम ने गगहा थाने में की। पुलिस ने सुवास को थाने बुलाया, लेकिन वह वहां नहीं पहुंचे।

शनिवार शाम को मामला और गंभीर हो गया जब भीम के परिवार का एक युवक गांव की दुकान पर चाय पीने गया, जहां सुवास पक्ष के लोगों ने उसे लाठी से पीट दिया। इसके बाद भीम पक्ष के लोग लाठी-डंडा लेकर मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। ईंट-पत्थर भी चलाए गए, जिससे कई लोग घायल हो गए। घायलों में प्रधान प्रतिनिधि सुवास मौर्य, उनकी पत्नी एवं ग्राम प्रधान सुधा देवी, पुत्र शिवम, बेटियां अंशु और अंजली शामिल हैं। वहीं भीम और उनके साथी इंद्रजीत को भी चोटें आई हैं। सुवास को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सुवास पक्ष का आरोप है कि भीम और उनके लोग जबरन घर में घुसकर मारपीट और लूटपाट की घटना को अंजाम दिए। हालांकि अब तक थाने में किसी पक्ष से तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## डा0 अम्बेडकर की जयंती से पूर्व सभी पार्क व प्रतिमाओं की साफ सफाई की गई



**प्रतापगढ़।** शासन द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को उनकी जयंती से पूर्व जनपद के सभी नगरीय निकायों, विभिन्न वार्डों, ग्राम पंचायतों आदि में स्थापित आंबेडकर पार्कों तथा आंबेडकर जी की प्रतिमाओं की विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई कराई गई। स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव आम्बेडकर जी की जयंती पर 14 से 28 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित किया जा रहा है। जनपद में धूमधाम से उत्सव के रूप में बाबा साहब डॉ.भीमराव आम्बेडकर जी की जयंती पर प्रार्थना सभा, क्विज, वाद विवाद प्रतियोगिता, प्रभात फेरी, महिला सशक्तीकरण एवं लैंगिक समानता आदि पर सेमिनार के कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

# सपा, बसपा, कांग्रेस ने सिर्फ परिवार को किया मजबूत, भाजपा बना रही देश को सशक्त - शीतल पाण्डेय

**स्वतंत्र प्रभात**



**खजनी, गोरखपुर।** भाजपा के स्थापना दिवस अभियान के अंतर्गत चल रहे 'गांव चलो अभियान' के तहत सहजनवां विधानसभा के नगर पंचायत उनवल के वार्ड नंबर 3 टेकवार में पूर्व विधायक शीतल पाण्डेय ने दौरा किया। कार्यक्रम की शुरुआत झारखंडेश्वर मंदिर की साफ-सफाई से हुई, जिसके बाद मंदिर परिसर में चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल को संबोधित करते हुए शीतल पाण्डेय ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, जो लाखों कार्यकर्ताओं की तपस्या का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा का मिशन देश को आगे बढ़ाना है, न कि सपा, बसपा और कांग्रेस जैसी पार्टियों की तरह सिर्फ अपने परिवार का विकास करना।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय लक्ष्य का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार उसी दिशा में काम कर रही है। पाण्डेय ने कहा, "आज का बूथ अध्यक्ष ही कल का जिलाध्यक्ष, राष्ट्रीय अध्यक्ष, विधायक और सांसद बन सकता है।" उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे बिना किसी भेदभाव के हर घर तक पहुंचें और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को शेर की तरह निडर होकर 'वंदे मातरम' और 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ कार्य करना चाहिए।

पूर्व विधायक ने घर-घर जाकर विकास कार्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष इन्द्र कुमार निगम ने बताया कि 6 से 12 अप्रैल तक पार्टी स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत चौपालों के माध्यम से जनसमस्याओं को जानने और सरकार की उपलब्धियों को साझा करने का कार्य किया जा रहा है।


13 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर उनकी प्रतिमा की सफाई और दीप प्रज्वलन किया जाएगा, जबकि 14 अप्रैल को प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मिठाई का वितरण किया जाएगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष इंद्र कुमार निगम, वरिष्ठ नेता संतोष राम त्रिपाठी, हरिशंकर सिंह, बूथ अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी, दिगंबर पाण्डेय, मंडल महामंत्री योगेश वर्मा, जोगिंदर साहनी, पवन कुमार निगम, प्रदीप सिंह, रमेश पासवान, व्यास सिंह, सतीश कुमार, दिलीप कुमार, अरविंद कुमार, राहुल त्रिपाठी सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 16 अप्रैल को पट्टी में पहुंचेगी ऐतिहासिक वेदयात्रा



**प्रतापगढ़।** भारतीय संस्कृति की प्राचीनतम जड़ें और आध्यात्मिक चेतना को जाग्रत करती वेदयात्रा अब पट्टी की पावन धरती पर पहुंचेगी। श्री अनाराम धाम वैदिक गुरुकुलम् की प्रेरणा से निकली यह यात्रा वैदिक जीवनशैली, संस्कृत भाषा और गुरुकुल परंपरा के पुनर्जीवन का अद्वितीय अभियान चला रही है। वेदयात्रा का आयोजन 16 अप्रैल को पट्टी में बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न होगा, जिसमें सैकड़ों धर्मप्रेमी जनों की सहभागिता अपेक्षित है। इस पावन यात्रा का नेतृत्व वेदविद्याधौरेयः वेदमूर्ति स्वयं कर रहे हैं, जो वर्षों से वेदों के प्रचार-प्रसार और वैदिक मूल्यों की पुनः स्थापना में समर्पित हैं। कार्यक्रम प्रभारी पट्टी क्षेत्र के बाभनपुर गांव निवासी जयराम पाण्डेय ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य वेदों की महिमा को जन-जन तक पहुंचाना, वैदिक जीवनशैली को व्यवहार में उतारना, संस्कृत, संस्कृति एवं संस्कार का प्रचार करना, युवाओं में वैदिक चेतना का संचार, गुरुकुल परंपरा को पुनः प्रतिष्ठित करना है।उन्होंने जनता से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक अवसर पर सपरिवार उपस्थित होकर वेदों की अमूल्य ज्योति को अपने जीवन में धारण करें और इस पवित्र यज्ञ में सहभागी बनकर वैदिक पुनर्जागरण में योगदान दें।

## समूह लोन की किश्त के नाम पर बैंककर्मियों की दबंगई- महिला से अभद्रता और दी जान से मारने की धमकी



**●महिला का आरोप ताला तोड़कर घर में घुसे, की अभद्रता और दी जान से मारने की धमकी**

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोरखपुर।** गोला उपनगर के वार्ड संख्या 12, भीटी निवासी एक महिला ने एक माइक्रो फाइनेंस बैंक के कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। महिला का आरोप है कि समूह लोन की वसूली के नाम पर बैंककर्मी ताला तोड़कर उसके घर में जबरन घुसे, गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता सोनी देवी ने बताया कि उन्होंने एक माइक्रो फाइनेंस बैंक से समूह लोन लिया था जिसकी सभी किश्तें उन्होंने मार्च माह में ही जमा कर दी थीं। बैंक द्वारा उन्हें यह भी बताया गया था कि अब कोई बकाया शेष नहीं है। लेकिन शनिवार दोपहर को जब वह अपने पुत्र के साथ घर में आराम कर रही थीं, तभी बैंक का एक कर्मचारी एक अज्ञात व्यक्ति के साथ पहुंचा और घर के बाहर खड़े होकर गाली-गलौज करते हुए चिल्लाने लगा।

सोनी देवी के अनुसार, जब उन्होंने दरवाजा नहीं खोला, तो वे लोग घर के पीछे लगे फाटक का ताला तोड़कर अंदर घुस आए। आरोप है कि उन्होंने 16 हजार रुपये की बकाया किश्त की मांग करते हुए जबरदस्ती पैसे देने का दबाव बनाया। महिला का यह भी कहना है कि बैंककर्मी उसे जबरन घर से बाहर घसीटकर लाए और उसका वीडियो बनाना शुरू कर दिया। इस दौरान धमकी दी गई कि पैसे नहीं देने पर जान से मार देंगे।

घटना से भयभीत होकर महिला ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। मामले की पुष्टि करते हुए कोतवाल अंजुल चतुर्वेदी ने बताया कि दोनों पक्षों को बुलाकर मामले की जांच की जा रही है। सत्यता की पुष्टि के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस मामले में समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है।



## कार्यालयः ग्राम पंचायत भिटहाँ कुवर विकास खण्ड-खजनी, गोरखपुर

**-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचनाः-**

ग्राम पंचायत भिटहाँ कुंवर वित्तीय वर्ष 2025-26 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम.) विकास खण्ड खजनी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना, पंथन राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग स्वच्छ भारत मिशन एवं ग्राम पंचायत में अन्य योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट, ईट का टुकड़ा, इंटरलाकिंग ईट, ह्यूम पाईप, लोकल बालू, सिमेन्ट, मोरंग बालू, सरिया, पत्थर गिट्टी, बेन, पेन्ट, इलेक्ट्रिक वायरिंग, पत्थर साईन बोर्ड, लोहा साईन बोर्ड, पीवीसी पाईप, सीमेन्टेड बेंच, इण्डिया मार्का हैण्डपम्प 2, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हाईमाक्स लाईट, सफाई किट, शौच सेट, आर.ओ. प्लान्ट आदि से सम्बन्धित सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 28.04.2025 तक अपरान्ह 12.00 बजे तक सामाग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांचित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय भिटहा कुंवर के कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा वाक्स उसी दिन अपरान्ह 2.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की धनराशि रू0 5000.00 (पांच हजार रुपये) होगी।

**नियम व शर्ते-**

1-जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2-आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक में रजिस्ट्रेशन है तथा वह आयकर देता हो, प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3-ग्राम पंचायत सचिव/ ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/ कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा।
4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी।
5-जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6-सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7-सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटायी या बढ़ाई जा सकती है।
8- प्रस्तुत दरें पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृति दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9-आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10-ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायत सदस्य, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11-निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ ग्राम प्रधान के पास होगा।
12-स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/ अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
13-धरोहर की धनराशि नगद, राष्ट्रीकृत बैंक के एफडीआर एवं एनएससी/ डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत भिटहां कुंवर के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14-आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 07 दिवस के अंदर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
15-सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत भिटहा कुंवर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
16-ईट व ईट गिट्टी के लिये केवल भट्ठा स्वामी निविदा दे सकते हैं।
17-बारात घर, अन्त्येष्टि स्थल, स्ट्रीट लाईट, पंचायत भवन, इंटरलाकिंग, सीमेन्ट, सी.सी खड़ंजा, हाईमास्क लाईट, आर. ओ. प्लान्द, ओपेन जिम, खेल मैदान, सीमेन्टेड बेंट, हाईड्रोलिक बैन इत्यादि में।

**श्री रमजान**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत- भिटहा कुंवर विकास खण्ड-खजनी, गोरखपुर**

**लोक नाथ**
**ग्राम पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत- भिटहां कुंवर विकास खण्ड-खजनी, गोरखपुर**

## कार्यालयः ग्राम पंचायत भटियारी विकास खण्ड-खजनी, गोरखपुर

**-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचनाः-**

ग्राम पंचायत भटियारी वित्तीय वर्ष 2025-26 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम.) विकास खण्ड खजनी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना, पंथन राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग स्वच्छ भारत मिशन एवं ग्राम पंचायत में अन्य योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट, ईट का टुकड़ा, इंटरलाकिंग ईट, ह्यूम पाईप, लोकल बालू, सिमेन्ट, मोरंग बालू, सरिया, पत्थर गि?ट्टी, बेन, पेन्ट, इलेक्ट्रिक वायरिंग, पत्थर साईन बोर्ड, लोहा साईन बोर्ड, पीवीसी पाईप, सीमेन्टेड बेंच, इण्डिया मार्का हैण्डपम्प 2, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हाईमाक्स लाईट, सफाई किट, शौच सेट, आर.ओ. प्लान्ट आदि से सम्बन्धित सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 28.04.2025 तक अपरान्ह 12.00 बजे तक सामाग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांचित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय भटियारी के कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा वाक्स उसी दिन अपरान्ह 2.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की धनराशि रू0 5000.00 (पांच हजार रुपये) होगी।

**नियम व शर्ते-**

1-जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2-आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक में रजिस्ट्रेशन है तथा वह आयकर देता हो, प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3-ग्राम पंचायत सचिव/ ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/ कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा।
4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी।
5-जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6-सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7-सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटायी या बढ़ाई जा सकती है।
8- प्रस्तुत दरें पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृति दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9-आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10-ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायत सदस्य, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11-निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ ग्राम प्रधान के पास होगा।
12-स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/ अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
13-धरोहर की धनराशि नगद, राष्ट्रीकृत बैंक के एफडीआर एवं एनएससी/ डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत भटियारी के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14-आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 07 दिवस के अंदर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
15-सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत भटियारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
16-ईट व ईट गि?ट्टी के लिये केवल भट्?ठा स्वामी निविदा दे सकते हैं।
17-बारात घर, अन्त्येष्टि स्थल, स्ट्रीट लाईट, पंचायत भवन, इंटरलाकिंग, सीमेन्ट, सी.सी खड़ंजा, हाईमास्क लाईट, आर. ओ. प्लान्द, ओपेन जिम, खेल मैदान, सीमेन्टेड बेंट, हाईड्रोलिक बैन इत्यादि में।

**श्री बीरेंद्र मौर्य**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत- भटियारी विकास खण्ड-खजनी, गोरखपुर**

**लोक नाथ**
**ग्राम पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत- भटियारी विकास खण्ड-खजनी, गोरखपुर**

## कार्यालयः ग्राम पंचायत भैंसा बाजार विकास खण्ड-खजनी, गोरखपुर

**-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचनाः-**

ग्राम पंचायत भैंसा बाजार वित्तीय वर्ष 2025-26 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम.) विकास खण्ड खजनी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना, पंथन राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग स्वच्छ भारत मिशन एवं ग्राम पंचायत में अन्य योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट, ईट का टुकड़ा, इंटरलाकिंग ईट, ह्यूम पाईप, लोकल बालू, सिमेन्ट, मोरंग बालू, सरिया, पत्थर गि?ट्टी, बेन, पेन्ट, इलेक्ट्रिक वायरिंग, पत्थर साईन बोर्ड, लोहा साईन बोर्ड, पीवीसी पाईप, सीमेन्टेड बेंच, इण्डिया मार्का हैण्डपम्प 2, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हाईमाक्स लाईट, सफाई किट, शौच सेट, आर.ओ. प्लान्ट आदि से सम्बन्धित सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 28.04.2025 तक अपरान्ह 12.00 बजे तक सामाग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांचित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय भैसा बाजार के कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा वाक्स उसी दिन अपरान्ह 2.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की धनराशि रू0 5000.00 (पांच हजार रुपये) होगी।

**नियम व शर्ते-**

1-जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2-आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक में रजिस्ट्रेशन है तथा वह आयकर देता हो, प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3-ग्राम पंचायत सचिव/ ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/ कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा।
4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी।
5-जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6-सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7-सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटायी या बढ़ाई जा सकती है।
8- प्रस्तुत दरें पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृति दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9-आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10-ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायत सदस्य, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11-निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ ग्राम प्रधान के पास होगा।
12-स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/ अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
13-धरोहर की धनराशि नगद, राष्ट्रीकृत बैंक के एफडीआर एवं एनएससी/ डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत भैसा बाजार के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14-आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 07 दिवस के अंदर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
15-सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत कार्यालय भैंसा बाजार से प्राप्त की जा सकती है।
16-ईट व ईट गि?ट्टी के लिये केवल भट्?ठा स्वामी निविदा दे सकते हैं।
17-बारात घर, अन्त्येष्टि स्थल, स्ट्रीट लाईट, पंचायत भवन, इंटरलाकिंग, सीमेन्ट, सी.सी खड़ंजा, हाईमास्क लाईट, आर. ओ. प्लान्द, ओपेन जिम, खेल मैदान, सीमेन्टेड बेंट, हाईड्रोलिक बैन इत्यादि में।

**श्री तूफानी प्रसाद**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत भैसा बाजार -विकास खण्ड-खजनी, गोरखपुर**

**लोक नाथ**
**ग्राम पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत- भैसा बाजार विकास खण्ड-खजनी, गोरखपुर**

## कार्यालयः ग्राम पंचायत उनौला खास विकास खण्ड-खजनी, गोरखपुर

**-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचनाः-**

ग्राम पंचायत उनौला खास वित्तीय वर्ष 2025-26 में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम.) विकास खण्ड खजनी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना, पंथन राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग स्वच्छ भारत मिशन एवं ग्राम पंचायत में अन्य योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट, ईट का टुकड़ा, इंटरलाकिंग ईट, ह्यूम पाईप, लोकल बालू, सिमेन्ट, मोरंग बालू, सरिया, पत्थर गि?ट्टी, बेन, पेन्ट, इलेक्ट्रिक वायरिंग, पत्थर साईन बोर्ड, लोहा साईन बोर्ड, पीवीसी पाईप, सीमेन्टेड बेंच, इण्डिया मार्का हैण्डपम्प 2, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हाईमाक्स लाईट, सफाई किट, शौच सेट, आर.ओ. प्लान्ट आदि से सम्बन्धित सामग्री की आपूर्ति हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 28.04.2025 तक अपरान्ह 12.00 बजे तक सामाग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांचित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय उनौला खास के कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा वाक्स उसी दिन अपरान्ह 2.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की धनराशि रू0 5000.00 (पांच हजार रुपये) होगी।

**नियम व शर्ते-**

1-जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2-आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक में रजिस्ट्रेशन है तथा वह आयकर देता हो, प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3-ग्राम पंचायत सचिव/ ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/ कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा।
4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी।
5-जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6-सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7-सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घटायी या बढ़ाई जा सकती है।
8- प्रस्तुत दरें पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृति दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9-आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10-ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायत सदस्य, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11-निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ ग्राम प्रधान के पास होगा।
12-स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/ अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
13-धरोहर की धनराशि नगद, राष्ट्रीकृत बैंक के एफडीआर एवं एनएससी/ डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत उनौला खास के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14-आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 07 दिवस के अंदर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
15-सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत कार्यालय उनौला खास से प्राप्त की जा सकती है।
16-ईट व ईट गि?ट्टी के लिये केवल भट्?ठा स्वामी निविदा दे सकते हैं।
17-बारात घर, अन्त्येष्टि स्थल, स्ट्रीट लाईट, पंचायत भवन, इंटरलाकिंग, सीमेन्ट, सी.सी खड़ंजा, हाईमास्क लाईट, आर. ओ. प्लान्द, ओपेन जिम, खेल मैदान, सीमेन्टेड बेंट, हाईड्रोलिक बैन इत्यादि में।

**श्रीमती निर्मला देवी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत- उनौला खास विकास खण्ड-खजनी, गोरखपुर**

**लोक नाथ**
**ग्राम पंचायत सचिव**
**ग्राम पंचायत- उनौला खास विकास खण्ड-खजनी, गोरखपुर**

## संक्षिप्त खबरें

### अचानक हुई बारिश से किसानों को हुए नुकसान के लिए विधायक ने लिखा पत्र

**चित्रकूट ब्यूरो:** सदर विधायक अनिल प्रधान ने बेमौसम बारिश व तेज आंधी के चलते किसानों की रबी की फसलों को नुकसान के सन्दर्भ में मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को पत्र लिखकर किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की है। विधायक ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया रविवार को चित्रकूट समेत पूरे बुन्देलखण्ड में हुई बेमौसम बारिश व तेज आंधी के चलते किसानों की फसल को भारी नुकसान हुआ है। खेतों में खड़ी व खलियान में रखी रबी की फसलें भारी बारिश के चलते बर्बाद हो गई हैं। किसान अब हताशा और निराशा की स्थिति में पहुंच गये हैं। इस आपदा से किसानों की मेहनत, उम्मीदें और जीविका एक साथ डूब गई हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुये, किसानों के जीवन और भविष्य को सुरक्षित रखने के लिये त्वरित और ठोस कदम उठाया जाना नितांत आवश्यक है। कहा कि बारिश और तेज हवा से प्रभावित किसानों को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान कराए, जिससे किसानों को इस क्षति से मुआवजे का लाभ मिल सके।

### 20 को अधिवेशन

**चित्रकूट:** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक रविवार को श्री गंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कॉलिज में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजेंद्र सिंह ने आगामी 20 अप्रैल को लखनऊ में सम्पन्न होने वाले राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय चुनाव व अधिवेशन के बारे में बताया। कहा कि परिषद के प्रत्येक घटक संगठन से पांच प्रतिनिधियों व पांच पर्यवेक्षको का अधिवेशन में प्रतिभाग करना जरूरी है। जिसकी सूची 15 अप्रैल तक प्रांतीय नेतृत्व के पास भेजी जाएगी। परिषद के अध्यक्ष सुरेश सिंह ने कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों को तन-मन-धन से सहयोग करते हुए लखनऊ चलने की अपील की। इस मौके पर सुनील कुमार सहित आदि मौजूद रहे।

### हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ भव्य भंडारे का आयोजन

**चित्रकूट:** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर धर्मनगरी में विभिन्न हनुमान मंदिरों में बजरंग बली की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान भंडारे का आयोजन भी किया गया। शहर के शंकर बाजार में शनिवार की शाम बजरंग बली के भक्तों ने हनुमान जन्मोत्सव पर केक काटकर प्रसन्नता का इजहार किया। इस दौरान भक्तों ने आतिशबाजी भी की। दोपहर से शुरु हुआ भंडारा देर रात तक चलता रहा। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम व्यवस्थापक राजकरण नामदेव भोला ने बताया कि स्थानीय व्यापारियों और श्रद्धालुओं के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस मौके पर सर्राफ व्यापारी राजू अग्रवाल, बृजलाल मौर्य, सोमनाथ गुप्ता, राजेन्द्र मौर्य, आशुतोष अग्रहरि, मंगल यादव, अजय यादव, दीपक आदि मौजूद रहे।

### द्वितीय प्रवेश परीक्षा हुई सम्पन्न प्रवेश पाकर खिले बच्चों के चेहरे

**चित्रकूट:** बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज बेड़ी पुलिया के परीक्षा प्रमुख हर्ष श्रीवास्तव ने बताया विद्यालय में रविवार को द्वितीय प्रवेश परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें नगर कर्वी एवं आस पास के लगभग 165 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें कुल 145 विद्यार्थियों का चयन हुआ। परीक्षा के बाद विद्यार्थियों में प्रवेश को लेकर चिंता स्पष्ट दिखाई दी। चयनित छात्रों का प्रवेश 15 अप्रैल से प्रारंभ किया जाएगा। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में प्रवेश परीक्षा को लेकर भारी उत्साह नजर आया। विधालय के शिक्षण प्रमुख आचार्य प्रमोद पाण्डेय ने बताया कि यह विधालय की इस वर्ष की अंतिम प्रवेश परीक्षा है। इसके बाद प्रत्येक कक्षा का पाठ्यक्रम प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस दौरान विधालय के अध्यक्ष कमलाकांत, प्रबंधक श्याम सुन्दर मिश्र, कोषाध्यक्ष जगदीश, प्रधानाचार्य राघवेंद्र पाण्डेय, वरिष्ठ आचार्य शिवनायक आदि मौजूद रहे।

### घरेलू कलह से परेशान महिला ने की आत्महत्या की कोशिश, परिजनों ने बचाई जान

**विंढमगंज, सोनभद्र।** थाना क्षेत्र के सलैयाडीह गांव में रविवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां घरेलू कलह से परेशान 42 वर्षीय निर्मला देवी पत्नी नवल किशोर ने आत्महत्या करने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार, निर्मला देवी ने घर के एक कमरे में फांसी लगा ली थी, लेकिन सौभाग्यवश परिजनों ने उन्हें समय रहते देख लिया। तत्काल उन्हें फंदे से नीचे उतारा गया और इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।महिला के पुत्र दीपक कुमार ने बताया कि उनके माता-पिता के बीच घरेलू मामलों को लेकर कुछ कहासुनी हो गई थी। इसी दौरान, गुस्से और मानसिक तनाव में आकर उनकी मां निर्मला देवी ने यह कदम उठा लिया।परिजनों को जैसे ही इस घटना की जानकारी हुई, उन्होंने तुरंत निर्मला देवी को फंदे से नीचे उतारा।

## डीआरआई के नेतृत्व में 150 गांवों में शुरु हुआ स्वास्थ्य व उपचार शिविर

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट ब्यूरो:** दीनदयाल शोध संस्थान एवं नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर चित्रकूट के 50 किमी. की परिधि में आने वाले 150 ग्राम पंचायतों में रविवार को दो दिवसीय चित्रकूट धाम स्वास्थ्य सेवा यात्रा 2.0 का शुभारम्भ किया गया। जिसमें विभिन्न मेडिकल कॉलिजों एवं देश के अन्य चिकित्सीय संस्थानों के 100 वरिष्ठ चिकित्सक एवं प्राध्यापक सहित 500 मेडिकल विद्यार्थी स्वास्थ्य जागरुकता एवं उपचार शिविर लगाकर लोगों की सेवा कर रहे है। शिविर के उद्घाटन सत्र के अवसर पर मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विकसित भारत के लिए सर्व कल्याण और वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के साथ लोगों का स्वस्थ होना भी जरूरी है। कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा चिकित्सा सेवाओं और पैरामेडिकल क्षेत्र में लगातार विकास किया जा रहा है। केन्द्र सरकार ने पूरे देश में 75 हजार मेडिकल की सीटें बढाने का संकल्प लिया है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में शिविर और जांच अभियान चलाने से जागरूकता बढती है। चिकित्सकों एवं मेडिकल विद्यार्थियों से कहा कि स्वास्थ्य शिविरों में प्रत्येक व्यक्ति की स्क्रीनिंग करें, जिससे बीमारी का आसानी से पता चल जाए तथा उसका समय पर निदान भी हो सके। कहा कि इस शिविर के माध्यम से मेडिकल विद्यार्थियों का कौशल और व्यवहारिक ज्ञान भी बढेगा। विश्वात्मानंद महराज ने कहा कि जब श्रृष्टि की रचना हुई तो कष्ट और समस्याएं नहीं बनाई गई थी। संसार में ऐसा कोई कष्ट भी नहीं है, जिसे दूर नहीं किया जा सकता है। कष्टों और समस्याओं को चुनौतीपूर्ण ढंग से स्वीकार करते हुए संकल्प लेकर जुटने पर सभी काम आसान हो जाते है। दीनदयाल शोध संस्थान के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेन्द्र सिंह ने बताया कि बाबा साहब की 135वीं जयंती पर दीन दयाल शोध संस्थान और नेशलन मेडीकोज आर्गनाइजेशन के संयुक्त तत्वाधान में चित्रकूट की 50 किमी परिधि के 150 ग्राम पंचायतों में 13 और 14 अप्रैल को एक साथ स्वास्थ्य जागरूकता और उपचार शिविर लगाये जा रहे हैं। इन 150 ग्राम पंचायतों में मध्यप्रदेश की सतना जिले की मझगवां ब्लाक की 58 ग्राम पंचायत और उत्तरप्रदेश क्षेत्र की 92 ग्राम पंचायतें शामिल है। डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन ने आभार व्यक्त करते हुए बताया कि नेशनल मेडीकोज आर्गनाइजेशन के माध्यम से मेडीकल कॉलिज के लगभग 550 चिकित्सक एवं फैकल्टी मेम्बर 75 टोलियों में गांवों में जाकर अपनी सेवायें दे रहे हैं। इस मौके पर जानकी महल चित्रकूट के सीताशरण महराज, ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो भरत मिश्रा, एनएमओ के डॉ विवेक चौकसे, कोषाध्यक्ष वसंत पंडित, जिलाधिकारी चित्रकूट शिवशरणप्पा जीएन, जिलाधिकारी सतना डॉ सतीश कुमार एस, जनपद अध्यक्ष रेणुका जायसवाल, बालेन्द्र गौतम, डीन सतना मेडिकल कॉलिज एसडी गर्ग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एलके तिवारी आदि मौजूद रहे।

## भाजपा सभी वर्गों को साथ लेकर काम कर रही है : आलोक पाण्डेय

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट ब्यूरो:** भारतीय जनता पार्टी द्वारा समस्त गांवों में गांव चलो तथा नगरीय क्षेत्र में वार्ड चलो अभियान चलाया गया। जिसमें भाजपा नेताओं ने जनसम्पर्क कर लोगों को सरकार की उपलब्धियां बताई। साथ ही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने कहा कि गांव चलो, वार्ड चलो अभियान जनसम्पर्क व जनसंवाद का जीवंत उदाहरण है। भाजपा के कार्यकर्ता गांवों व वार्डों में जाकर जन-जन से मिल रहे हैं और पात्र लोगों को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करा रहे हैं। बताया कि जिले की 328 ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकाय के 60 से अधिक वार्डों में यह अभियान संचालित है। पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने लोगों से जनसंवाद करते हुए कहा कि भाजपा डबल इंजन सरकार लगातार विकास के कार्य कर रही हैं। पूर्व मानिकपुर विधायक आनंद शुक्ल ने कहा कि गांव हो या शहर, खेत हो या कारखाने, गरीब हो मध्यम वर्ग, युवा हो या नारी, किसान हो या मजदूर, सभी के विकास के लिए भाजपा की डबल इंजन सरकारें काम कर रही हैं। राघवपुरी वार्ड में जनसम्पर्क कर जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि भाजपा स्पष्ट नीति के आधार पर सही दिशा में काम कर रही है। भाजपा सरकार में शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, आधारभूत संरचनात्मक विकास के लिए ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। भाजपा की डबल इंजन सरकार उत्तर प्रदेश को विकसित उत्तर प्रदेश बनाने को संकल्पित है। भाजपा की मोदी सरकार ने देश को और भाजपा की योगी सरकार ने प्रदेश को प्रगति के सुपर एक्सप्रेस-वे पर गतिशील किया है। अभियान में पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे, दिनेश तिवारी, जिला महामंत्री राजेश जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष आनंद पटेल, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, अश्विनी अवस्थी, अनूप त्रिपाठी, राघव, निर्मलेन्द्र, हीरो, अखिलेश रैकवार, राखी चौबे, अर्चना सिंह, विकास पाण्डेय, विनय, श्रद्धांशु तिवारी, राजेश्वरी सहित अन्य नेताओं व कार्यकर्ताओं ने गांवों व वार्डों में जनसम्पर्क किया।

## भाजपा ओबरा मंडल का ग्राम/वार्ड चलो अभियान स्वच्छता कार्यक्रम के साथ बाबा साहेब को श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात



**ओबरा, सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ओबरा मंडल ने अपने शीर्ष नेतृत्व द्वारा चलाए जा रहे महत्वपूर्ण अभियान ÷ग्राम/वार्ड चलो अभियान÷ के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया। मंडल अध्यक्ष श्री शिव नाथ जायसवाल की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम ग्राम सभा खरैटिया, अंबेडकर स्टेडियम और अंबेडकर चौराहे पर आयोजित किया गया, जहां बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर जी की प्रतिमा और उसके आसपास के क्षेत्र की सफाई की गई। इस विशेष कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री माननीय संजीव गोंड रहे। उन्होंने स्वयं बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर जी की प्रतिमा को जल से स्नान कराया और उनके प्रांगण को स्वच्छ करके कार्यकर्ताओं को स्वच्छता के महत्व का संदेश दिया। इस पुनीत कार्य में भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर मुख्य अतिथि का सहयोग किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं में सर्वश्री संजीव त्रिपाठी, बृजेश पाण्डेय, राम निवास तोमर, उमेश सिंह पटेल, राजेश्वर प्रसाद, पंकज गौतम, निशांत कुशवाहा, सुनील सिंह, शिशिर कुमार शर्मा, विकास सिंह, आशीष तिवारी, अनुज सिंह, कृष्ण कांत पाण्डेय, विभाष घटक, अमरेश, राजाराम यादव, अविनाश अभिषेक सेठ, नारायण मंडल, दिनेश पाठक, सिमा देवी, संतोष जायसवाल, संतोष प्रजापति, रोहित यादव, सूर्या टाटा चौधरी, महेश जयसवाल, विजय पटेल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।ग्राम/वार्ड चलो अभियान के तहत आयोजित इस स्वच्छता कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल गांवों और वार्डों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है, बल्कि समाज के महापुरुषों को सम्मान देना और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाना भी है। बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा और उसके आसपास सफाई करके भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता और सामाजिक समरसता का एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। समाज कल्याण मंत्री श्री संजीव गोंड ने इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला और बाबा साहेब के जीवन एवं विचारों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही स्वस्थ समाज की नींव है और भाजपा सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है।भाजपा ओबरा मंडल द्वारा आयोजित यह स्वच्छता कार्यक्रम ग्राम/वार्ड चलो अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा, जिसके माध्यम से पार्टी कार्यकर्ता आम जनता से जुड़कर उनकी समस्याओं को समझने और सरकार की योजनाओं को उन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि सामाजिक सद्भाव और एकजुटता को भी मजबूत करते हैं।

## तपती गर्मी में शीतल जल की पहल सोनांचल सेवा मंच ने धोबिया नाले पर शुरू किया प्याऊ

स्वतंत्र प्रभात



**ओबरा, सोनभद्र।** भीषण गर्मी के प्रकोप से जूझ रहे ओबरा नगर में राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से सामाजिक संस्था सोनांचल सेवा मंच ने एक बार फिर सराहनीय कदम उठाया है। संस्था के कार्यकर्ताओं ने धोबिया नाले पर प्याऊ का शुभारंभ किया है, जिससे तपती धूप में प्यासे लोगों को शीतल जल उपलब्ध हो सकेगा।इस कार्यक्रम का उद्घाटन सोनांचल बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अवधेश अग्रवाल और महासचिव अनिल कुमार चौधरी के कर कमलों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने संस्था के इस मानवीय प्रयास की सराहना की।सोनांचल सेवा मंच के संयोजक अशोक कुमार यादव और अध्यक्ष सुशील कुमार कुशवाहा ने इस अवसर पर बताया कि संस्था पिछले कई वर्षों से आम लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था करती आ रही है। इसी क्रम में इस वर्ष की शुरुआत धोबिया नाले से की गई है, जहां अक्सर राहगीरों को पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस प्याऊ से लोगों को अपनी प्यास बुझाने में काफी सहूलियत मिलेगी।कार्यक्रम में मंच के महासचिव अनूप कुमार सेठ, उपाध्यक्ष शमशेर खान, सचिव विजय विश्वकर्मा समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## कर्ण शक्ति विकासक योग क्रिया से दूर होता है बहरापन : योगाचार्य

स्वतंत्र प्रभात




**चित्रकूट ब्यूरो:** जिला मुख्यालय के कुबेरगंज कर्वी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने कर्ण शक्ति विकासक योग क्रिया कराते हुए बताया कि यह कानों को शक्तिशाली बनाने वाला योग है। योगाचार्य ने बताया कि कर्ण शक्ति विकासक क्रिया प्रति दिन खाली पेट करने से सुनने की क्षमता में वृद्धि, कानों का बहना, विभिन्न प्रकार की ध्वनियां सुनाई देना, चित्त की विक्षिप्तता, दिमागी असंतुलन, तनाव, चिंता, इनसोम्निया, मुंह के रोग जैसी गंभीर समस्याओं को दूर करके शारीरिक, मानसिक, आत्मिक शक्ति का विकास करता है और संपूर्ण शरीर को ऊर्जावान बनाता है। यह योग स्थूल शरीर पर सकारात्मक सुधार करने के साथ-साथ सूक्ष्म शरीर पर भी घुस कर उसको शक्तिशाली बनाता है। यह योग क्रिया कानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर काबू पाने में सक्षम है, जो शरीर को लचीला, जोड़ों में गतिशीलता, ध्यान, एकाग्रता में शानदार सुधार लाता है। योगाचार्य ने बताया कि जब हम शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ होंगे तभी स्वयं की, परिवार की, समाज की व राष्ट्र की सेवा कर पाएंगे। इस योग क्रिया को करने के लिए साम्यावस्था में एड़ी पंजा मिलाकर सीधे खड़े होते हैं, हाथों में षण्मुखी मुद्रा अर्थात हाथ के दोनों अंगूठों से दोनों कान, दोनों तर्जनी से आंखें, दोनों मध्यमा से नाक बंद करते हैं, अनामिका और कनिष्ठिका होंठों पर रखकर होंठो में काकी मुद्रा बनाकर सिर को पीछे की ओर लेते हुए आठ काउंट तक मुंह से तेजी से सांस खींचकर गालों में हवा भर कर फुलाते हुए आगे की ओर सिर झुकाकर ठुड्डी को कंठ कूप से लगाते हैं ( जालंधर बंध) तथा इस स्थिति में 32 काउंट तक सांस रोकते हैं। सिर सीधा करके मध्यमा अंगुली हटाकर नाक से 16 काउंट में सांस बाहर छोड़ते हैं। इसे तीन बार दोहराते हैं और शिथिल ताड़ासन में विश्राम करते हुए चेहरे और गालों में हुए सकारात्मक परिवर्तन का अनुभव करते हैं। बताया कि खड़े होने में यदि परेशानी है तो इस क्रिया को जमीन या कुर्सी पर बैठकर भी कर सकते हैं। सावधानी के तौर पर उच्च रक्तचाप में इसे धीरे-धीरे करते हैं।

## भाजपा नेताओं ने नगर क्षेत्र में किया जनसम्पर्क

स्वतंत्र प्रभात




**चित्रकूट ब्यूरो:** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे गांव चलो, वार्ड चलो अभियान के तहत रविवार को युवा नेता शानू गुप्ता ने गोकुलपुरी वार्ड में जनसम्पर्क कर लोगों को भाजपा सरकार की उपलब्धियां बताई। साथ ही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। रविवार को गाँव चलो, वार्ड चलो अभियान पर चित्रकूट के तहत भाजपा नेता शानू गुप्ता ने वार्ड नंबर 24 गोकुलपुरी में पार्षद लवकुश यादव बूथ 387 के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रहरि के सथ जनसम्पर्क किया। इस दौरान भाजपा नेता ने लोगों को पत्रक बांटकर सरकार द्वारा सभी वर्गों के लिए चलाई जा रहीं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। शानू गुप्ता ने कहा कि पीएम मोदी ने दुनिया में भारत को सर्वश्रेष्ठ पहचान दी है। आज भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है। आने वाले 2047 तक भारत अर्थव्यवस्था और विकास में दुनिया में प्रथम स्थान पर होगा। मोदी सरकार की नीतियां सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ चल रही है। भारत के प्रत्येक वर्ग के नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां भारतीय नागरिकों की दिशा व दशा को बदल रहीं है। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता शिवम गुप्ता, मोंटू यादव, राज सविता, पवन गुप्ता, रोशन राजपूत, रोहित, विकास गुप्ता, विवेक यादव, सुशील पाण्डेय, अनिल कुमार आदि मौजूदद रहे।

## कायस्थ समाज ने मनाया हनुमान जन्मोत्सव व चित्रगुप्त प्रकटोत्सव


स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट ब्यूरो:** चित्रकूट समाज सेवा संस्थान व अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने राजोत्सव परिसर में हर्षो उल्लास के साथ भगवान हनुमान का जन्मोत्सव एवं चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव कार्यक्रम मनाया। इस मौके पर पूर्व सीएमएस डॉ वंदना श्रीवास्तव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष भाजपा चंद्रप्रकाश खरे, कायस्थ समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष केशव कुमार माथुर, महिला मंडल की अध्यक्षा सीमा निगम, प्रबंधक विजय निगम, कोषाध्यक्ष रमाशंकर श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, युवा अध्यक्ष शिक्षक विधायक प्रतिनिधि विवेक श्रीवास्तव, चित्रकूट इंटर कॉलिज के पूर्व प्रवक्ता केके माथुर, रमाशंकर श्रीवास्तव, केशव कुमार माथुर, विश्वनाथ सहाय श्रीवास्तव, संतोष निगम, पवन कुमार श्रीवास्तव, राकेश कुमार श्रीवास्तव, सत्येंद्र श्रीवास्तव, शशि श्रीवास्तव, विष्णु कांत श्रीवास्तव, रूद्र प्रसाद खरे, शिवमोहन खरे, राजीव श्रीवास्तव, एडवोकेट सचिन कुमार श्रीवास्तव, प्रताप नारायण श्रीवास्तव, अश्विनी श्रीवास्तव, भानु प्रताप श्रीवास्तव, आशीष निगम, राजेंद्र श्रीवास्तव, आनंद श्रीवास्तव, राजकुमार श्रीवास्तव, अमन श्रीवास्तव, संतोष निगम, अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, नवनीत निगम, आशीष श्रीवास्तव, ज्ञानू श्रीवास्तव, उल्लास श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, सुधांशु श्रीवास्तव, अमरेश श्रीवास्तव, धनेश श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव, हरनारायण श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, गोविंद प्रसाद श्रीवास्तव, अवनीश कुमार श्रीवास्तव, वैदेही श्रीवास्तव, सविता श्रीवास्तव, शर्मिला श्रीवास्तव, वैष्णवी श्रीवास्तव, रितु श्रीवास्तव, वैदेही खरे, अंजना श्रीवास्तव, सुनीता श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, साधना श्रीवास्तव, विवाह श्रीवास्तव, सुषमा श्रीवास्तव, अंजू श्रीवास्तव, धनेश श्रीवास्तव आदि ने उपस्थिति दर्ज कराई।

## सोनभद्र में हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान अभियान, 14 से 28 अप्रैल तक विविध कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने सूचित किया है कि भारत सरकार के निर्देशानुसार, स्वतंत्रता के अमृत काल में जनपद में पूरे वर्ष हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान की टैगलाइन के तहत विभिन्न कार्यक्रम उत्सव के रूप में आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों की श्रृंखला में, आगामी 14 अप्रैल 2025 (बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती) से 15 दिवसीय विशेष कार्यक्रम (14 अप्रैल 2025 से 28 अप्रैल 2025 तक) जनपद में उत्सव के रूप में मनाया जाएगा।इस दौरान, पूरे जनपद में आगामी अंबेडकर जयंती समारोह में संविधान के अंगीकरण के 75 वर्ष पूर्ण होने के महत्वपूर्ण तथ्य पर विशेष बल दिया जाएगा। 14 अप्रैल 2025 से 28 अप्रैल 2025 तक की विशिष्ट तिथियों पर, प्रदेश के सभी जिला पंचायतों, विकास खंडों, क्षेत्र पंचायतों और ग्राम सभाओं में पूर्व निर्धारित पारंपरिक कार्यक्रमों, जैसे प्रार्थना सभा आदि के पश्चात, हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान के टैगलाइन वाले पोस्टर, बैनर और झंडों के साथ प्रभात फेरियों का आयोजन किया जाएगा। प्रभात फेरी वाले क्षेत्रों में स्थित अमृत सरोवर स्थलों पर बाबा साहब बी.आर. अंबेडकर की मूर्ति, अथवा मूर्ति की अनुपलब्धता में उनका बड़ा चित्र लगाकर, उस पर माल्यार्पण या पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इसके साथ ही, स्वतंत्रता प्राप्ति और संविधान निर्माण के संबंध में मनीषियों और विधि वेत्ताओं की भूमिका पर वाद-विवाद, गोष्ठी और सेमिनार आयोजित किए जाएंगे।इस उद्देश्य के लिए, प्रत्येक गैर-सरकारी और सरकारी कार्यालयों में संविधान निर्माण की प्रक्रिया, मौलिक अधिकारों, संविधान के अनुच्छेद 51क के अंतर्गत उल्लिखित नागरिक कर्तव्यों और अद्यतन संविधान संशोधनों पर व्याख्यानमालाएं आयोजित की जाएंगी।जनपद के सभी शासकीय और अशासकीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालयों और महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों (चिकित्सा शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा, कृषि शिक्षा और व्यावसायिक शिक्षा सहित) में प्रार्थना सभा के बाद संविधान के प्रावधानों, संविधान के निर्माण की प्रक्रिया, मौलिक अधिकार/कर्तव्य/राज्य के नीति निर्देशक तत्वों और संविधान में किए गए नवीन संशोधनों आदि के संबंध में क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।स्कूलों और कॉलेजों में नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों तथा संवैधानिक मुद्दों, जिसमें विशेष रूप से सामाजिक सशक्तीकरण, महिला सशक्तीकरण, लैंगिक समानता से संबंधित चुनौतियों का सामना संविधान के माध्यम से किए जाने और संविधान में समय-समय पर किए गए व्यापक एवं नवीन संशोधनों के आलोक में वाद-विवाद, सेमिनार और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।उक्त आयोजनों का पर्यवेक्षण खंड विकास अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों और ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। ग्राम पंचायतों/ग्राम सभाओं में आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों में संबंधित ग्राम विकास अधिकारी और लेखपाल की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### एक पखवाड़े से एसी की दुकानों से हो रही थी चोरी

**मथुरा।** कोसीकलां में पिछले करीब एक पखवाड़े से एसी बनाने वालों की दुकानों से लगातार सामान चोरी हो रहा था। चोरी की वारदातों को लेकर व्यापार मंडल में नाराजगी है। पुलिस की जांच से पहले ही अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने चोरी के सामान को खरीदने वाले कबाडी तक को खोज कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मामला जब तूल पकड़ा तो हरकत में आई पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। दरअसल शहर के मवस्सल पेच, पुराना जीटी रोड एवं बल्देवगंज स्थिति एसी एवं आरओ की दुकानों से महंगे सामानों की लगातार चोरी हो रही थी। पिछले करीब एक पखवाड़े से लगातार हो रही चोरी की वारदातों को लेकर व्यापारी अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से मिले। जिसके बाद व्यापार मंडल एक्शन में आ गया और चौकी पहुंचकर प्रभारी दुष्यंत कौशिक से मुलाकात की। बताया कि दुकानदार भोले, मुकेश कुमार एवं आरिफ सहित कई दुकानदारों के यहां से महंगे सामान को चोरी किया जा रहा है। चोरी दुकानदारों को हजारों का चूना लगा चुके हैं। जिसके बाद व्यापारियों ने सीसीटीवी के माध्यम से खोजबीन कर सामान खरीदने वाले कबाडी नईम को भी खोज लिया। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और कबाडी के भाई को अपने साथ ले आई। मामले में व्यापार मंडल के आक्रोश को देखकर पुलिस भी हरकत में आ गई है। उन्होंने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मुलाकात करने वाले संजय गर्ग प्रदेश मंत्री, धर्मवीर शर्मा जिलाध्यक्ष, ललित कुमार एडवोकेट जिला महामंत्री, टिंकुर अग्रवाल नगर महामंत्री, पवन बंसल नगर उपाध्यक्ष, राहुल शर्मा चौकी प्रभारी दुश्यंत कौशिक आदि मौजूद रहे।

### ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में संवेदनशील गांवों में फ्लैग मार्च

**मथुरा।** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी सदर निशा ग्रेवाल एवं क्षेत्राधिकारी सदर संदीप कुमार सिंह ने संवेदनशील ग्राम बाटी एवं ग्राम कोटा में पुलिस बल के साथ पैदल फ्लैग मार्च किया। संविधान शिल्पी, भारत रत्न डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई जा रही है। जयंती के अवसर पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन कटिबद्ध है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिए हैं कि जयंती के अवसर पर प्रशासन द्वारा प्रदान की गई अनुमति के अनुसार कार्यक्रम आयोजित न किए जाएं। अनुमति पर प्राप्त रूट पर ही रैली, झांकी आदि आयोजित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि बिना अनुमति के कोई भी रैली जुलूस झांकी न निकालें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी आयोजनकर्ता अपने कार्यकर्ताओं के नाम, आईडी कार्ड तथा मोबाइल नंबर की सूची देंगे। उन्होंने कहा कि आयोजनों एवं रैली में अश्लील गानों का प्रयोग न करें, शिकायत प्राप्त होने पर आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उप जिलाधिकारी सदर ने सभी से अनुरोध किया है कि हाइवे, सड़क मार्गों आदि स्थानों पर बच्चों का अधिक ध्यान रखें।

### श्री हनुमान जयंती महोत्सव में हुआ रसिया दंगल

**मथुरा।** श्री रामलीला सभा मथुरा के तत्वावधान में चित्रकूट मसानी पर आयोजित दो दिवसीय हनुमान जयंती महोत्सव का समापन रसिया दंगल मुकाबले के साथ सम्पन्न हुआ। रामायण पाठ के समापन पर पं. गोविन्द गोस्वामी के आचार्यत्व व अनिल स्वामी के निर्देशन में मार्गदर्शक गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी सभापति जयन्ती प्रसाद अग्रवाल, उप सभापति नंद किशोर अग्रवाल जुगल किशोर अग्रवाल महामंत्री मूल चंद गर्ग कोषाध्यक्ष शैलेश सर्राफ मंत्री प्रदीप पीके बिजय सर्राफ किरोड़ी आय व्यय निरीक्षक अजय मास्टर आदि ने हवन पूजन एवं हनुमान जी का पंचामृत अभिषेक किया। सायं भव्य फूल बंगला व छप्पन भोग दर्शन हुये। रात्रि प्रहर में रसिया दंगल में हाथरस के मनोज शर्मा खिच्चो आटे बाला अखाडा तथा राया के जीतू शर्मा बिस्सो ढेय्या अखाडा के मध्य हुआ। रात्रि भर हजारों लोगों ने रसिया दंगल का आनन्द लिया जिसमें दोनों अखाड़े बराबरी पर रहे । दोनों अखाड़ों को सभा के पदाधिकारीयों द्वारा स्वाफा पहना कर कलश प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी, सभापति जयन्ती प्रसाद अग्रवाल, उपसभापति जुगलकिशोर अग्रवाल, नन्दकिशोर अग्रवाल, महामंत्री मूल चन्द गर्ग, मंत्री विजय सर्राफा करोड़ी, आय व्यय निरीक्षक अजय मास्टर, शैलू हकीम, पं.शशांक पाठक ,संजय बिजली, कल्याण दास अग्रवाल ,राजकुमार अग्रवाल,अंशु बजाज ,कृष्ण मुरारी नेताजी सौरभ बजाज ,अश्विनी गर्ग, दिनेश सादाबाद ,डॉ.डीडी गर्ग ,सोनू मित्तल ,आदित्य अग्रवाल ,मुकेश अग्रवाल ,रामगोपाल शर्मा आदि उपस्थित थे।

# महापदम नन्द ने रखी केंद्रीय शासन प्रणाली की नींव : बृजेश श्रीवास्तव

**स्वतंत्र प्रभात**

**बरेली।** ऑल इंडिया महापदम नंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन की ओर से रविवार को प्रथम चक्रवर्ती सम्राट महापदम नंद जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सैदपुर हॉकिन्स स्थित मंडल संगठन सचिव विनोद श्रीवास्तव के आवास पर एक विचारगोष्ठी आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता संगठन जिलाध्यक्ष अमर नंद श्रीवास्तव ने की। गोष्ठी में ऑल इंडिया महापदम नंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिएशन के बरेली मंडल अध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव सविता ने कहा कि महापदम नन्द ने केंद्रीय शासन प्रणाली की नींव रखी। उनके पास विशाल सेना और अपार संपत्ति थी। इसलिए उन्हें महापदम नंद बोला गया। उनका साम्राज्य गंगा की घाटियों तक फैला था, जिसमें अफगानिस्तान, भूटान, म्यांमार, वर्मा आदि शामिल थे। इसलिए उन्हें प्रथम चक्रवर्ती सम्राट कहा गया।




**मगध पर आक्रमण करने की हिम्मत नहीं जुटा पाया सिकंदर**

जिलाध्यक्ष अमर नंद श्रीवास्तव ने कहा महापदम नंद ने नंदवंश की स्थापना की। उनकी इतनी विशाल सेना थी, जिसके डर से सिकंदर भी मगध पर आक्रमण करने की हिम्मत नहीं जुटा पाया और वापस लौट गया था। सेन, सविता, श्रीवास्तव, नंद समाज के लोगों ने महापदननंद के बहाए मार्ग पर चलकर अपना वर्चस्व कायम रखना चाहिए ।कार्यक्रम में मौजूद रहे संगोष्ठी में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य सतेंद्र श्रीवास्तव सविता,जितेंद्र श्रीवास्तव सविता,देवकी नंदन श्रीवास्तव, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, प्रभाकर श्रीवास्तव, हरिशंकर श्रीवास्तव, अभिषेक आनंद, राजेन्द्र कुमार, चंद्रसेन श्रीवास्तव, अरविंद कुमार, मनोज कुमार श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, बुधपाल श्रीवास्तव, रक्षपाल श्रीवास्तव, अनुज कुमार, महीपाल सिंह, गौरव प्रसाद आदि रहे।

# यमुना एक्सप्रेस वे पर कुशीनगर से जम्मू जा रहे यात्रियों लूटी थी कार

**स्वतंत्र प्रभात**

**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेस वे पर हुई लूट की घटना का मथुरा पुलिस ने खलासा कर दिया है। थाना नौहझील पुलिस, स्वाट, एसओजी व सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए लूटी गई गाडी होण्डा सिटी व लूट में प्रयुक्त गाडी हुण्डई वैन्यू को बरामद किया है। 12 अप्रैल की की रात्रि करीब साढे दस बजे चौकी कौलाहर थाना नौहझील क्षेत्र में गौमत की तरफ से आ रही लूट की घटना में प्रयुक्त वेन्यू कार को चला रहे अभियुक्त विक्रान्त उर्फ पहलवान पुत्र स्व. श्री बाबू निवासी सरफाबाद थाना सैक्टर 113 जनपद गौतम बुद्ध नगर को गिरफ्तार कर लिया। विक्रांत की निशानदेही पर यमुना एक्सप्रेस वे के सहारे कच्चे रास्ते पर बने बंद होटल में लूटकर छिपाई गयी होंडा सिटी कार को को बरामद कर लिया गया। पांच अप्रैल को थाना नौहझील पर यमुना एक्सप्रेस वे पर कुशीनगर से जम्मू जा रहे चार यात्रियों के साथ बदमाशों द्वारा




उनकी होंडा सिटी कार, दो मोबाइल और रूपए लूट लिये थे। घटना के खुलासे के लिए उच्चाधिकारियों द्वारा थाना नौहझील पुलिस के अलावा जनपद मथुरा की स्वाट एसओजी सर्विलांस टीमें भी लगाई गई थीं। विक्रांत ने पुलिस को बताया कि वो पहलवान है तथा उसने अपने दोस्त प्रशान्त पुत्र प्रमोद निवासी कोटा थाना गुलावठी जनपद बुलन्दशहर व उसके एक अन्य साथी के साथ मिलकर एक्सप्रेस वे पर होण्डा सिटी गाड़ी को लूटा था। विक्रांत ने यह भी बताया कि प्रशान्त को इस लूटी गई होण्डा सिटी से कोई बडा काम करना था। इस घटना में शामिल अभियुक्त प्रशांत पुत्र प्रमोद निवासी कोटा थाना गुलावटी जनपद बुलंदशहर ने थाना गुलावटी के एक मुकद्दमे में इसी महीने नौ अप्रैल को जनपद बुलंदशहर कोर्ट में सरेंडर किया है। पुलिस द्वारा तीसरे अज्ञात अभियुक्त की तलाश की जा रही है।

# राजकीय ऑप्टोमेट्रिष्ट एसोसिएशन यूपी के प्रदेश उपाध्यक्ष बने डॉ. पीडी गौतम

**स्वतंत्र प्रभात**

**मथुरा।** राजकीय ऑप्टोमेट्रिस्ट एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश का द्विवार्षिक अधिवेशन रविन्द्रालय सभागार, चारबाग लखनऊ में आयोजित हुआ। जिसमें जनपद मथुरा के जिला नेत्र सचल इकाई सीएमओ कार्यालय में तैनात वरिष्ठ नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉ. पीडी गौतम वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर 232 मत प्राप्त कर विजयी घोषित हुए है। वही प्रदेश अध्यक्ष पद पर डॉ. सर्वेश पाटिल 251 मत, डॉ. रविन्द्र यादव प्रदेश महामंत्री पद पर 259 मत, डॉ.कमलेन्द्र सिंह प्रदेश कोषाध्यक्ष पद पर 245, डॉ. डीडी वर्मा प्रदेश संयुक्त सचिव पद पर 247, डॉ.अरुणा यादव प्रदेश संगठन सचिव पर 234 मत प्राप्त कर जीत हांसिल कर विजयी घोषित हुए है ।प्रदेश कार्यकारिणी के विजयी पदाधिकारियों को संयुक्त निदेशक नेत्र उपचार,संयुक्त निदेशक राष्टीय कार्यक्रम और चुनाव अधिकारी, चुनाव पर्यवेक्षक द्वारा जीत का प्रमाण पत्र देकर निर्वाचित पदों



पर शपथ दिलाई गई। वही वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पीडी गौतम ने कहा है कि पूरे प्रदेश के नेत्र परीक्षण अधिकारियों का जो अपार प्रेम,स्नेह हमारी पूरी प्रदेश कार्यकारिणी को प्राप्त हुआ है इसके लिए हम सब सभी उनका धन्यवाद ज्ञापित कर उनको ये विश्वास दिला देना चाहते है कि जिस विश्वास के साथ उन्होंने प्रदेश कार्यकारिणी को चुना है उस पर वो हर स्तर से खरे उतरेंगे ।वही उनकी लम्बित मांगो की लड़ाई ही नही लड़ेंगे बल्कि उनको यथासम्भव पूरा करायेंगे ।वही प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश पाटिल और प्रदेश महामंत्री रविन्द्र यादव ने कहा कि किसी भी स्तर पर नेत्र परीक्षण अधिकारियों का शोषण बर्दाश्त नही होगा इसके लिए उनको जो भी संघर्ष करना पड़ेगा उसके लिए सम्पूर्ण प्रदेश कार्यकारिणी के साथ संघर्षरत रहेंगे। इससे पूरे प्रदेश सहित जनपद-मथुरा में सम्पूर्ण स्वास्थ्य विभाग में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है ।स्वास्थ्य विभाग के सभी संवर्गो के कर्मचारियों और अधिकारियों का बधाई देने का तांता लगा हुआ है।

# सृष्टि का सर्वोत्तम श्रंगार है मानव, अच्छे विचारों को अपनाएं : साध्वी पंछी देवी

**स्वतंत्र प्रभात**

**कछौना, हरदोई।** साध्वी पंक्षी देवी ने बाबा कुशीनाथ मंदिर के प्रांगण में शनिवार को प्रवचन किया गया। उन्होंने ने सनातन धर्म के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि साधना बहुत श्रेष्ठ होती है। तब मनुष्य का शरीर मिलता है, श्रेष्ठ का सर्वोत्तम श्रंगार है। मानव अच्छे विचारों को अपनाएं, मानव जीवन के महत्व प्रभु की भक्ति पर प्रवचन केंद्रित रहा। उन्होंने मानव को श्रेष्ठ का सर्वोत्तम श्रृंगार बताया, प्रभु का स्मरण करने के साथ अच्छे विचारों को धारण करें और उन विचारों को अपने आचरण में ढालने की प्रेरणा दी। साथ ही कहा अच्छे विचारों को अपनाएंगे तो जीवन सफल हो जाएगा। साध्वी पंछी देवी ने पृथ्वी लोक के महत्व का बखान करते हुए कहा यह वह लोग है जहां बैकुंठवासी भी जन्म लेना चाहते हैं। पृथ्वी पर जन्म लेकर धार्मिक काम के साथ भक्ति भाव से भगवान के साक्षात दर्शन कर सकते हैं, जो लोग मानव जीवन के महत्व को नहीं समझते, वह लोग भोग विलास में जीवन को बर्बाद कर रहे हैं। कई कहानियों के माध्यम से जीवन के उद्देश्य को बहुत अच्छे तरीके से समझाया। मानव जीवन को ईश्वर के साथ



जोड़ लेने पर जीवन के संकटों से मुक्त हुआ जा सकता है। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति पुलिस महानिरीक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह ने अपने अनुभव साझा किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राधा रमण शुक्ला उर्फ पंकज, व्यापार मंडल अध्यक्ष रवि गुप्ता, महामंत्री अवधेश गुप्ता, गोपाल जी गुप्ता, विनय शुक्ला, राम जीवन गुप्ता, सूर्या गुप्ता, दुष्यंत सिंह, जगदीश गुप्ता, प्रवीण कुमार गुप्ता उर्फ लालन, डॉक्टर एस0पी0 सिंह, तुलसी गुप्ता, पिंकी गुप्ता, कवि अवलोक श्रीवास्तव व कस्बा सहित दूरराज ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने प्रवचन का आनंद उठाया। अपने जीवन में आत्मसात किया, कथा का आयोजन कछौना के प्रतिष्ठित व्यापारी रामखेलावन गुप्ता ने किया।

# स्ट्रीट चिल्ड्रन डे: हजारों बच्चों ने तय किया स्ट्रीट से स्टेज तक का सफर

## कंधों पर कूड़ा बीनने वाले थैले की जगह आया किताबों का बैग

**स्वतंत्र प्रभात**

**मथुरा।** इंटरनेशनल स्ट्रीट चिल्ड्रन डे के अवसर पर जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निशुल्क शिक्षा केंद्र मथुरा ने अपना 17 वा स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं गणेश वंदना से किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरमैन उमाशंकर अग्रवाल एड. ने कहा कि सतीश चंद्र शर्मा द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को शिक्षा संस्कार एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का पुनीत कार्य किया जा रहा है। मुख्य अतिथि राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ता सतीश चंद्र शर्मा द्वारा वर्ष 2008 से लगातार झुग्गी झोपड़ियो में शिक्षा का अलख जगाकर सेकडो बच्चो को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य सराहनीय है। इस सेवा कार्य में वे सदेव साथ है। विशिष्ट अतिथि उद्योग पति पवन चतुर्वेदी एवं डॉ. ललित शर्मा ने जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल नि:शुल्क शिक्षा केंद्र मथुरा परिवार द्वारा झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले शिक्षा से वंचित सैकडों बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए समाज के सक्षम लोगो से इस कार्य में सहयोग करने की अपील की ताकि इन बच्चों का भविष्य उज्वल हो सके। कार्यक्रम में करुणेश डिप्टी जेलर, सहायक श्रमायुक्त एमएल पाल, डॉ पीपी भाटी, डॉ. एसएस अग्रवाल, डॉ. लोकेंद्र शर्मा, डॉ. राकेश सैनी एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों बच्चे एवं अतिथि गण उपस्थित रहे।



**यह हैं संस्था के प्रयास**

संस्था के संस्थापक समाजसेवी सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि एक ही उम्र के दो बच्चो के कंधो पर कबाड़ एवं किताब के थैले ने मुझे झकझोर कर रख दिया और इसी से वर्ष 2008 में स्ट्रीट टू स्कूल अभियान का विचार मेरे मन में आया। झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले गरीब एवं अभावग्रस्त भिक्षावृत्ति कबाड़ बीनने वाले शिक्षा से वंचित बच्चो को जोड़ने का कार्य वर्ष 12 अप्रैल 2008 में नवादा स्थिति झुग्गी झोपड़ियों से 25 बच्चो से शुरू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल नि:शुल्क शिक्षा का अभियान आज तीन सेंटरों के माध्यम से लगभग 300 बच्चों को निशुल्क शिक्षा दे रहा है।

**बच्चों ने बाल श्रम एवं भिक्षावृत्ति एक अभिशाप नाटक प्रस्तुत किया**

अशिक्षा नशा एवं अपराध नाटक ,सामूहिक एवं एकल नृत्य एवं गीत संगीत के माध्यम से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इस अवसर पर दर्जनों समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अतिथियों को पटुका एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# गिरजाघरों में पाम संडे मना, मिशन कंपाउंड परिसर में निकाला विजय जलूस

**स्वतंत्र प्रभात**

**मथुरा।** सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च में रविवार को खजूर रविवार ( पाम संडे) मनाया गया। उनके अनुयाईयों ने प्रभु यीशु मसीह के यरुशलम शहर में लौटने की घटना को याद करते हुए गिरजाघरों व अपने घरों को कपड़ों व खजूर से सजाया। मान्यता हैं कि प्रभु यीशु मसीह इस्रायल के सुदूर जंगलों में उपवास जयापन करने के बाद अपने जन्म स्थान यरुशलम, लादू के बच्चे पर सवार होकर राजा के समान वापस आए थे। जिसे विजय प्रवेश भी कहा जाता है। उस समय वहां के निवासियों ने उनका स्वागत उनके मार्ग में अपने कपड़े व खजूर की डालियां बिछाकर किया था। इसी परम्परा का निर्वाहन आज मथुरा में उनके अनुयाईयों ने किया। उनके अनुयाईयों ने आज के दिन चर्च व घरों को खजूर की डालियों से सजाया। चर्च में आराधना से पूर्व मिशन कंपाउंड परिसर में विजय जुलूस निकाला गया। सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च के पास्टर इंचार्ज रेव्ह. श्रीपाल ने कहा कि पाम संडे हमें यीशु की विनम्रता और आज्ञाकारिता की याद



दिलाता है। वह जानता था कि यरूशलेम में प्रवेश करने पर उसे बलिदान किया जाएगा, फिर भी उसने परमेश्वर की इच्छा को स्वीकार किया। इस अवसर पर जैरेश और भजन मंडली ने सुंदर भजन गाकर प्रभु की अराधना स्तुति की। राजमसीह ने भजन प्रस्तुत किया। सीएमसी के मीडिया कोर्डिनेटर व सदभावना फाउंडेशन अध्यक्ष मनीष दयाल ने जानकारी देते हुए बताया कि ईसाई समुदाय में इस हफ्ते को पैशन वीक कहा जाता है। पाम संडे के दिन से ईस्टर तक प्रतिदिन सभी गिरजाघरों में प्रार्थना सभाएं आयोजित की जाएंगी। होली मंडे, होली ट्यूसडे, होली वेडनेसडे, मौन्डी थर्सडे, मनडे, डी गुड फ्राइडे, साइलेंट सैटरडे और फिर इतवार को ईस्टर की विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में संदीप पीटर, एम सोलोमन, हिमांशु, राकेश मसीह, रबैका, जैरेश, विकास, सैमुएल, अभिषेक, रितेश, राजमसीह, रवनीत मैसी, शोभा, बी लाल, आशा एल्बर्ट, अनिल, अरुणा, प्रिंस, रेजी विलियम, अराधना, मधु आदि तथा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# रामचंद्र दास को संतों ने ओढ़ाई महंताई की चादर

**स्वतंत्र प्रभात**

**वृंदावन।** सनातन धर्म पताका का विश्व स्तर पर परचम लहराने के उपलक्ष में जगतगुरु रामानंदाचार्य रामभद्राचार्य के अभिनंदन समारोह के आयोजन शनिवार को धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संतों का विशाल समागम देखने को मिला। समारोह में पंच हरि व्यासी महानिर्वाणी निर्मोही अखाड़ा, ज्ञान गुदड़ी ,छत्तीसगढ़ के महंत गोपी कृष्ण दास द्वारा छत्तीसगढ़ कुंज की चदरपोसी जगतगुरु रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास को की गई । कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध भजन गायक चित्र विचित्र के भजनों से किया गया। इसके पश्चात उपस्थित सभी संतो ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी ने कोटवन में जगतगुरु



रामभद्राचार्य जी के द्वारा राम कथा करने का निवेदन किया। इसके उत्तर में महाराज श्री द्वारा सीधा कहा गया कि जब तक यमुना जी शुद्ध नहीं हो जाती तब तक वे वहां कथा नहीं करेंगे। केवल भाषण देने से काम नहीं चलेगा अब काम करके दिखाना पड़ेगा। उनकी बात को सुनकर उपस्थित संतों ने यमुना मैया का जयकारा लगा दिया। सभी के उद्बोधन के बाद जगतगुरु रामभद्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि राधा रानी उनकी भाभी है। उन्होंने उनसे विनती की थी कि यदि ब्रज में सेवा करवाना है, तो ऐसी व्यवस्था करें कि बृजवासियों की सेवा करने का मौका मिले, तो उन्होंने यमुना जी के किनारे छत्तीसगढ़ कुंज की व्यवस्था कर दी। अब यहां बच्चों की शिक्षा से लेकर संतो की प्रसाद सेवा एवं समाज के हित के लिए विभिन्न प्रकार के कार्य किए जाएंगे जिससे ब्रजवासियों को भी इसका फायदा मिलेगा।

# सुरेश कुमार खन्ना ने किया सनातन फिल्म का मुहूर्त, डायलॉग बोलकर की एक्टिंग

**स्वतंत्र प्रभात**

**शाहजहांपुर ।** जंबोरी टॉकीज प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बन रही फीचर फिल्म श्री का शुभ मुहूर्त तक्षशिला विद्यालय में प्रात: 8:30 बजे प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने किया । इस दौरान श्री खन्ना ने फिल्म का डायलॉग बोलकर एक्टिंग भी की जिसे कलाकारों के साथ शूट किया गया। इस दौरान श्री खन्ना ने कहा कि सनातन पर बन रही यह फिल्म सुपरहिट हो इसके लिए मैं हृदय से कामना कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि सनातन बन रही यह फिल्म बताएगी कि सनातन शस्त्र भी है और शास्त्र भी । सनातन अनंत है । अपने आप में सभी को अंगीकार करने की क्षमता सनातन में है । इससे पूर्व श्री खन्ना के सेट पर पहुंचने पर तक्षशिला विद्यालय के डायरेक्टर राजकुमार खंडेलवाल ,प्रेम खंडेलवाल ,सुभाष शुक्ला ,अर्चित खण्डेलवाल, कौशलेंद्र मिश्र, अभिनय गुप्ता ने माल्यार्पण कर उनका



स्वागत किया ।तत्पश्चात श्री खन्ना ने गणेश प्रतिमा के समक्ष पूजन अर्चन कर नारियल फोड़ कर फिल्म का शुभ मुहूर्त किया ।फिल्म की डायरेक्टर अनुगा खंडेलवाल और creative director सुभाष शुक्ला ने बताया कि सनातन पर बन रही इस फिल्म की शूटिंग शाहजहांपुर के अतिरिक्त मुंबई आदि स्थानों पर भी होगी । उन्होंने बताया कि फिल्म की कहानी भारतीय धर्म ग्रंथो के साथ छेड़छाड़ पर आधारित है । फिल्म के लेखक दिलीप मिश्रा ने कहा कि धर्म ग्रंथो के साथ छेड़छाड़ की लड़ाई को उन्होंने लंबे समय तक लड़ा है यह फिल्म सभी सनातनियों के हृदय में उतरेगी । रिसर्चर एवं आंदोलन में अग्रणी रही संध्या सक्सेना ने कहा कि उन्हें गर्व है कि शाहजहांपुर में उन्होंने जन्म लिया है और आज फिल्म का शुभ मुहूर्त भी शाहजहांपुर में हो रहा है । उन्होंने कहा कि उनके जीवन का सपना था कि यह फिल्म बने और धर्म ग्रंथो के साथ जो छेड़छाड़ हुई है वह लोगों तक जाए और आदि कवि बाल्मिक की शुद्ध रामायण जिसमें कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है वह घर-घर बच्चों तक पहुंचे ताकि हमारा भविष्य समझ सके की असली रामायण मे है क्या । फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे सुमित, अंशिका, पलक जैन ,राघव आदि ने भी अपने-अपने किरदारों के बारे में बताया इस अवसर पर राजकुमार खंडेलवाल ,अरुण खण्डेलवाल और प्रेम खंडेलवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। फिल्म के सभी कलाकार सेट पर उपस्थित रहे जिन्हें कैबिनेट मंत्री ने शुभकामनाएं दी ।